डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹76000 10 ग्राम

₹96000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 76,190.46 | 86.227 |
| -329.92 | -0.204 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

माघ कृष्ण पक्ष 11, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 25 जनवरी 2025, वर्ष-31, अंक-102, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 सिर्फ कप्तान नहीं, मैं लीडर बनना..

## उत्तरकाशी में एक घंटे में दो बार भूकंप, जान-माल का नुकसान नहीं

**देहरादून/उत्तरकाशी (एजेंसी)।** उत्तराखंड के सीमांत जिले उत्तरकाशी में शुक्रवार की सुबह करीब 07:40 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। सीमांत जिले में एक घंटे में दोबार धरती हिली। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई। इस दौरान लोग घरों के बाहर निकल गए। जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। जिला प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

## पीएम मोदी फ्रांस में आयोजित एआई सम्मेलन की सह अध्यक्षता करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस में आयोजित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर आयोजित शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ इसकी सह-अध्यक्षता करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में एक प्रश्न के उत्तर में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फ्रांस के राष्ट्रपति एमैन्युल मैक्रों ने एआई शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री मोदी को निमंत्रण भेजा है। प्रधानमंत्री ने उनका निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। सम्मेलन के विषय में और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के विषय में समय आने पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। ज्ञात हो कि फ्रांस 10 एवं 11 फरवरी को कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। इसमें राष्ट्राध्यक्षों, सरकार के प्रमुखों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों के नेताओं, छोटी और बड़ी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों, गैर सरकारी संगठनों और नागरिक समाज के सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## तेज रफ्तार बाइक ने ली महिला की जान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के करिहार में गुरुवार दोपहर 3:30 बजे एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से रीता देवी (38 वर्ष), पत्नी लक्ष्मण शर्मा की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, रीता देवी अपने मायके करिहार से ससुराल काकेकला लौट रही थीं। टेंपो पर चढ़ने के दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने तुरंत उन्हें मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका रीता देवी अपने पीछे एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गई हैं। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद बाइक सवार मौके का फायदा उठाकर मोटरसाइकिल छोड़कर भागने में सफल रहा। पुलिस ने वाहन को जब्त कर पाटन थाना में रखा है और बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद महिला का शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### स्कूल वैन को स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर, चालक की मौत

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र के शालीमार मार्केट के पास शुक्रवार की सुबह स्कूल वैन को एक पुलिस लिखी स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक बच्चे को हल्की चोट आई, जबकि वैन का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के क्रम में देर शाम में वैन चालक की मौत हो गई। वैन चालक डोरंडा निवासी इमरान बताया जाता है। स्कॉर्पियो की टक्कर से स्कूल वैन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं, बताया जाता है कि स्कॉर्पियो एक आईपीएस अधिकारी का है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। थाना प्रभारी के अनुसार, दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की जांच की जा रही है। इधर, मिली जानकारी के अनुसार, स्कूल वैन की एक कार से टक्कर हो गई थी। इसके बाद दोनों वाहनों के चालकों में बहस हो गई। फिर चालक वैन लेकर तेजी से भाग निकला, लेकिन सामने से आ रही स्कॉर्पियो से टकरा गया।

## जेजेएमपी उग्रवादियों ने टीचर के घर में की तोड़फोड़

**● मामला दर्ज, उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी**

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के तुपूखुर्द गांव में गुरुवार देर रात जेजेएमपी के उग्रवादियों ने पारा टीचर जुगल किशोर सिंह के घर पहुंच कर जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान उग्रवादियों ने पारा टीचर के घर के बाहर नल, बिजली बोर्ड आदि समान में तोड़फोड़ किया। घर के बरामदे में लगे मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर अपने साथ ले गए। इस मामले में भुक्तभोगी पारा टीचर ने सदर थाना में जेजेएमपी उग्रवादियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। उग्रवादियों ने घटना को क्यों अंजाम दिया है, इसकी जानकारी पारा टीचर जुगल किशोर भी नहीं बता पा रहे हैं। पारा टीचर का कहना है कि रात में 10-11 बजे के बीच जेजेएमपी के उग्रवादी आए और दरवाजा खोलने के लिए कहने लगे। दरवाजा नहीं खुलने पर घर के बाहर सामान में तोड़फोड़ की और मोटरसाइकिल ले गए। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामला दर्ज कर लिया गया है। पारा टीचर के घर में जेजेएमपी के बजरंगी उर्फ जितेंद्र सिंह अपने 5-6 दस्ता सदस्य को लेकर पहुंचा था और तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने रात्रि में ही पहुंचकर मामले की जांच की। उग्रवादियों के धर पकड़ के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

# हाईकोर्ट ने नगर निकाय चुनाव कराने के लिए चार महीने का दिया समय

**▶▶ दो सप्ताह में दाखिल करना है शपथ पत्र, अगली सुनवाई 7 को**

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** राज्य में निकाय चुनाव मामले में निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो की ओर से दायर याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग को दो सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए सुनवाई की अगली तिथि सात फरवरी निर्धारित की है। झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई।

कोर्ट ने पिछली सुनवाई में भारत निर्वाचन आयोग से पूछा था कि वह राज्य निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची कब देंगे। सुनवाई के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। साथ ही कहा गया कि यह लेटेस्ट वोटर लिस्ट नहीं है। इस पर कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग को शपथपत्र दाखिल कर यह बताने को कहा कि क्या निकाय चुनाव के लिए यही वोटर लिस्ट का उपयोग किया जा सकता है। पिछली सुनवाई में मुख्य सचिव और नगर विकास सचिव कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए थे। कोर्ट ने राज्य सरकार को नगर निकाय चुनाव करने के लिए चार महीने का समय दिया है। कोर्ट ने तीन सप्ताह में चुनाव कराने के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर सवाल उठाए थे।

### धार्मिक स्थल पर लाउडस्पीकर का उपयोग अधिकार नहीं : हाईकोर्ट

**प्रयागराज (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि धार्मिक स्थल मुख्यतः ईश्वर की प्रार्थना के लिए होते हैं। इसलिए लाउडस्पीकरों के प्रयोग को अधिकार नहीं कहा जा सकता, विशेषकर तब जब ऐसा प्रयोग अक्सर निवासियों के लिए परेशानी का कारण बनता हो। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति दोनादी रमेश की पीठ ने पीलीभीत के मुख्तियार अहमद द्वारा दायर रिट याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में राज्य के प्राधिकारियों को एक मस्जिद पर लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग की गई थी। सरकारी वकील ने इस आधार पर याचिका का विरोध किया कि याची न तो मुतवल्ली है और न ही उसकी मस्जिद है। राज्य की आपत्ति में तथ्य पाते हुए न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ता के पास याचिका दायर करने का अधिकार नहीं है।

### किसी समुदाय की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाना गंभीर मामला : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने जैन धर्मावलंबियों के प्रमुख धार्मिक स्थल पारसनाथ पहाड़ में उनकी धार्मिक आस्थाओं के अनुरूप व्यवस्था बहाल रखने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और राज्य की सरकार को नोटिस जारी किया है। झारखंड हाईकोर्ट ने दोनों सरकारों को याचिका में उठाए गए विषयों पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को मुकर्रर की है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने महाधिवक्ता राजीव रंजन से मौखिक रूप से कहा कि किसी समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस लगना एक गंभीर मामला है। धार्मिक स्थलों को श्रद्धालुओं के लिए संरक्षित रखना चाहिए। यह याचिका जैन संस्था ज्योत की ओर से दाखिल की गई है। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया है कि झारखंड के गिरिडीह जिले में स्थित पारसनाथ पहाड़ देश-विदेश के जैन धर्मावलंबियों का प्रमुख धार्मिक स्थल है। वहां विगत कई वर्षों से शराब एवं मांस की बिक्री हो रही है। यह जैनियों की धार्मिक आस्थाओं और भावनाओं के विपरीत है। इस तीर्थ क्षेत्र का अतिक्रमण भी हो रहा है, जिस पर राज्य सरकार अंकुश नहीं लगा पा रही है। प्रार्थी की ओर से पक्ष रखते हुए वरीय अधिवक्ता डेरियस खंबाटा, अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, खुशबू कटारुका और शुभम कटारुका ने कहा कि राज्य सरकार इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर रही है। इस धार्मिक स्थल पर शराब एवं मांस की बिक्री होने से जैन धर्मावलंबियों की भावनाएं आहत हो रही हैं।

नीति आयोग ने जारी किया राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक

## ओडिशा अव्वल, झारखंड 'अचीवर' बनकर उभरा

**– खनिज प्रधान राज्यों का राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक औरों से बेहतर**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया ने शुक्रवार को नई दिल्ली में नीति आयोग की रिपोर्ट ह्यराजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (एफएचआई) 2025ह्ल को जारी किया। इस अवसर पर नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, नीति आयोग के सदस्य डॉ अरविंद विरमानी, नीति आयोग के सीईओ वीवीआर सुब्रह्मण्यम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। रिपोर्ट में पांच प्रमुख उप-सूचकांकों - व्यय की गुणवत्ता, राजस्व संग्रहण, राजकोषीय विवेकशीलता, ऋण सूचकांक और ऋण स्थिरता के आधार पर 18 प्रमुख राज्यों के राजकोषीय स्वास्थ्य का व्यापक मूल्यांकन प्रस्तुत किया गया है। साथ ही, राज्य-विशिष्ट चुनौतियों और सुधार के क्षेत्रों के बारे में भी जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट में खनिज प्रधान राज्यों का राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक औरों से बहुत बेहतर है। नीति आयोग की पहली राजकोषीय सेहत सूचकांक रिपोर्ट में खनिज से भरपूर ओडिशा, छत्तीसगढ़, गोवा और झारखंड ह्यअचीवरह्ल बनकर उभरे हैं। 67.8 के संचयी स्कोर के साथ ओडिशा 18 प्रमुख राज्यों में राजकोषीय स्वास्थ्य की रैंकिंग में शीर्ष पर है, इसके बाद क्रमशः 55.2 और 53.6 स्कोर के साथ छत्तीसगढ़ और गोवा का स्थान है। उपलब्धि प्राप्त करने वाले राज्यों ने मजबूत राजकोषीय स्वास्थ्य, राजस्व जुटाने, व्यय प्रबंधन और ऋण स्थिरता में उत्कृष्टता प्रदर्शित की है।

राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक में झारखंड ने राजकोषीय विवेक और ऋण स्थिरता को मजबूत किया है। जबकि, कर्नाटक को व्यय गुणवत्ता और ऋण प्रबंधन में कमजोर प्रदर्शन के कारण गिरावट का सामना करना पड़ रहा है। ये अंतरराज्यीय असमानताएं विशिष्ट राजकोषीय चुनौतियों से निपटने और सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए लक्षित सुधारों की आवश्यकता को उजागर करती हैं। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ पनगढ़िया ने रिपोर्ट जारी करते हुए संतुलित क्षेत्रीय विकास, दीर्घकालिक राजकोषीय स्थिरता और विवेकपूर्ण शासन के लिए राज्यों द्वारा **शेष पेज 11 पर**

## आज | कल




## यौन शोषण मामले में स्टेशन मास्टर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद अनुमंडल थाना क्षेत्र से पुलिस ने रेलवे के दो कर्मचारी को यौन शोषण के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। मोहम्मदगंज के स्टेशन मास्टर अमरीश भारतीय व जपला स्टेशन की महिला कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नाबालिग को बहला फुसलाकर यौन शोषण का मामला प्रकाश में आया था। इसके बाद पोस्को एक्ट के तहत दोनों की गिरफ्तारी की गयी है। नाबालिग की मां के जेल जाने के बाद नाबालिग अपने रिश्तेदार के पास रहती थी। रिश्तेदार नाबालिग को अमरेश भारतीय के यहां काम करने के लिए भेजती थी। उसके बाद वह नाबालिग अमरीश भारतीय के यहां रहने लगी। अमरीश भारतीय नाबालिग को बहला फुसलाकर उसका यौन शोषण करने लगा। अमरीश भारतीय के यहां एक अन्य रेलवे कर्मचारी शर्मा प्रसाद भी उसके यहां आने-जाने लगा। नाबालिक की मां जब जेल से बाहर निकली, जिसके बाद इसकी जानकारी मिली। जिसके बाद नाबालिग की मां ने जपला थाने में अमरीश भारतीय, शर्मा प्रसाद व रिश्तेदार पर बुधवार को नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसके बाद पुलिस ने जांच के बाद मामले को सही पाते हुए दोनों को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तीसरे आरोपी शर्मा प्रसाद की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस के वरीय पदाधिकारी ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

## राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति मन्नत के चलते कर रहीं महाकुंभ स्नान



**प्रयागराज।** उद्योगपति नारायण मूर्ति की पत्नी व व्यावसायिक भागीदार तथा राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति महाकुंभ में पहली बार आई हैं। उनका कहना है कि महाकुंभ को टीवी पर ही देखा था। आने के बाद महसूस हुआ कि महाकुंभ में आना बहुत सरल है। यहां भीड़ है, लेकिन व्यवस्था बहुत अच्छी है। तीन दिन से कुंभ में नहा रही हूं। मन्नत थी मेरी। सब घूम कर देखा। बहुत अच्छी खाने की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने बहुत अच्छा अरेंजमेंट किया है। रात में अकेले भी जा सकते हैं। सुधा मूर्ति की मुलाकात उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी हुई। योगी से उन्होंने कहा कि हमारे जीजाजी अमेरिका में उद्योगपति हैं। उनका एक फाउंडेशन है, जो शिक्षकों को ट्रेनिंग देता है। इससे उन्हें नौकरी जल्दी मिल जाती है। योगी ने सुधा मूर्ति से कहा कि वह इसका फायदा यूपी को दिलाएं। इस पर सुधा मूर्ति ने हामी भरी। अब उप्र के शिक्षा विभाग को प्रस्ताव देना है। इससे उप्र के कॉलेज के विद्यार्थियों को अच्छा फायदा हो सकता है।

## वक्फ बिल की जेपीसी बैठक में मचा हंगामा

**एक दिन के लिए निलंबित किए गए 10 विपक्षी सांसद**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक के दौरान हंगामे के बाद शुक्रवार को 10 विपक्षी सांसदों को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया। निलंबित सांसदों में कल्याण बनर्जी, मोहम्मद जावेद, ए राजा, असदुद्दीन ओवैसी, नासिर हुसैन, मोहिबुल्लाह, एम अब्दुल्ला, अरविंद सावंत, नदीमुल हक और इमरान मसूद शामिल हैं। बता दें कि इन सांसदों को समिति से नहीं, केवल आज की बैठक से निलंबित किया गया है। विपक्ष का विरोध इस बात को लेकर है कि 27 जनवरी को क्लॉज बाई क्लॉज चर्चा करने का प्रस्ताव उनके अनुसार सही नहीं है। ज्ञात हो कि वक्फ (संशोधन) विधेयक पर गठित संसदीय समिति 24 और 25 जनवरी को प्रस्तावित कानून पर क्लॉज बाई क्लॉज विचार कर रही है। जेपीसी की बैठक में दोनों पक्षों के बीच हंगामा इस हद तक बढ़ गया कि मार्शल को बुलाने की नौबत आ गई। मिली जानकारी के मुताबिक जेपीसी की बैठक के दौरान टीएमसी के कल्याण बनर्जी और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद **शेष पेज 11 पर**

## इंडिया | गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय झंडे का ध्वजारोहण होगा या फहराया जाएगा?



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

कागज और प्लास्टिक के झंडों को कहीं पर भी लगा देने से या सड़क पर या कूड़े में फेंक देने से क्या जेल हो सकती है ।क्यों राष्ट्रगान या राष्ट्रीय धुन बजने के समय सावधान की मुद्रा में खड़े होना चाहिए ?इन सवालों के जवाब हमें जानना चाहिए क्योंकि यह राष्ट्रीय सम्मान का प्रतीक है ।स्वतंत्रता और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक तिरंगे का सम्मान और नियम । 26 जनवरी को ध्वजारोहण किया जाएगा या झंडा फहराया जाएगा ?जिस अवसर पर यदि राष्ट्रगान या धुन बज रही हो तो तुरंत सम्मान में सावधान की मुद्रा में खड़े हो जाना चाहिए । यह सामान्य छुट्टी मनाने का दिन नहीं इसलिए किसी न किसी झंडोत्तोलन में परिवार के साथ अवश्य भाग लेना चाहिए जो उन जाने अनजाने स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान होगा । तिरंगा सिर्फ झंडा मात्र नहीं भारत की स्वतंत्रता और सम्मान का प्रतीक है। सेना इसके लिए जान की बाजी लगा देती है । जिन्होने भारत पाकिस्तान की सीमा में बाघा बॉर्डर में ध्वजारोहण या शाम की लगभग 35 मिनट की राष्ट्रीय ध्वज को ससम्मान उतारने की भव्य परेड देखी हो वे जीवनभर इस रोमांच को नहीं भूल पाएंगे । हर घर तिरंगा अभियान ने हर व्यक्ति को मौका दिया कि वे अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहरा सके। इसे फहराते समय जितना सम्मान दिया जाता है, उतना ही उतारते समय भी दिया जाना चाहिए। तिरंगे को समेटने का नियम है सबसे पहले तिरंगे को दो व्यक्ति पकड़ेंगे। उसके बाद सबसे पहले हरे रंग वाली पट्टी को मोड़ा जाएगा। फिर केसरिया रंग की पट्टी को हरे रंग की पट्टी पर समेटने के बाद दोनों व्यक्ति अपनी-अपनी ओर तिरंगे को फोल्ड करेंगे। ऐसा करने पर अशोक चक्र उपर की ओर आ जाता है। इस तरह से तिरंगे को समेटना चाहिए। कागज के झंडे का चलन बहुत है कई लोग सड़कों पर या कूड़े में इसे फेंक देते हैं जो जो राष्ट्रीय ध्वज का अपमान है। फ्लैग कोड के मुताबिक देश के झंडे का संपर्क किसी भी हालत में जमीन या पानी से नहीं होना चाहिए। अगर यह किसी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है तो इसे एकांत में जलाकर नष्ट कर देना चाहिए। कोई व्यक्ति राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करते, इसे जलाते, दूषित करते, कुचलते या नियम विरुद्ध



ध्वजारोहण करते पाया जाता है तो उसे तीन साल की जेल या जुमार्ना देने का दंड मिल सकता है। कई देशविरोधी शक्तियां या संगठन तिरंगे को जलाकर या अपमानित कर भारत को नीचा दिखाने का प्रयास करते हैं जिसकी तीखी प्रतिक्रिया होती है । एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि 15 अगस्त को ध्वजारोहण किया जाता है और 26 जनवरी को तिरंगा फहराया जाता है। ध्वजारोहण और झंडा फहराने के बीच एक बड़ा अंतर है। जब तिरंगे को नीचे से रस्सी के माध्यम से खींचकर फहराया जाता है, तो इसे ध्वजारोहण कहते हैं। लेकिन 26 जनवरी में तिरंगा ऊपर ही बंधा होता है, जिसे पूरा खोलकर फहराया जाता है। इसे झंडा फहराना कहते हैं।तिरंगा फहराने के सही तरीकों और इसके अपमान पर सजाओं का उल्लेख फ्लैग कोड ऑफ इंडिया 2002 में है । इसके अपमान से जुड़ी कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट्स टू नेशनल ऑनर एक्ट, 1971 कानून के तहत की जाती हैं। 26 जनवरी 2002 के फ्लैग कोड के नियम 2.2 के मुताबिक, कोई भी व्यक्ति, संस्था, शैक्षिणिक संस्थान और निजी-सरकारी संस्थान तिरंगा झंडा को सम्मान के साथ किसी भी दिन या किसी भी अवसर पर फहरा सकते हैं। भारतीय झंडा हाथ से काते गए, हाथ से बुने गए ऊनी/ सूती/ सिल्क/ पॉलिस्टर या खादी के कपड़े से बना होना चाहिए। झंडे की लंबाई और चौड़ाई का अनुपात 3:2 ही होना चाहिए। यानी भारतीय झंडा एक वर्ग के आकार में न होकर आयत होना चाहिए। इससे पहले मशीन से बने और पॉलिस्टर से बने राष्ट्रीय ध्वज के उपयोग की अनुमति नहीं थी। नियमों के अनुसार, राष्ट्रीय ध्वज में किसी तरह की तस्वीर, पेंटिंग या फोटोग्राफ का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। फटा हुआ और मैला झंडा प्रदर्शित नहीं कर सकते। ध्वज के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए। इसे झुका कर नहीं रखना चाहिए। जहां तिरंगा फहराया जा रहा है, वहां यह सबसे ऊपर होना चाहिए। यानी इसके साथ कोई और झंडा इससे ऊंचा नहीं होना चाहिए। जिस भी खंभे या स्तंभ पर झंडा लगा हो उस पर किसी तरह का विज्ञापन नहीं होना चाहिए। यानी राष्ट्रीय ध्वज का प्रयोग व्यावसायिक प्रयोजनों के लिए नहीं किया जा सकता है।भारतीय ध्वज संहिता, 2002 को 20 जुलाई 2022 के संशोधन के बाद जहां ध्वज खुले में प्रदर्शित किया जाता है या किसी नागरिक के घर पर प्रदर्शित किया जाता है, वहां इसे दिन-रात फहराया जा सकता है। जबकि पहले तिरंगे को सूर्योदय से सूर्यास्त तक लगाने की अनुमति थी।

## हर वर्ष 2 लाख से ज्यादा लोग छोड़ रहे भारतीय नागरिकता

**▶▶ विदेश जाने वाले भारतीय छात्रों में से 60 से ज्यादा नहीं लौटते हैं देश**

**▶▶ इटली, आयरलैंड, पराग्वे, अर्जेंटीना जैसे देशों में दोहरी नागरिकता के प्रावधान**

– ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय बड़ी संख्या में भारत छोड़कर अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, यूके, जर्मनी, थाईलैंड, सिंगापुर, मलेशिया, पेरू, नाइजीरिया, जांबिया, चीन ,पाकिस्तान सहित 135 देशों में में बस रहे हैं। आखिर कारण क्या है कि इन देशों में गए भारतीय अपनी भारत की नागरिकता छोड़ रहे हैं? हालत यह है कि वर्ष 2023 में भारतीय नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या 2 लाख के पार हो गई, जो वर्ष 2024 में उससे भी बढ़ गई। केवल कोरोना महामारी के दौरान इसमें गिरावट आई थी, लेकिन उसके बाद से ये लगातार बढ़ रही है। अब तो हालत यह है कि मोदी के घनिष्ठ मित्र डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के फिर राष्ट्रपति बनते ही जिस तरह से अमेरिका में आने वाले या वहां काम करने वालों के बच्चे पैदा होने पर उनको अमेरिका की नागरिकता नहीं देने की मुहिम शुरू की है, गैरकानूनी तरीकों से अमेरिका आकर रहने वालों को बाहर निकालने का अभियान शुरू किया है, उससे न केवल अमेरिका बल्कि भारत में भी बहुत से लोग सब कुछ अधर में लटक जाने की स्थिति में तनाव में दिन बिताने लगे हैं। फिलहाल यह देखते हैं कि विदेश में ऐसे तमाम दुश्वारियों के बावजूद भारतीय क्यों भारत की अपनी नागरिकता **शेष पेज 11 पर**

## जिला स्तरीय पंचायत सशक्तिकरण कार्यशाला

# पहले खुद को मजबूत करें, तभी समाज मजबूत होगा: किशोर



### मंत्री ने अधिकारियों के साथ मलय डैम का आनंद लिया

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, उपायुक्त शशि रंजन, उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन सहित अन्य अधिकारियों के साथ मलय डैम में वोटिंग का आनंद उठाया। मंत्री से मलय डैम को और अधिक विकास करने की बात कही।

### सुदूरवर्ती इलाकों के समस्याओं का समाधान होगा: उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** शिक्षा ही विकास की जड़ है। अगर आप लोग का थोड़ा सा भी सहयोग रहा तो झारखंड का नंबर वन जिला पलामू को बना दूंगा। ये बातें वित्त, वाणिज्य कर, योजना एवं विकास, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने प्रखंड के मुरमा मलय डैम जलाशय में आयोजित जिला स्तरीय पंचायत सशक्तिकरण कार्यशाला को बौतर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि यहां की बच्चियां शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाती, क्योंकि उनके माता-पिता की आर्थिक स्थिति कमजोर होती है। जहां शिक्षा ही नहीं वहां विकास कैसे होगा। उन्होंने अबुआ आवास के लाभुकों को सीरियल नंबर से ही आवास देने का निर्देश अधिकारियों को दिया। कहा कि पहले खुद को मजबूत करें तभी समाज मजबूत होगा। कोई भी कम सोच विचार कर करें, क्योंकि बाजार में जब हम सब्जी लेते हैं तो तोलमोल कर लेते हैं। इस तरह यह जिम्मेदारी होती है कि हर कार्य में सोच समझ कर करें। मुखिया मतलब बहुत कुछ अपनी जिम्मेदारी को बखूबी समझे। उन्होंने सिविल सर्जन सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में कुछ दवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, जिससे छोटी-छोटी बीमारी दूर हो । उपायुक्त व सिविल सर्जन ने कहा इस पर जल्द विचार कर दवा हर आंगनवाड़ी केन्द्र में उपलब्ध कराया जाएगा। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि यह जनप्रतिनिधियों का कार्यशाला है। अगली बार से जनता के लिए हर तीन माह में यह कार्यशाला रखा जाएगा, ताकि जनता को अपनी बात रखने का मौका मिले। सुदूरवर्ती इलाकों के समस्याओं का समाधान होगा। खासकर मुखिया के लिए सारी सुविधाएं मिलेगी, ताकि वह लोगों की हर समस्याओं का समाधान कर सकें। दो कदम हम लोग चले दो कदम आप लोग चले तभी पलामू जिला का विकास होगा। इस सरकार में बहुत सारी योजना को धरातल पर उतारा जा रहा है। धावाडीह मुखिया रिंकी यादव ने कहा कि हमारे यहां नल जल योजना चल रही है, वह पूरी तरह से फेल है, क्या इसका कोई समाधान है। हमारी बातों को कोई नहीं सुनता है और न ही अमल किया जाता है। इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, डीडीसी शब्बीर अहमद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टटू सिंह, सतबरवा सीओ सह बिडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, प्रमुख रीमा देवी, जिप सदस्या सुधा कुमारी, मुखिया अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम, निरमा कुमारी, मनिता देवी, कलावती देवी, संतोष उरांव, जिप सदस्य, प्रमुख, उप पमुख मुखिया, पंचायत समिति समेत दर्जनों जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जयंती पर याद किए गए भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को शहर के अनुमंडल कर्पूरी मैदान में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयन्ती पर लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान एसडीओ गौरांग महतो, अंचलाधिकारी पंकज कुमार, बीडीओ सुनील वर्मा समेत राजद व झामुमो समेत कई राजनीतिक दल व सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर एसडीएम गौरांग ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर केवल बिहार के सीएम नहीं, बल्कि एक कुशल राजनीतिज्ञ व जन नेता थे। आज देश के समाजवादी नेताओ में सर्वश्रेष्ठ थे, उनके कुशल नेतृत्व के कारण गरीब गुरबों और पिछड़े समाज में व्यपाक राजनीतिक व सामाजिक विकास हुआ था। हम सब को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार,ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, राजद प्रदेश महासचिव रवि कुमार यादव, मदन पासवान, अनुमंडलीय अध्यक्ष खुर्शीद खां, झामुमो नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान,शम्मू हुसैन,जाकिर अली उर्फ राज अली, प्रखंड अध्यक्ष सुदेश्वर राम, कामाख्या सिंह, कलामुद्दीन खा, अब्बास अंसारी, अशोक ठाकुर, डॉ.एजाज आलम, शक्ति पासवान, शिव शंकर यादव, रिजवान खान, उदय सोनी, सुदेश्वर राम,दिनेश पासवान, रंजीत चंदेल समेत कई लोग मौजूद थे।

### तीन आरोपी के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया

**नौडीहा बाजार।** एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने उज्जवल जी उर्फ हरिवंश जी उर्फ हरिवंश गंझू उर्फ विनय गंझू पिता सारीहुली गंझू पता लूपु गढ़ा थाना कुंदा जिला चतरा के घर इश्तेहार चिपकाया। इसी तरह निशांत जी उर्फ प्रशांत जी पिता सुदेश प्रसाद यादव पता चोरीताड़ थाना छकरबंधा जिला गया बिहार, आरिफ जी उर्फ शशिकांत उर्फ सुदेश जी उर्फ सुरेश जी पिता हीरा सिंह पता कैदल थाना मनातू जिला पलामू के घर एसआई आशीष कुमार ने स्थानीय थाना के सहयोग से ग्रामीणों की उपस्थिति में ढोल नगाड़ों बजाकर इश्तेहार चिपकाया।

## एक नजर

### बेटी के साथ मां लापता

**हुसैनाबाद।** 15 जनवरी को सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस से जपला से रांची अपने मायके गयी महिला नसीमा बीवी सात वर्षीय बेटी के साथ लापता है। महिला नसीमा बीवी ने पति को अंतिम बार रांची पहुंचने पर फोन कर बताया था कि वह रांची पहुंच गई है। मगर उसके बाद आज तक न तो उसका फोन चालू हुआ न ही वह घर या मायके पहुंची। महिला का मोबाइल फोन लगातार ऑफ मिल रहा है। परिजन परेशान है। उन्होंने जपला ,गढ़वा रोड डालटनगंज समेत अन्य रेलवे स्टेशनों के अलावा रांची में भी पता किया। दोनों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिजनों द्वारा इसकी लिखित जानकारी हुसैनाबाद थाना को भी दी गई हैं।

### 105 बच्चों में स्कूली ड्रेस किट बंटा, खुशी

**मोहम्मदगंज।** पीएमश्री अप ग्रेडेड प्लस टू हाई स्कूल के पहली और दूसरी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के बीच शुक्रवार को स्कूल ड्रेस किट का वितरण किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार मेहता ने स्कूली ड्रेस किट का वितरण करते हुए बच्चों को इसका नियमित उपयोग करने की नसीहत दी। साथ ही शिक्षकों को इसे सुनिश्चित करने की हिदायत दी। प्रधानाध्यापक सह सचिव राकेश कुमार सिंह ने बताया कि 105 बच्चों में स्कूली ड्रेस किट बांटे गए हैं। अन्य कक्षाओं के बच्चों को इसके लिए उनके बैंक खाते में राशि उपलब्ध करा दी जाती है। इस मौके पर प्रबंधन समिति के सदस्य सिद्धार्थ कुमार के अलावा शिक्षक प्रतिनिधि कांति रमन सिंह, रिजवान शाहिद, रामनाथ राम, संयोजिका रीता देवी और शिक्षक हेमंत कुमार व अन्य कई उपस्थित थे।

# राजहरा में नील गाय की मौत, किया गया अंतपरीक्षण, मामला संदिग्ध

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर पीतांबरपुर।** गुरुवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में कुंदरी वन परिक्षेत्र अंतर्गत पंचायत राजहरा के लालीमाटी गांव में सड़क किनारे खेत में नीलगाय की मौत हो गई। शुक्रवार सुबह वन विभाग को सूचना मिली। वन विभाग ने पोस्टमार्टम कराने के बाद नीलगाय के शव को गड्ढा खुदवाकर दफन करा दिया। गांव के लोगों ने नीलगाय की मौत को संदिग्ध बताया। पोस्टमार्टम करने वाले प्रखंड भ्रमणशील पशु चिकित्सक डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि नील गाय के शरीर पर किसी भी तरह के जले अथवा जख्म के निशान नहीं मिले। नीलगाय के कान से रक्तस्राव हो रहा था एवं मुंह से झाग निकला हुआ था। नीलगाय का अंत परीक्षण कर उसके पेट के अंदर के कुछ पार्ट को सैंपल के



रूप में लेकर रांची भेजा जा रहा था। नीलगाय को जहर खाने की आशंका है। उन्होंने बताया मृत नर नील गाय की उम्र दो साल हैं। वन क्षेत्र पदाधिकारी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार कर वन अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर विभिन्न बिंदुओं को जांच में जुट गई है। मौके पर वनरक्षक दीनानाथ शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत टीम ने बनने वाली नई सड़कों का किया मूल्यांकन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के बभंडी पंचायत के गोल्हना गांव में ग्रामीण विकास विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की टीम ने सर्वे किया। टीम ने इस योजना से नई सड़क निर्माण को लेकर मूल्यांकन किया है। इसके निर्माण से क्षेत्र की सड़क अवसंरचना में सुधार व स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में वृद्धि और आर्थिक विकास में सहयोग मिलेगा। सर्वे के दौरान युवा सामाजिक युवा कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा, ग्रामीण कुश सिंह, गोरख सिंह के नेतृत्व में टीम ने कुल सड़क लंबाई 1. 400 किलोमीटर दूरी में निर्माण निर्धारित की है। टीम ने बताया कि सड़क की चौड़ाई 18 फीट होगी, जिसका निर्माण कार्य मार्च 2025 में शुरू होने की संभावना है। इससे स्थानीय लोगों




को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों भी बढ़ सकती हैं। इस निर्माण के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित किए जाने के बाद ग्रामीणों को अधिक लाभ के साथ उनकी जीवनशैली में भी सुधार आयेगा। सर्वे टीम ने कहा कि इस परियोजना में समग्र विकास के लिए उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग और निर्माण कार्य के दौरान मानकों का पूरी तरह से पालन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण होने पर क्षेत्र के लोगों को सुविधा के अलावा कनेक्टिविटी और अवसंरचना में सुधार देखने को मिलेगा, जो क्षेत्र के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होगा।

## न्यूज बॉक्स

### गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल कार्यालय सभागार में भूमि सुधार उपसमाहर्ता सह एसडीओ गौरांग महतो की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस पर आयोजित बैठक में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया है। इसमें सिटी के विभिन्न चौक चौराहों पर स्थापित वीर सपूतों की प्रतिमा पर भी झंडोत्तोलन होगा। इसमें जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर प्रातः 7.00 बजे अनुमंडल गोपनीय शाखा 7.10, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोपनीय शाखा 7. 15, वीर कुंवर सिंह प्रतिमा 7. 20, अनुमंडल कार्यालय 7. 25, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय 7. 30, अधिवक्ता संघ कार्यालय 7. 35, जवाहर नवोदय विद्यालय टू 7.40, मुन्नी सिंह चौक 7.45 ,निबंधन कार्यालय 7. 55 बजे झंडोत्तोलन होगा। वहीं प्रखंड कार्यालय 8. 10, व्यापार मंडल 8. 20, हरिहर चौक 8.30 क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय 8. 40, प्रखंड प्रसार शिक्षा पदाधिकारी उतरी 8:45, नगर पंचायत कार्यालय 8. 50, पटेल चौक 9. 00, पुलिस निरीक्षक अंचल में 9.10, हुसैनाबाद थाना 9.15, महिला थाना 9.20, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 9. 25 बजे ध्वजारोहन करने का निर्णय लिया गया है। वहीं गांधी चौक पर 9. 35, अंबेडकर चौक 9. 45, जय प्रकाश चौक 9.50,छोटानागपुर खादी ग्रामोद्योग 10.10,दिनेश सिंह चौक 10. 15 और हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में 10. 25 के बाद अनुमंडलीय प्रागंण में 10. 35 बजे झंडोत्तोलन किया जायेगा।

## जीसीपीए कॉलेज में वार्षिकोत्सव व खेलकूद का आयोजन

# खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है: प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** नगर पंचायत के सड़मा स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में वार्षिकोत्सव खेलकूद का आयोजन एक सप्ताह तक चला। इस दौरान छात्रों ने कुर्सी रेस, कैरम, लूडो, बैडमिंटन, कबड्डी, फुटबॉल, क्रिकेट प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आगामी गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के अवसर पर कॉलेज प्रबंधक द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। प्राचार्य प्रो. राजकिशोर लाल ने कहा कि खेल सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य को नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक विकास को भी सशक्त बनाता है। यह छात्रों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को अपने कौशल को प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट अवसर दिया है। उन्होंने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



### क्रिकेट में आकाश टीम' ने मारी बाजी

आयोजन के अंतिम दिन क्रिकेट का जबरदस्त मुकाबला हुआ, जिसमें 'अकास टीम' विजेता घोषित हुई। रोमांचक मैच में अंपायर की भूमिका सफल कुमार और सतेंद्र कुमार ने निभाई, जबकि प्रो. अमित कुमार सिंह ने कॉमेंट्री किया। मैच में आकाश की टीम ने 12 ओवर में 123 रनों की पारी खेली, वहीं निरंजन की टीम ने 12 ओवर में 61 रन ही बना पायी। आकाश टीम ने 62 रनो से बढ़त बना कर जीत हासिल की। वार्षिकोत्सव खेलकूद आयोजन को शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से संपन्न कराने में खेल प्रभारी प्रो. रोहित कुमार, सहयोगी मुन्नी देवी, अंजलीना खाखा, सफल कुमार मेहता, जलेश्वर गुप्ता, पंचम कुमार की रही। साथ ही कॉलेज के सभी कर्मचारियों ने भी आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र-छात्राओं को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मान प्राप्त करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### एके सिंह कॉलेज में नेताजी की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनायी गयी

**हुसैनाबाद।** एके सिंह कॉलेज जपला में राष्ट्रीय सेवा योजना के नेतृत्व में नेताजी सुभाषचंद्र बोस के 129 वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई ।कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सूर्यमणि सिंह, एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह, एसीएस डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा, नामांकन प्रभारी प्रोफेसर सुधीर कुमार सिंह, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राहुल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से सुभाष चंद्र बोस के चित्र के समक्ष दीप जलाकर व पुष्पार्चन के साथ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने की। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साहस, देशभक्ति और कुशल नेतृत्व क्षमता का प्रत्यक्ष उदाहरण देश के स्वतंत्रता संग्राम में देखने को मिला है।

## राष्ट्रीय पर्यटन दिवस

### पर्व त्योहारों पर लगता है सैलानियों का जमावड़ा

# ऐतिहासिक धरोहर व दर्शनीय स्थलों को टूरिज्म कोरिडोर बनाने की जरूरत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** महाभारत काल की ऐतिहासिक धरोहर भीम चूल्हा के पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किए जाने के बाद इस क्षेत्र के अन्य सुंदर और मनभावन स्थलों का टूरिज्म कोरिडोर बनाने की जरूरत है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसा होने से इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन और व्यावसायिक विकास होगा। उन्होंने पर्यटक विकास के दृष्टिकोण से भीम चूल्हा के साथ टूरिज्म कोरिडोर में काशीस्रोत डैम, सीताचुआं, लकड़ही पहाड़ी पर अवस्थित दो छोटे पत्थरों पर टिका आकर्षक विशालकाय चट्टान, भौंराहा पर्वत श्रृंखला के मध्य बना पर्वतीय निरीक्षण भवन (अब खंडहर), स्थानीय कोयल-काशीस्रोत व पंसा



में कोयल-सोन संगम स्थल, अन्हरहुआं, लिखलाही और पड़वा पहाड़ों सहित अन्य स्थलों को शामिल करने की जरूरत बताया है। उन्होंने कहा कि इनमें से भीमचूल्हा, काशीसोत डैम, कोयल-सोन संगम स्थल, सीताचुआं और भौंराहा पर्वतीय निरीक्षण भवन क्षेत्र में साल के अंतिम दिनों और नव वर्ष पर बड़े पैमाने पर आसपास और बाहर के आए सैलानियों का जमावड़ा लगता है। भीमचुल्हा का पर्यटन विकास से मकर संक्रांति के मेले में दूर-दूर से लोग पहुंचने लगे हैं। पंसा के सूर्य और शिव मंदिर के पास कोयल-सोन संगम स्थल को भी मेला को लेकर लोकप्रियता मिली है। इस क्षेत्र के कई बड़े मंदिरों की श्रृंखला भी श्रद्धालुओं की आस्था और आकर्षण के केंद्र हैं। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि सांसद वीडी राम ने भौंराहा पर्वतीय निरीक्षण भवन के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र होने की जानकारी के सूर्खियों में आने के बाद इसके खंडहर का कायाकल्प कराने की दिशा में कदम उठाया है। उन्होंने भीमचूल्हा का टूरिज्म कोरिडोर बनाने को लेकर इस क्षेत्र के अन्य दर्शनीय और आकर्षक स्थलों से सांसद को अवगत कराने की बात कही है।




### स्थानीय रोजगार और पर्यटन को बढ़ावा देने वाली परियोजना का उद्घाटन

# केचकी संगम इको रिट्रीट: पलामू टाइगर रिजर्व की नई पहचान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में ₹केचकी संगम इको रिट्रीट₹ परियोजना का भव्य उद्घाटन शुक्रवार को वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा किया गया। इस अवसर पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, फील्ड डायरेक्टर कुमार आशुतोष, उप निदेशक प्रजेश जेना और केचकी ईडीसी (ईको डेवलपमेंट कमेटी) के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



#### स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार और प्रशिक्षण

मंत्री ने परियोजना के तहत निर्मित आलीशान कॉटेज और टेंट का निरीक्षण किया और कार्य की गुणवत्ता की सराहना की। इस परियोजना को खास बनाते हुए स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं। ईडीसी के 40 परिवारों को ताज विवांता, जमशेदपुर में पेशेवर प्रशिक्षण देकर परियोजना संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। यह कदम स्थानीय लोगों की आजीविका को बढ़ाने और उनके कौशल विकास में सहायक साबित हो रहा है।

#### पर्यटकों के लिए खास सुविधाएं

'केचकी संगम इको रिट्रीट' पर्यटकों को कैफेटेरिया, कैंपिंग, बोन फायर और नेचर ट्रेल जैसी अनूठी सुविधाएं प्रदान करता है। यह पीटीआर के इको-टूरिज्म सर्किट में नेतरहाट से मंडल तक के पर्यटन को समृद्ध कर रहा है।

#### संरक्षण और जागरूकता का संदेश

इस परियोजना का उद्देश्य न केवल स्थानीय रोजगार बढ़ाना है, बल्कि वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। ग्रामीणों, स्थानीय निवासियों, प्रेस कर्मियों और पीटीआर की टीम की उपस्थिति में यह आयोजन सफल रहा। उप निदेशक प्रजेश जेना ने बताया कि यह पहल न केवल राज्य के भीतर बल्कि बाहरी पर्यटकों को भी प्राकृतिक सुंदरता और रोमांचक अनुभव का अवसर प्रदान करती है, जो पलामू टाइगर रिजर्व को पर्यटन के एक नए आयाम है।

### अवैध अफीम खेती के खिलाफ मनातू पुलिस का फ्लैग मार्च, ग्रामीणों को किया जागरूक

**मनातू।** थाना क्षेत्र के ग्राम मीटर में अवैध अफीम खेती के खिलाफ मनातू पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस ने ग्रामीणों को अवैध अफीम की खेती के दुष्प्रभाव और इसके कानूनी परिणामों के प्रति जागरूक किया। पुलिस ने कड़े शब्दों में हिदायत दी कि जो ग्रामीण अवैध रूप से अफीम की खेती कर रहे हैं, वे इसे तुरंत नष्ट कर दें। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मनातू पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे इस तरह की अवैध गतिविधियों से दूर रहें और नशामुक्त समाज बनाने में पुलिस का सहयोग करें। पुलिस का कहना है कि इस अभियान को सफल बनाने में आम जनता का समर्थन बेहद जरूरी है। पुलिस का यह कदम न केवल नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने में सहायक है, बल्कि क्षेत्र में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में भी अहम पहल है।

# झामुमो का सदस्यता अभियान: सभी वर्गों का समर्थन जुटाने की पहल




### पलामू में डेढ़ लाख नए सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य, महिलाओं की भी बड़ी भागीदारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने पलामू जिले में बड़े स्तर पर सदस्यता अभियान की शुरूआत की। यह अभियान छह मुहान चौक पर जिला संयोजक प्रमुख राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में शुरू हुआ। पार्टी ने झारखंड में 50 लाख नए सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा है, जिसमें पलामू में 1.5 लाख नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की लोकप्रियता के चलते पार्टी से जुड़ने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि पार्टी की योजनाओं, जैसे 'मईया सम्मान' और 'अबुआ आवास', ने जनता का विश्वास जीता है। खासकर महिलाएं झामुमो की नीतियों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में सदस्य बन रही हैं।

उन्होंने कहा कि पलामू में सभी वर्ग, जाति और धर्म के लोग झामुमो के प्रति अपना विश्वास जता रहे हैं। हमारा यह अभियान आगामी चुनावों में पार्टी को और सशक्त बनाएगा।

इस मौके पर बालकिशुन उरांव, संजीव तिवारी, सन्नू सिद्दीकी, सुनील तिवारी, सुशीला मिश्रा सहित दर्जनों नेता मौजूद रहे। पार्टी ने प्रखंड, पंचायत और वार्ड स्तर तक अभियान को सफल बनाने की योजना बनाई है।

# गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, में स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में प्रो. डॉ. रणविजय सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर कॉलेज के सभी प्रोफेसर और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**स्पोर्ट्स क्लब का कुशल नेतृत्व :** टूर्नामेंट का आयोजन स्पोर्ट्स क्लब प्रभारी प्रो. प्रकाश उरांव और प्रो. महेंद्र मरांडी के नेतृत्व में किया जा रहा है। आयोजकों ने कहा कि यह टूर्नामेंट छात्रों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने और उनके व्यक्तित्व विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

**खेलों में उत्साहपूर्ण भागीदारी :** टूर्नामेंट में क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, शतरंज, खो-खो, मैराथन, डेडलिफ्ट और लॉन्ग जंप जैसे कई खेलों का आयोजन किया जा रहा है। लड़कियों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और अधिक विशेष बना दिया है। यह स्पोर्ट्स टूर्नामेंट 24 से 28 जनवरी 2025 तक चलेगा। पहले दिन बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और इसे अपने विकास के लिए एक बेहतरीन अवसर बताया। छात्रों का कहना है कि ऐसे आयोजन से फिटनेस, अनुशासन और खेल भावना का विकास होता है। कॉलेज प्रशासन ने सभी छात्रों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने और इसे सफल बनाने की अपील की है। छात्रों का उत्साह इस आयोजन को खास बना रहा है।

# गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर पुलिस कप्तान ने किया अंतिम पूर्वाभ्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 76वां गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी को पुलिस लाइन फील्ड में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशिभूषण और पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन ने संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन, राष्ट्रगान और परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान सार्जेंट मेजर और सार्जेंट ने पूर्वाभ्यास का नेतृत्व किया। उपायुक्त ने समारोह स्थल की साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था, बिजली सहित अन्य तैयारियों का निरीक्षण किया।




उपायुक्त ने जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि इस बार समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर होंगे। उन्होंने अन्य गणमान्य लोगों को भी समारोह में भाग लेने का आग्रह किया। उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील की कि वे इस गणतंत्र दिवस पर समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लें। इस वर्ष प्रशासन द्वारा 18 आईएएस अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही, जिला के 50 उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, समारोह में पलामू की विशेष झांकी भी प्रदर्शित की जाएगी, जिसे देखने के लिए सभी को आमंत्रित किया गया है। पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन ने परेड और अन्य तैयारियों का जायजा लिया और सभी प्लाटून को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि परेड में आईआरबी, जैप, एनसीसी, कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं और अन्य प्लाटून ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। गणतंत्र दिवस को लेकर पलामू पुलिस पूरी तरह से तैयार है। समारोह को भव्य और सुरक्षित बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इस अवसर पर जिला उप विकास पदाधिकारी, एएसपी, एसडीपीओ और अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई

**चैनपुर।** भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर नाई महासभा, अखिल भारतीय नाई महासंघ, और अन्य संगठनों द्वारा भव्य समारोह का आयोजन किया गया। चैनपुर स्थित टेम्पो स्टैंड में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर नाई महासभा और महासंघ के सदस्यों के साथ-साथ संत मैरियम स्कूल के निदेशक और माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव, विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी अजय सिंह चेरो, प्रदेश अध्यक्ष विजय ठाकुर, महानगर अध्यक्ष धनंजय ठाकुर, नगर कोषाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, नगर उपाध्यक्ष मनजीत ठाकुर, पूर्व मुखिया प्रेम प्रकाश ठाकुर सहित शैलेश ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, मनोज ठाकुर, सत्य प्रकाश ठाकुर, पप्पू ठाकुर, अरविंद ठाकुर, हरि नारायण ठाकुर, गंगा ठाकुर, परमेंद्र ठाकुर, और अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




PR No. 345067 (Jharkhand Education Project Council) 2024-25
झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची

## एक नजर

### उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी समस्याएं

**गढ़वा ।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शेखर जमुआर ने समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में 25 आवेदन प्राप्त हुए, जिसे उपायुक्त ने सभी आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी के पास भेज प्राथमिकता के आधार पर जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में उपायुक्त ने लोगों की समस्याओं को एक-एक कर सुना। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी एवं कर्मी लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का प्रयास करें,ताकि जिला प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास बना रहे। जनता दरबार में आवास योजना, बैंक से संबंधित मामले, स्वास्थ्य, वृद्धा पेंशन, जमीन, राशन, पानी आदि से संबंधित मामलों से लोगों ने उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने टेलीफोन के माध्यम से कई अधिकारियों से बात कर तुरंत मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया।

### दुर्घटना में दो बच्चे घायल

**भवनाथपुर।** बाजार स्थित सद्भावना अस्पताल के समीप मोटरसाकिल के धक्का से दो स्कूली छात्र घायल हो गए। घायला अवस्था में स्थानीय लोगों द्वारा भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों में शिवम सोनी एवं कृति कुमारी दोनो पिता राजू सोनी भवनाथपुर बाजार निवासी शामिल है। घटना के संबंध में लोगों ने बताया कि दोनों बच्चे स्कूल जा रहे थे, पीछे से दूध व्यापारी राजनाथ यादव पिता रामरूप यादव कुपा निवासी सद्भावना अस्पताल के समीप बच्चा दौड़ने से बच्चों को धक्का मार दिया। दोनो घायल बच्चों को इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

### छात्रों के बीच साइकिल का वितरण

**मझिआंव।** प्रखंड कार्यालय सभागार में झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा छात्रों के बीच साइकिल वितरण किया गया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय पुराहे में सात साइकिल, मध्य विद्यालय दवनकरा 19 साइकिल, भूसुवा विधालय में 13 साइकिल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुबेतहले विद्यालय में 15 साइकल छात्रों के बीच वितरण किया गया। मौके पर मौजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी कनक ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने का सीहत दी। साइकिल वितरण के दौरान कुछ बच्चे स्कूल ड्रेस में नहीं आए थे, जिसे प्रखंड विकास पदाधिकारी कनक के द्वारा बिना ड्रेस में आए बच्चों नाराजगी प्रकट की। साथ शिक्षक को कहा कि जो बच्चे बिना ड्रेस में आए हैं उन्हें साइकिल क्यों दिला रहे हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बिना ड्रेस आए बच्चों को साइकिल वापस कर दिया गया। बीडीओ ने कहा की साइकल वितरण योजना का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है। झारखंड सरकार कल्याण विभाग द्वारा बच्चों को स्कूल तक पहुंचाना हैं। कल्याण विभाग द्वारा बच्चों को साइकिल मिलने पर, बच्चों के चेहरे पर खुशी देखी गई। मौके पर प्रखंड प्रमुख आरती दुबे,सतेंद्र पांडेय सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## डीसी एसपी ने गणतंत्र दिवस समारोह के अंतिम पूर्वाभ्यास का लिया जायजा

# स्वाभिमान व गर्व के साथ परेड में भाग लें: उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के गोविंद इंटर कॉलेज (टॉउन हॉल) के मैदान में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह को लेकर शुक्रवार को परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। 26 जनवरी को 09:05 बजे गोविंद इंटर कॉलेज (टॉउन हॉल) के मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में झंडोत्तोलन किया जायेगा। उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया तथा तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही पूर्वाभ्यास परेड की सलामी ली। परेड में शामिल विभिन्न टुकड़ियों द्वारा आकर्षक व भव्य परेड का स्वरूप



प्रदर्शित किया गया। उपायुक्त ने परेड में भाग ले रहे प्लाटून का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि गढ़वा में परेड सुंदर व खूबसूरत दिखेगी। साथ ही सभी टुकड़ियों को पूरे स्वाभिमान व गर्व के साथ परेड में भाग लेने की नसीहत दी। उन्होंने परेड में शामिल सभी टुकड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि ऐसे ही 26 जनवरी को परेड सुंदर व खूबसूरत दिखे। इसके लिए आप सभी अपना बेहतर परफार्म देंगे। पूर्वाभ्यास परेड के मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम,एसडीम संजय कुमार पांडेय, डीआरडीए डायरेक्टर सह सामान्य शाखा पदाधिकारी रविश राज सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार, नजारत उप समाहर्ता धीरज प्रकाश, भूमि उपसमाहर्ता प्रमेश कुशवाहा, आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय, कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार सहित जिला प्रशासन के पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मारपीट के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र में संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बस चालक



ने थाना में आवेदन देकर स्कूली छात्र के साथ मारपीट को लेकर थाना में आवेदन देकर कारवाई की मांग की है। आवेदन में उल्लेख किया है कि प्रशांत कुमार यादव मकरी के टोला बरवाबंध निवासी विद्या मंदिर टॉउनशिप में पढ़ाई करता है। आवागमन स्कूल बस से करता है। भवनाथपुर ट्रैफिक का फायदा उठा कर भवनाथपुर बाजार विद्या मंदिर के छात्र श्याम नारायण बस में चढ़ गया और बस के अंदर प्रवेश कर प्रशांत यादव को लोहे से सिर पर प्रहार किया। वह दोनों को अलग किया। गंभीर रूप से घायल प्रशांत यादव को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में भर्ती कराया।

## मारपीट व लूट की घटना में शामिल दो पर प्राथमिकी



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** थाना क्षेत्र के सोनतटीय चंदना गांव में गुरुवार रात 9 बजे टेंपो से उत्तर प्रदेश के नयकाहा जा रहे दो व्यक्तियों के साथ मारपीट और लूटपाट की घटना हुई। पीड़ित अक्षवर चौधरी और ओमप्रकाश साह ने बताया कि चांदना निवासी राजू पटेल और पिंटू पटेल ने टेंपो रोककर उनके साथ मारपीट की और उनके पैसे व अन्य सामान लूट लिए। घटना की जानकारी पीड़ितों ने शुक्रवार सुबह ग्रामीणों के माध्यम से खरौंधी थाना प्रभारी को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की और दोनों पीड़ितों को थाना लाया। पीड़ितों के अनुसार मारपीट में उन्हें गंभीर चोटें लगी है। लूट के दौरान उनके मोबाइल, पैसा और अन्य सामान छीन लिए गए। मामले में खरौधी थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## निजी अस्पताल के संचालक प्रसव के नाम पर कर रहे हैं आर्थिक दोहन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** थाना क्षेत्र के नेनुआ मोड़ स्थित चाणक्य हॉस्पिटल में सहिया के सांठगांठ से प्रसव के नाम पर मोटी रकम लेकर धड़ले से ऑपरेशन किया जा रहा है। डंडई थाना क्षेत्र के रारो गांव निवासी आनंदी देवी ने बताया कि 4 दिन पूर्व अपने पतोहू सीमा देवी पति अरुण कुमार को प्रसव कराने के लिए शाम के समय गांव के सहिया संगीता देवी के साथ मेराल सरकारी सामुदायिक अस्पताल में गई थी। लेकिन सहिया संगीता देवी ने अल्ट्रासाउंड कराने की बात कहते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेराल से हम लोगों को साथ लेकर नेनुआ मोड़ चाणक्या हॉस्पिटल में पहुंच गयी। वहां अस्पताल के संचालक के पास हम लोगों को पहुंचा कर सहिया संगीता देवी वहां से भाग गयी। पहले तो अस्पताल संचालक ने बताया कि नॉर्मल डिलीवरी हो जाएगा। लेकिन रात्रि 12 बजे





अस्पताल के संचालक ने बताया कि अब नॉर्मल डिलीवरी नहीं होगा। मामला सीरियस है, इसलिए ऑपरेशन करना होगा। इसके लिए ऑपरेशन का शुल्क एवं दवा का 27,000 रुपए देना होगा। रात्रि 12 बजने के कारण लाचार होकर अपने पतोहू सीमा का ऑपरेशन कराने के लिए तैयार हो गई। आनंदी देवी ने बताया कि हमारे घर में खाने का ठिकाना नहीं है। चिंता इस बात की है कि आखिर 27,000 रुपए कहां से लाकर अस्पताल के प्रबंधन को देंगे। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधक दिनेश कुमार ने कहा कि मेरे अस्पताल में 15 बेड का रजिस्ट्रेशन है। वहां मेराल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ, वीरेंद्र कुमार को बुलाकर अस्पताल में ऑपरेशन कराते व डिलीवरी कराते हैं। इस संबंध में पूछने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार ने बताया कि चाणक्या हॉस्पिटल में ऑपरेशन के लिए मुझे कभी-कभी बुलाया जाता है। लेकिन प्रसव के बाद भर्ती किए गए मरीज को देखरेख के लिए हमेशा एक चिकित्सक का होना जरूरी है। वहां हमेशा कौन सा चिकित्सक रहते हैं उन्हें मालूम नहीं है।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन, 1050 मरीजों का इलाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्राथमिक मध्य विद्यालय केतार में शुक्रवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश सिंह, प्रमुख चंद्रावती देवी,बीडीओ प्रशांत कुमार, मुखिया प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। स्वास्थ्य मेला में विभिन्न बीमारियों का इलाज व उपचार के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था। इस अवसर पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश सिंह ने कहा कि इस मेला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचना है। उन्होंने कहा की टीबी व कुष्ठ जैसी बीमारियों का



इलाज कर मुफ्त दवा दी जाती है। उक्त शिविर में गैर संक्रमक रोग, कुष्ठ, मलेरिया, टीकाकरण, दांत रोग, दर्द बुखार,आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, नेत्र रोग संबंधी स्टाल लगायें गये थे। इसमें कुल 1050 मरीजों का इलाज कर मुफ्त दवा दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दंत चिकित्सक डॉ. पंकज पाठक, डॉ. जेपी ठाकुर, अभिनीत विश्वास, एमपीडब्ल्यू मनोज कुमार पाठक, गुप्तेश्वर प्रसाद, बीटीटी अनुज कुमार, सीएचओ विशाल देव, शंकर भारद्वाज, राजेश कुमार, एएनएम बबिता देवी, पबिता देवी, सुलेखा कुमारी, राजकुमारी देवी सहित सभी स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय बालिका दिवसः नाटक व रंगोली के जरिए जागरूकता का दिया संदेश

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय मझिगावां में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर छात्राओं ने रंगोली व नाटक कार्यक्रम के माध्यम से समाज को जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने लड़कियों के साथ भेदभाव और अन्याय की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भी समाज में लड़कियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और अवसरों से वंचित रखा जाता है। छात्राओं ने नाटक के जरिए दर्शाया कि भेदभाव की शुरूआत अक्सर घर से होती है, चाहे वह शिक्षा, शादी या जीवन के अन्य निर्णयों से जुड़ी हो। समाज में आज भी लड़कियों को कई स्तरों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। बालिकाओं ने इस मौके पर समाज में समानता और अधिकारों को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य कामेश्वर प्रसाद सिंह और डीआरजी अरविंद कुमार गुप्ता के देखरेख में हुआ। प्रधानाचार्य ने इस अवसर पर बालिकाओं को उनके अधिकारों और महत्व के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि समाज में बदलाव लाने के लिए हमें शिक्षा और समानता को प्राथमिकता देनी होगी। इस अवसर पर शिक्षक राजीव कुमार,राजेन्द्र सिंह, इंद्रमण प्रसाद यादव,मुनेश्वर राम,अरविंद राम,मंजूषा गुप्ता,छात्रा फिजा रानी,संगीता कुमारी,पारुल सिंह,सोनिया कुमारी,अर्चना कुमारी,सहित कई छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी का प्रथम दीक्षांत समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** किसमती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी का प्रथम दीक्षांत समारोह व शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। दीक्षांत समारोह के साथ द्वितीय वार्षिकोत्सव समारोह खजूरी स्थित दी रायल ग्रांड रिसॉर्ट में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गढ़वा सिविल सर्जन डॉ, अशोक कुमार, कॉलेज के



अध्यक्ष डॉ, अनिल कुमार साव, सचिव विरेन्द्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष लव कुमार सिंह, मेराल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ, विरेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके पर एएनएम के परीक्षा में सफलता के बाद 38 बच्चियों को शैक्षणिक प्रमाण पत्र सिविल सर्जन व डॉक्टर अनिल कुमार साव के हाथों वितरण किया गया। द्वितीय वार्षिकोत्सव में एएनएम जीएनएम के 250 छात्र छात्राओं को शपथग्रहण कराया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन ने कहा कि जितने भी बच्चे एएनएम कोर्स सफल होने के बाद सर्टिफिकेट प्राप्त किए हैं। अब मरीजों के साथ समर्पित भावना व सेवा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का शपथ लें। डॉ. अनिल कुमार साव ने कहा कि मेराल जैसे पिछड़े क्षेत्र में इस तरह के कॉलेज नहीं होने से यहां के बच्चों को दूसरे जगह एएनएम जीएनएम की पढ़ाई करने जाना पड़ता था। बहुत से बच्चे पैसों के अभाव में पढ़ाई नहीं कर पाते थे, ऐसी स्थिति को देखते हुए उन्होंने अथक प्रयास से मेराल में कॉलेज खोल कर एएनएम, जीएनएम, डी फार्मा की पढ़ाई शुरू कराया, जहां गरीब अमीर के बच्चे भी आसानी से कम खर्च में पढ़ रहे हैं। कार्यक्रम में डॉ. दीपक सिन्हा, ट्रेजरी रामाकांत प्रसाद, ओमप्रकाश विश्वकर्मा,लव कुमार ,राजेंद्र चौकसे, विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन,बीडीसी कृष्णा प्रजापति, रंजीत कुमार वर्मा, दीपक कुमार, ममता कुमारी, विद्या कुमारी, चित्रलेखा कुमारी, अंजनी कुमारी, अनुप्रिया कुमारी सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### शॉट सर्किट से टेंट हाउस में लगी आग, 2 लाख का नुकसान

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के भोजपुर गांव में शुक्रवार सुबह शॉर्ट सर्किट से आग लगने के कारण विश्वकर्मा टेंट हाउस का रखा टेंट का समान जल कर खाक हो गया। अगलगी की घटना से टेंट हाउस संचालक के अनुसार लगभग दो लाख का नुकसान हुआ। संचालक महेश विश्वकर्मा ने बताया कि शुक्रवार की सुबह तीन बजे आग की लपट दिखा। इसके बाद आस-पास के लोगों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब तक आग बुझाते तब तक टेंट हाउस का सारा समान जल गया। आग लगने से 200 कुर्सी, टेंट का कपड़ा, मैट, इलेक्ट्रिक लाइट, झालर, बर्तन सहित अन्य समान जल गया। टेंट संचालक ने बताया कि जनवरी और फरवरी माह में कई लोगों का शादी में टेंट बुक था। घटना से टेंट बुकिंग नहीं हो पाएगा।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने को लेकर बैठक

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने सभी बीएलओ को 25 जनवरी को प्रत्येक मतदान केंद्र पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्र पर इएलसी का गठन किया गया है। वहां मतदाताओं के बीच मतदाता पहचान पत्र वितरित करें। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान चलाने सहित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की जानकारी दी। विधानसभा चुनाव में बेहतर काम करने वाले बीएलओ अनिता देवी, बिंदू देवी, रीना देवी, अनीता देवी को बीडीओ ने पुरस्कृत किया। बैठक में पंचायत सचिव राम सुरेश राम, बीएलओ रानी देवी, अनीता देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**खरौंधी।** पुराने ब्लॉक स्थित कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर उनकी जयंती के अवसर पर उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कर्पूरी ठाकुर के योगदान और आदर्शों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उपप्रमुख ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय और समानता के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने अपने जीवन में शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज में वंचित वर्गों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने उनकी विचारधारा को वर्तमान समय में भी प्रासंगिक बताते हुए समाज में समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने की अपील की। मौके पर उपस्थित अन्य लोगों ने भी उनके योगदान को याद किया और उनके आर्दशों को अपनाने की बात कही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी मौजूद थे। सभी ने कर्पूरी ठाकुर के प्रति अपना सम्मान प्रकट करते हुए उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

### सीएचसी परिसर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**मझिआंव।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को रेफरल अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी कनक, प्रभारी सह चिकित्सा पदाधिकारी गोविंद प्रसाद सेठ, प्रखंड प्रमुख आरती दुबे, जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर व फीता काटकर किया। स्वास्थ्य मेला में नगर पंचायत व प्रखंड क्षेत्र के महिला,पुरुष, बच्चे अपने बीमारियों से संबंधित इलाज कराया। स्वास्थ्य मेला में उपस्थित चिकित्सकों के द्वारा मरीजों का बेहतर इलाज के साथ स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां देते हुए दवा भी उपलब्ध कराया। स्वास्थ्य मेला में इलाज, दवा वितरण तथा स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां हासिल करने के लिए स्टॉल लगाया गया था। बीडीओ कनक ने बताया कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम सरकार व स्वास्थ्य विभाग द्वारा उठाया गया है। प्रभारी सह चिकित्सा पदाधिकारी गोविंद प्रसाद सेठ ने कहा कि इस मेला में ग्रामीण समुदाय के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने और गंभीर बीमारियों को रोकथाम के लिए नियमित जांच किया गया है। प्रखंड प्रमुख आरती दुबे ने कहा कि स्वास्थ्य मेला, ग्रामीण समुदाय के लिए नई उम्मीद की किरण है।

### विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरित

**खरौंधी।** प्रखंड के मझिगावां पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को प्रमुख आभा रानी, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी विनोद पासवान, बीपीएम नवीन प्रकाश की उपस्थिति में आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को कल्याण विभाग से मिलने वाली 'उन्नति का पहिया' साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां, लामी, कोसलिबार, बजरमरवा और उच्च विद्यालय खरौंधी सहित अन्य विद्यालयों के छात्रों को साइकिल प्रदान की गई। साइकिल वितरण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी आवागमन की सुविधा को सरल बनाना है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सतीश राम,प्रधानाध्यापक अमरेश राम, कामेश्वर प्रसाद सिंहअरविन्द प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

### तुलसीदामर खदान समूह में सेल स्थापना दिवस मनायी गयी

**भवनाथपुर।** टाउनशिप सेल फुटबाल ग्राउंड में सेल स्थापना मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूवात सेल के उप प्रबंधक श्याम उज्ज्वल मेड्डा ने सेल झंडा फहराकर कर किया। सेल के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर विजय कुमार राम ने सभी को सेल का शपथ दिलाया। सेल स्थापना दिवस के अवसर पर सेल के अधिकारियों, कर्मचारियों,ठेका श्रमिक, सीआईएसएफ के जवान और बालक वर्ग लिए सेल वॉक एवं रन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अपने-अपने वर्ग से सबसे कम समय में दूरी तय करने वाले विजयी प्रथम, द्वितीय और तृतीय प्रतिभागियों को सेल के उप महाप्रबंधक श्याम उज्ज्वल मेड्डा के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों और कार्मिकों को संबोधित करते हुए श्याम उज्ज्वल मेड्डा ने कहा की स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। हमें तन्दरुस्त रहना है, ताकि हम अपने कार्यस्थल पर चुस्त-दुरुस्त रहें तथा अपनी भूमिका को और बेहतर ढंग से निभा सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सेल के कर्मचारियों, अधिकारियों, केओसुब के जवान ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन सेल के उप प्रबंधक बुलू दुगल ने किया। मौके पर सेल के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर विजय कुमार राम, केओसुब के समादेष्टा मधुसूदन माहेश्वरी, सुशील मिश्रा, सुरेंद्र साह सहित बड़ी संख्या मे सेल कर्मचारी, ठेका श्रमिक, सीआईएसएफ के जवान और डीएवी के छात्रा उपस्थित थे।

## आयोजन

### स्वास्थय मेला में 720 मरीजों का जांच के बाद दवा दिया गया

# सरकार चुनाव में किए वादों को पूरा कर रही: अनंत प्रताप देव

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ विधायक अनंत प्रताप देव, जिला परिषद सदस्य रानी बाला, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि हमारी सरकार चुनाव में किये गये वादों को धीरे-धीरे पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार मंईयां सम्मान योजना की राशि बढ़ाकर 2500



रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो इसके प्रति सरकार गंभीर है। स्वास्थ्य मेला में लगभग 720 मरिजों का स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा उपलब्ध कराया गया। शिविर में परिवार नियोजन कार्यक्रम, धूम्रपान एवं तंबाकू से दुष्प्रभाव, कैंसर नियंत्रण जागरूकता, योग यक्ष्मा नियंत्रण, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, डायबिटीज उच्च रक्तचाप, पोषण परामर्श, अंधापन की रोकथाम, चिकित्सा ई एन टी मोतियाबिंद, कुष्ट उन्मूलन ,मलेरिया ,फाइलेरिया सहित अन्य स्टॉल लगाकर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में सामान्य रोगी 173, होम्योपैथिक के 189, टीकाकरण के 10 ,ब्लड जांच के 100, कुपोषण के पांच,बीपी के 15 , मलेरिया के तीन, आयुष्मान कार्ड के लिए 9, एनीमिया के 13सहित कुल 720 लोगो का जांच किया गया तथा निशुल्क दवा उपलब्ध कराया गया।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पौत्र ने श्री वंशीधर मंदिर में माथा टेका

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** स्वतंत्रता सेनानी और आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पौत्र सोमनाथ बोस और एंटी कप्शन क्राइम कंट्रोल कमेटी के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष राजलाल सिंह पटेल शुक्रवार को विश्व प्रसिद्ध श्री बंशीधर मंदिर में विराजमान भगवान श्री राधा एवं कृष्ण का दर्शन किए। इस दौरान मंदिर के विद्वान आचार्यों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना की गई। भगवान का मंगला आरती उतारकर भगवान श्री बंशीधर जी से पूरे प्रदेश में अमन चैन की शांति एवं सुख समृद्धि कि मंगलकामना की। इसके बाद उन्होंने मंदिर का परिक्रमा भी लगाया। तत्पश्चात श्री बंशीधर मंदिर कमेटी की ओर से आचार्य सत्यनारायण मिश्रा व सुजीत लाल अग्रवाल ने सोमनाथ बोस व राजलाल सिंह पटेल को राधा कृष्ण



का पट्टा तथा भगवान श्री बंशीधर राधा कृष्ण की तस्वीर एवं मंदिर के इतिहास पर आधारित पुस्तक देकर सम्मानित किया। दर्शन पूजन करने के बाद सोमनाथ बोस एवं राजलाल सिंह ने कहा कि भगवान श्री राधा कृष्ण की 32 मन शुद्ध सोने की प्रतिमा अलौकिक है। ऐसी सुंदर और मनमोहिनी प्रतिमा पूरे विश्व में नहीं देखने को मिली। श्री बंशीधर की नगरी में आकर अद्भुत शांति और आनंद की अनुभूति हुई। यह स्थान भगवान की दिव्यता को महसूस करने का अनोखा केंद्र है। राजलाल सिंह पटेल ने मंदिर के समुचित विकास की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि श्री बंशीधर मंदिर को एक अंतरराष्ट्रीय तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। यहां की ऐतिहासिकता और धार्मिक महत्व को प्रचारित कर देश-विदेश के श्रद्धालुओं को आकर्षित किया जा सकता है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार से वार्ता की जाएगी। बताते चलें कि एंटी कप्शन क्राइम कंट्रोल कमिटी के तत्वधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जयंती पर गढ़वा में आयोजित एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम के समापन के बाद शुक्रवार को श्री बंशीधर नगर पहुंचे थे। मौके पर एंटी कप्शन छात्र प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीयूष सिंह पटेल,साइबर सेल प्रदेश सचिव आकाश सिंह, उपाध्यक्ष नीतीश राज,महासचिव सुमन राज,रोहित सिंह,आकाश कुमार,प्रिंस सिंह पटेल, धनंजय पांडे,अवधेश दुबे, शशिभूषण चौधरी, प्रेमशंकर दुबे सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सेव द गर्ल चाइल्ड सप्ताह के तहत कार्यशाला


# भ्रूण हत्या के कारण लड़कियों की संख्या कम होती जा रही है : सीएस



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सदर अस्पताल सभागार में जिला स्तरीय एक दिवसीय सेव द गर्ल चाइल्ड सप्ताह के तहत पीसी और पीएनडीटी अधिनियम के अंतर्गत कन्या बचाओ जागरूकता अभियान सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के प्रति सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा देना, बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण, लिंग चयन लिंग आधारित हिंसा को पक्षपातपूर्ण व्यवहार की रोकथाम व शोषण से मुक्ति था। साथ ही बालिकाओं के अस्तित्व की रक्षा व सुरक्षा, बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार, शत प्रतिशत शिक्षा प्रदान करना है। सिविल सर्जन ने पीसी और पीएनडीटी एक्ट के नियमों और उसके महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भ्रूण हत्या के कारण लड़कों की अपेक्षा लड़कियों की संख्या कम होती जा रही है, जिसे हर हाल में रोकना होगा। लिंग जांच करना व करवाना दोनों ही अपराध है। इसके लिए कड़े कानून भी बनाये गये हैं। लिंग जांच करने वाले व करवाने वाले को जेल तथा जुर्माना करने का भी प्रावधान है। कार्यक्रम में बाल विवाह की प्रथा को रोकने तथा इसे प्रभावित बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए, भारत सरकार के जरिये विशेष कानून के रूप में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में, बाल विवाह की रोकथाम में पुलिस की भूमिका के बारे में बताया गया। सेव द गर्ल चाइल्ड सप्ताह के तहत पीसी और पीएनडीटी अधिनियम के अंतर्गत कन्या बचाओ जागरूकता अभियान के तहत सदर अस्पताल परिसर से सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। जागरूकता रथ के माध्यम से जिला अंतर्गत प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा।

## 23 एकड़ में लगे अवैध पोस्ता की खेती को पुलिस ने किया नष्ट



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बालूभांग,गुरुवे, दो मुहा नदी व अमानत नदी के किनारे वन भूमि में 23 एकड़ में लगे अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट किया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विनोद रवानी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस ने बालूभांग,गुरुवे, दो मुहा नदी व अमानत नदी के किनारे गैरमजरूआ-वन भूमि में अलग अलग प्लॉट में 23 एकड़ पोस्ता की फसल को ट्रैक्टर व पुलिस ने डंडा से पीटकर नष्ट किया। उन्होंने बताया कि पुलिस आगे भी लगातार करवाई जारी रखेगी। पोस्ता की खेती करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित करने के साथ उनकी पहचान की जा रही है। सभी व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। मौके पर थाना के सशास्त्र बल के जवान शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित विवेकानंद पार्क में भारतीय जनता पार्टी लातेहार जिला इकाई के प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा के नेतृत्व में 2024 से 2030 तक का सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत सदस्य बनाने का कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अध्यक्ष पंकज सिंह, उपाध्यक्ष राकेश दुबे, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति से कल्याणी पांडेय, सुकन्या देवी, आशा बेक, सुनीता देवी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार,आनंद सिंह, जिला के कोषाध्यक्ष विष्णु, उषा उपाध्याय के साथ जिला के सभी सक्रिय कार्यकर्ता शामिल थे।

### डीसीओ ने एफपीओ कार्यालय का किया उद्घाटन

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के बड़गांव में शुक्रवार को कृषक उत्पादन सहकारी समिति कार्यालय का उद्घाटन जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो व प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी मदन नाग ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी ने कहा कि जरुरतमंद किसानों को आर्थिक राहत पहुंचाने के लिए सरकार ने पीएम किसान एफपीओ योजना शुरू की है, जिसका मुख्य उद्देश्य कृषि सेक्टर को आगे बढ़ाना व किसानों की आय में वृद्धि करना है। मौके पर विजय चौबे,सकेन्द्र महतो, प्रेम सुन्दर लकड़ा,जोधन महतो,मुकेश महतो, राजेश गंझू, रोहित महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

### वार्ड सदस्य ने जरूरतमंदो के बीच किया कंबल वितरण

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा, नावाडीह टोला मुहल्ला में वार्ड सदस्य रामशंकर रविदास के नेतृत्व मे गरीब, असहाय व वृद्ध महिला पुरुष को ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया गया। इस संबंध में वार्ड सदस्य ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि तीन वर्ष से लगातार ग्राम के वैसे असहाय व निर्धन परिवार के बीच कंबल का वितरण करते हैं, जिनके पास इस कंपकपाती ठंड में भी तन ढ़कने के लिए सही ढ़ग से कपड़े नहीं रहते हैं। कंबल वितरण करने से पहले से जरूरतमंदों की घूम घूम कर सूची बनाते हैं। इसके बाद पूरी तरह लाचार व बेबश हो उन्हें कंबल देते हैं। वार्ड सदस्य ने कहा कि ऐसा कर हमें काफी आत्म संतुष्टि मिलती है। मौके पर परमंदन कुमार सहित कई ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

### जननायक की मनाई गई 101 वीं जयंती

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को ठाकुर नाई समाज ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101 में जयंती पूरे उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर नाई समाज के प्रखंड अध्यक्ष अजय ठाकुर ने की। संचालन जितेंद्र कुमार जीतू ने किया। मौके पर जननायक कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर समाज के लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। उनके बताए हुए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। समाज के लोगों ने उनके विचारधारा को अपने जीवन में आत्मसात करने के साथ उनके विचारधारा को घर-घर पहुंचने का संकल्प लिया। लोगों ने कहा कि बिहार में ही नहीं पूरे देश के गरीबों, दलितों और पिछड़ों को हक और अधिकार दिलाने में कर्पूरी ठाकुर का योगदान अहम है। इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष उमेश ठाकुर, जिला सचिव शिव शंकर ठाकुर, विनोद ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, अमित ठाकुर, सुरेश ठाकुर, रविंद्र ठाकुर, राम लखन ठाकुर, रामेश्वर ठाकुर, उदय ठाकुर, बालेश्वर ठाकुर, महेश ठाकुर, ननकू ठाकुर, भागेश्वर ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य मेला में 556 मरीजों का जांच किया गया

**लातेहार।** जिला के महुआडांड प्रखंड में एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। स्वास्थ्य मेला में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं से लाभान्वित किया गया। साथ ही निःशुल्क जांच कराए गए। स्वास्थ्य जांच के बाद ग्रामीणों के बीच दवा का भी वितरण किया गया। स्वास्थ्य मेला में सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड, परिवार नियोजन परामर्श, मोतियाबिंद की जांच, आंख, कान एवं गले से संबंधित बीमारियों की जांच, दंत चिकित्सा जांच, त्वचा की जांच, एनसीडी जांच, खून जांच, मलेरिया, फाइलेरिया की जांच, शुगर के रोगियों की जांच, पोषण के लिए परामर्श, एड्स नियंत्रण के लिए परामर्श, कुष्ठ नियंत्रण, टी.बी. नियंत्रण, धूम्रपान और तंबाकू के सेवन के बुरे प्रभाव की जानकारी, कैंसर नियंत्रण जागरूकता समेत अन्य संबंधित बीमारियों के इलाज संबंधी सेवाएं प्रदान की गई। महुआडांड प्रखंड में आयोजित एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला में कुल 556 मरीजों का जांच किया गया।

### श्रम नियोजन मंत्री ने जागरूकता रथ को किया रवाना

**चतरा।** राज्य के श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास एवं उद्योग विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र भ्रमण के लिए रवाना किया। परिसदन में उपायुक्त रमेश घोलप ने पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान श्रम विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के तहत प्रवासी श्रमिक पुनर्वास योजना 2021, बाल श्रमिक, झारखंड असंगठित सामाजिक सुरक्षा योजना, झारखंड भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार योजना समेत अन्य योजनाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। जागरूकता रथ जिला के सभी प्रखंडों मे घुम-घुम कर लाभुकों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगी। मौके पर उपायुक्त के साथ पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में 252 मरीजों को जांच के बाद दवा का वितरण

**हेरहंज।** प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ बीडीओ अमित कुमार, जिप सदस्या चंचला देवी, प्रमुख पार्वती देवी,उपप्रमुख विजय उरांव,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रकाश बड़ाइक ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। बीडीओ ने कहा कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना और लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा लोगों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई, और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त शिविर में आयुष्मान कार्ड के बारे में जानकारी दी गई। योग्य लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रकाश बड़ाइक ने कहा कि जिनको अंग्रेजी दवा से दुष्परिणाम होते हैं उनके लिए होम्योपैथी का भी स्टॉल लगाए गए हैं। स्वास्थ्य मेला में आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना,परिवार नियोजन, टीकाकरण, एनसीडी, कुष्ट जांच, मातृ स्वास्थ्य परामर्श, आयुष चिकित्सा, मलेरिया, टीबी, एनीमिया व सामान्य जांच स्टॉल लगाए गए। स्वास्थ्य मेला में 252 लोगों ने जांच पंजीकरण कराया। उनमें टी बी 10, मलेरिया 19, परिवार नियोजन 61, आयुष्मान कार्ड 30, बीपी शुगर 82 जांच किया गया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना में कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष रामवृक्ष भोक्ता, आयुष चिकित्सक सुरेंद्र कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी ध्रुवसत्य महतो, लैब टेक्नीशियन निरंजन सिंह, बीपीएम मृत्युंजय कुमार, एमपीडब्लू संजय कुमार रवि, कर्मा लकड़ा सहित हेरहंज व बालूमाथ के स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## सीएसआर मद से स्मार्ट क्लास का किया ऑनलाइन उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल ने परियोजना क्षेत्र के विद्यालयों में अधिष्ठापित कराये गये स्मार्ट क्लास, डिजिटल क्लास व कंप्यूटर लैब का विधिवत उद्घाटन समारोह शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय किसुनपुर में ऑनलाइन उद्घाटन कोयला मंत्रालय के केंद्रीय सचिव विक्रम देवदत्त व चेयरमैन पीएम प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मौजूद विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, प्रफुल्ल रंजन सिंह, नीतेश सिंह, सिमरिया विधायक प्रतिनिधि विजय दांगी को आम्रपाली चंद्रगुप्त परियोजना महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने श्रीफल व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। सेरनदाग व किसुनपुर स्कूल के छात्राओं ने स्वागत गान गाया। मौजूद जनप्रतिनिधियों समेत सीसीएल के अधिकारी अधिष्ठापित स्मार्ट क्लास, डिजिटल क्लास तथा कंप्यूटर लैब के संचालन व गुणवताओं का संयुक्त रूप से जायजा लिया। अतिथियों ने केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में अत्याधुनिक डिजिटाइजेशन करने के संकल्पों को सीसीएल प्रबंधन द्वारा सार्थक करने के प्रयासों की सराहना की गई। बता दें कि सीसीएल अपने सभी इकाइयों द्वारा एक साथ झारखंड के परियोजना से प्रभावित इलाकों के 193 चयनित विद्यालयों में कुल 26.7 करोड़ रुपए खर्च कर डेस्कटॉप पीसी 10, वायरलेस राउटर 1, नेटवर्किंग 1,यूपीएस 10, वेव कैमरा माइक सहित 10, लेजर मल्टीफंक्शनल डिवाइस 1, कंप्यूटर टेबल 10,एमएफडी टेबल 1 एवं 20 कंप्यूटर कुर्सी उपलब्ध कराये हैं जिससे टंडवा प्रखंड के 21 विद्यालय भी शामिल है। जीएम ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले अधिकांशतः बच्चे गरीब परिवार से आते हैं, जिनमें तकनीकी शिक्षा ग्रहण से वे विकसित होंगे। बताया कि आवश्यकता होने पर उपलब्ध संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण प्रबंधन करायेगा। सीसीएल मुख्यालय से पहुंचे सीएसआर महाप्रबंधक श्रीलाल ने कहा कि परियोजना क्षेत्र के हर संभव विकास के लिए प्रबंधन सतत प्रयत्नशील है। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुमन भारतीय ने किया। मौके पर सीएसआर अधिकारी मोहसिन रजा, स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) अनुप भगत, प्रधानाध्यापक रंजीत विश्वकर्मा, विकास पांडेय, वीणा कुमारी, धर्मनाथ महतो, आशिष कुमार, पूनम कुमारी, फुलचंद साहू, अरविंद पाठक, महेंद्र महतो, जितेन्द्र महतो समेत सैकड़ों स्कूली बच्चे व अन्य मौजूद थे।

## 400 लोगों को बाल विवाह नहीं करने की जानकारी दी

**लातेहार।** जिला को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए वेदिक सोसाइटी ने शुक्रवार को सदर प्रखंड के करकट मस्जिद पेश इमाम द्वारा जुमा नमाज अदा करने वाले लगभग 400 लोगों को अपने बच्चों का बाल विवाह नहीं करने का संदेश दिया। उन्हें बताया गया कि लड़की का निकाह 18 वर्ष और लड़का का निकाह 21 वर्ष के बाद ही करें। अगर आप इस उम्र से पहले निकाह करते हैं तो कानूनी कारवाई की जायगी और आप जेल सकते है। इसलिए आप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें और जो कानून में निकाह का उम्र निधारित है, उसके बाद हीं करे। वेदिक सोसाइटी द्वारा जिला के सभी मस्जिद में जुमा के दिन पेश इमाम द्वारा बाल विवाह को लेकर जागरूक करने का काम किया जाएगा। इस कार्य को कमेटी के अध्यक्ष मो. अयुब ने सराहनीय कदम बताया। वेदिक सोसाइटी द्वारा बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सभी मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारा में सपर्क किया जा रहा है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**कुष्ठ रोगियों के बीच पोषण किट का वितरण**

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला में झामुमो के लातेहार जिला संयोजक लाल मोती नाथ शाहदेव, सिविल सर्जन अवधेश कुमार सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम में अतिथियों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. तरुण जोश लकड़ा, व डॉ. कंचन बाड़ा द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों द्वारा स्वागत गान व मुख्य अतिथियों के दीप जलाकर किया गया। मेला में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े हुए दर्जनों स्टॉल लगाये गए थे। स्वास्थ्य मेला झामुमो के जिला संयोजक लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि समाज के हर तबके को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। स्वस्थ परिवार से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। राज्य सरकार भी स्वास्थ्य से जुड़ी कई योजनाएं चला रही है, जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही नये रिम्स का तोफा राज्य की जनता को देने वाली है। सिविल सर्जन अवधेश सिंह ने कहा कि जिला में स्वास्थ्य विभाग में कई महत्वपूर्ण पद खाली पड़े हुए हैं, इसके बावजूद हम सब लोगों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। मौके पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी गौरव कुमार द्वारा स्वास्थ्य मेला से जुड़ी जानकारी दी गई। स्वास्थ्य मेले में लाल मोती नाथ शाहदेव व अतिथियों ने कुष्ठ रोगियों के बीच पोषण पैकेट का वितरण किया। मेला में सामान्य चिकित्सा,स्त्री रोग विशेषज्ञ, मातृत्व स्वास्थ्य, ईएनटी, मोतियाबिंद, कुष्ठ रोग, नेत्र रोग, परिवार नियोजन समेत कई स्टॉल लगाये गए थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोज कुमार व रमेश राम संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक,सीएचसी प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी,पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू,डॉ. कंचन बाड़ा,मुखिया संगीता लकड़ा,पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी,कामता पंसस अयुब खान,भाजपा नेता राजेश यादव, भाजपा नेता विजय दुबे, सुमन, सुनील सोरेंग, मो. सरफराज, डॉ. तरुण जोश लकड़ा, बीपीएम अमित कुमार सिंह, बीएएम अर्जुन राम, एमटीएस कृष्णकांत कुमार, आयुष्मान मित्र विकास रंजन, अस्पताल कर्मी प्रवीण कुमार उर्फ भोला,रमेश राम,मो. हसीब, बीरबल कुमार, सुमित कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### ट्रांसपोर्टरों से नो ड्यूटी सर्टिफिकेट मांगे सीसीएल : आशुतोष

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली कोल परियोजना में ट्रांसपोर्टरों द्वारा कोयले की ढुलाई का बकाया भाड़ा वर्षों से लाखों रुपए भुगतान नहीं करने वालों के विरुद्ध समुचित कार्रवाई की मांग ट्रक मालिक संघ के नेता आशुतोष मिश्रा ने की है। बताया कि सीसीएल प्रबंधन अगर ट्रांसपोर्टरों से एनटीपीसी के तर्ज पर नो ड्यूज सर्टिफिकेट की मांग करें तो काफी हद तक ऐसी समस्याओं से निजात पाया जा सकता है। बता दें कि ट्रांसपोर्टरों से लाखों रुपए बकाया भुगतान नहीं करने वालों के विरुद्ध स्थानीय थाना परिसर में आयोजित जनशिकायत शिविर में भी उठाया गया है।

## एक्शन प्लान के तहत बिरहोर टोला में कैंप का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड (चतरा)।** उपायुक्त के आदेश पर एक्शन प्लान के तहत बिरहोर टोला करमा में शुक्रवार को कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के माध्यम से बिरहोर परिवारों को आयुष्मान, जाती, आवासीय, राशन कार्ड समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं का बिरहोर परिवारों के बीच शत प्रतिशत लाभ पहुंचाया जा सके। बिरहोर टोला में कुल 43 बिरहोर परिवार निवास करते हैं, जिनकी आबादी 177 है। उनमें 40 राशन कार्ड में 120 परिवार जुड़े हैं। शेष बनाने की प्रक्रिया की जा रही है। 20 परिवारों को आयुष्मान कार्ड,77 आधार कार्ड, 15 वोटर कार्ड, 64 जन्म प्रमाण पत्र, 68 जाति, 72 आवासीय कार्ड कैंप के माध्यम से बनाया गया। मुखिया रामनाथ यादव के पहल पर दो बच्चियों को बेहतर शिक्षा ग्रहण के लिए चयनित की गई। बीडीओ मनीष कुमार ने झारखंड आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए अनुशंसा की गई। बीडीओ के अनुशंसा के उपरांत आवासीय विद्यालय की वार्डन द्वारा नामांकन की प्रक्रिया की जा रही है। मौके पर कल्याण पदाधिकारी चंदन कुमार, पंचायत सचिव मनीष कुमार, एमओ जेम्स पन्ना, रोजगार सेवक सुनिल कुमार के अलावा संबंधित विभाग के कर्मी व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## केंद्रीय गृह मंत्री के इस्तीफा नहीं देने तक आंदोलन जारी रहेगा : विजय चौबे



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में लातेहार समाहरणालय से डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक आम्बवाटिकर तक जय बापू,जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम के तहत सम्मान मार्च निकाला गया। सम्मान सभा को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह कार्यक्रम के जिला प्रभारी विजय कुमार चौबे ने कहा कि संसद में देश के गृहमंत्री अमित शाह ने अपने वक्तव्य में देश रत्न संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर का नाम लेकर, जो मजाक उड़ाते हुए कहा उससे देश व कांग्रेस आहत महसूस करती है। संसद में संविधान को लोकतांत्रिक व्यवस्था का मूल आधार माना व सर्वोच्च स्थान दिया। उसी सदन में उसी संविधान द्वारा स्थापित गृहमंत्री संसद में अपमान करें, जिसे हम मरते दम तक कांग्रेस व देश कभी स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक गृहमंत्री इस्तीफा नहीं देते। झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने कहा कि भाजपा बापू व आंबेडकर का अपमान कर देश में नहीं रह सकती है। भाजपा माफिवीरों के बुनियादी से उतपन्न हुई पार्टी है। गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में बाबा साहब आंबेडकर के खिलाफ दिया गया बयान के लिए केन्द्र सरकार गृहमंत्री को बर्खास्त करें। कार्यक्रम को झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि कामेश्वर यादव, कार्यक्रम के लातेहार प्रखंड प्रभारी, लातेहार जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष मो. नसीम अंसारी, अधिवक्ता बृंदबिहारी यादव, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, जिला युवा कांग्रेस सुरेन्द्र उरांव, इमरान अंसारी,युवा कांग्रेस लातेहार विधानसभा अध्यक्ष सहादत हुसैन टिंकू, मनिका प्रखंड अध्यक्ष दरोगी यादव, सरयू प्रखंड अध्यक्ष अख्तर हुसैन, मनिका 20 सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान,सुनील प्रसाद ने संबोधित किया। अध्यक्षता लातेहार प्रखंड अध्यक्ष मोती उरांव ने की।

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें : डीटीओ



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला परिवहन विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा माह के तहत लातेहार मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्र-छात्रों ने भाग लिया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी करने से ही दुर्घटनायें घटती है। यातायात नियमों का पालन करें और खुद व अपने परिवार को सुरक्षित रखें। यातायात नियमों की अनदेखी के गंभीर और जानलेवा परिणाम भुगतना पड़ सकता है। इन दिनों सड़क दुर्घटनाओं में काफी इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने और लापरवाही से वाहन चलाने से ही सड़क दुर्घटनाएं होती है। बाइक चालकों को हेलमेट और कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बाइक दुर्घटनाओं में हेलमेट नहीं लगाने से सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर में इजाफा होता है। चालक शराब पी कर वाहन नहीं चलाएं। उन्होंने नाबालिगों को वाहन नहीं चलाने की अपील अभिभावकों से की। कार्यक्रम में गांधी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा को ले कर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मोटरयान निरीक्षक सुनील कुमार, गांधी कॉलेज के प्राचार्य दशरथ साहू, मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर के रवि महलका, दिनेश केशरी, संतोष पांडेय, ज़िला सड़क सुरक्षा प्रबंधक तनवीर हुसैन, ऋषि राज, आईटी सहायक राजेश प्रसाद गुप्ता ने भी सड़क सुरक्षा की जानकारी दी। गांधी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को एक दिवसीय सड़क सुरक्षा और ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया गया। उनके बीच प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में लोगों को सड़क सुरक्षा का शपथ दिलाया गया।

### बनवारी साहू महाविद्यालय के एनएसएस ने चलाया जागरूकता अभियान



**लातेहार।** बनवारी साहू महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम, कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद के मार्गदर्शन में बानपुर क्षेत्र में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सड़क सुरक्षा के महत्व पर लोगों को जागरूक किया। छात्राओं ने दोपहिया वाहन चालकों से विशेष अपील करते हुए कहा कि सड़क पर सुरक्षित तरीके से वाहन चलाएं और अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। उन्होंने बताया कि हेलमेट पहनने से दुर्घटनाओं में गंभीर चोटों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने पोस्टर, बैनर और स्लोगन के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। हेलमेट है जरूरी, जीवन है अनमोल जैसे नारे लगाए गए, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों का ध्यान आकर्षित हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां अपना कर सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने सभी से अपील की कि यातायात के नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।


### कोर्ट नोटिस

ब-अदालत सिविल जज, जुनियर डिविजन-I, पलामू, डालटनगंज।

**ओ0एस0- 182 सन 2020**

रामेश्वर उपाध्याय वगै. .... वादीगण

**बनाम**

राम प्रवेश सिंह वगै. .... प्रतिवादीगण

राम प्रवेश सिंह

विमलेश सिंह, कमलेश सिंह और मनोज सिंह बल्दान स्वर्गीय सुरेश सिंह।

निवासी ग्राम- सबौना, थाना- हुसैनाबाद, जिला-पलामू।

वजरिये इस कोर्ट नोटिस के द्वारा आपलोगों को सूचित किया जाता है कि आपलोगों के विरुद्ध रामेश्वर उपाध्याय वगै. बनाम राम प्रवेश सिंह वगैरह के विरुद्ध मेरे न्यायालय में ओ.एस. वाद से 182 सन 2020 दायर किया गया है। आपलोगों को न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मोहर से उपरोक्त वाद में सम्मन जारी किया गया, लेकिन आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। पुनः इस कोर्ट नोटिस के द्वारा आपलोगों को सूचित किया जाता है कि आपलोग दिनांक 25/02/2025 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा इस वाद में एक पक्षीय कार्रवाई की जायेगी। इसे आवश्यक समझे।

न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मोहर से जारी किया गया।

**न्यायालय सिविल जज, जु. डि. पलामू, डालटनगंज।**

# डीसी ने किया फुलड्रेस परेड रिहर्सल का निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** 'गणतंत्र दिवस 2025' के दिन होने वाले परेड का फाइनल रिहर्सल बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम मैदान में किया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में जिला आरक्षी बल, गृह रक्षा वाहिनी, सहायक पुलिस बल, एनसीसी की तीनों विंग, स्काउट एवं गाइड की टुकड़ियां शामिल हुईं। परेड के पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी। इस मौके पर आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा,



जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, नजारत उपसमाहर्ता अभिनीत सूरज समेत अन्य उपस्थित थे। बता दें कि गणतंत्र दिवस -2025 के दिन सुबह 7 बजे उपायुक्त आवास में उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके बाद नगर परिषद क्षेत्र लोहरदगा में अवस्थित महापुरुषों की प्रतिमा पर जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण सुबह 7.20 बजे से 7.50 बजे तक किया जाएगा। समाहरणालय परिसर लोहरदगा में उपायुक्त लोहरदगा द्वारा झंडोत्तोलन सुबह 10.15 बजे किया जाएगा। उपायुक्त लोहरदगा द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में झंडोत्तोलन सुबह 11 बजे किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में सुबह 10.20 बजे और पुलिस लाईन में सुबह 11.15 बजे किया जाएगा। उप विकास आयुक्त, लोहरदगा द्वारा पुराना डीआरडीए कार्यालय में सुबह 10.25 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। जिला परिषद कार्यालय प्रांगण में जिला परिषद अध्यक्ष, लोहरदगा द्वारा सुबह 10.30 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। अनुमण्डल कार्यालय लोहरदगा में सुबह 10.35 बजे अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी लोहरदगा द्वारा सुबह 10.40 बजे एसडीपीओ कार्यालय लोहरदगा परिसर में झंडोत्तोलन किया जाएगा। उप विकास आयुक्त लोहरदगा द्वारा केंद्रीय विद्यालय बरही लोहरदगा में झंडोत्तोलन किया जाएगा। बीएस कॉलेज स्टेडियम में होने वाले मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि शिल्पी नेहा तिर्की, मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा झंडोत्तोलन सुबह 8.30 बजे किया जाएगा। मुख्य अतिथि का सैल्युटिंग बेस पर आगमन सुबह 8.15 में होगा। कार्यक्रम में झांकी व अन्य कार्यक्रम भी होंगे। इसके उपरांत पारितोषिक, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान किया जाएगा।

### जिप अध्यक्ष ने किया भंडरा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उदघाटन, कहा

# स्वस्थ शरीर के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच जरूरी

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, डीपीएम नजिम अख्तर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी संजय कुमार, डॉक्टर आकाश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।मेले में सभी अतिथियों का स्वागत सहिया दीदियों के और चिकित्सा कर्मियों के द्वारा किया गया। स्वास्थ्य मेला मे लगे 27 विभिन्न स्टांलों में प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए 647 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर दवा का वितरण



किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच जरूरी है। अधिक से अधिक ग्रामीण स्वास्थ्य मेले में आकर लाभ लें। कई तरह के रोगों के बारे में हमें जानकारी नहीं रहती है जो जांच के बाद ही पता चलती है। ऐसे में ससमय उपचार से निरोग बनने के अवसर प्राप्त होते हैं। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि झारखंड सरकार प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। मेले मे अधिक से अधिक ग्रामीण आकर लाभ ले। सीओ दुर्गा कुमार ने कहा की इस तरह के मेले के आयोजन से समुचित स्वास्थ्य का लाभ उठाना है। साथ स्वास्थ्य जीवन मनुष्य का अभिन्न अंग है।और शरीर की देखभाल व समय समय पर उचित स्वास्थ्य जाँच जरुरी है। उन्होंने कहा की स्वास्थ्य मेला का मुख्य उद्देश्य एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार विमारियों की जांच की सुविधा उपलब्ध कराना है।

## न्यूज | बॉक्स

### सामुदायिक स्वास्थ केंद्र परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

**कुडू - लोहरदगा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू में स्वास्थ विभाग की




ओर से शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुखिया सुषमा देवी, डॉ सुलामी होरो, अंजुलन आइन्द, प्रेरणा श्रोत, ज्ञानचंद पांडे, आफताब आलम, हरियाली खाखा, डिस्ट्रक्ट डाटा मैनेजर मो जाहिद, डीपीसी कॉर्डिनेटर अल्बर्ट मिंज, बीपीएम सरोजनी केरकेट्टा, बीएएम लाल निरोज शाहदेव ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर सिएचसी प्रभारी डॉ सुलामी होरो ने कहा कि इस मेले का प्रमुख उद्देश्य लोगों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों से इस मेले से लाभ उठाने की अपील की। मेले में सैंकड़ों लोगों की स्वास्थ्य जांच और निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। साथ ही मरीजों को जरुरी सलाह भी दी गई। स्वास्थ्य मेले में दंत जांच, बीपी, सुगर, आईईसी, नशामुक्ति जागरूकता, पोषण परामर्श, ओआरएस- पेयजल, योग, आयुष्मान कार्ड, युवा मैत्री केंद्र, परिवार नियोजन, आयुष कार्यक्रम, बाल चिकित्सा, एचआईवी - एड्स, एसीडी, कैंसर स्क्रीनिंग, मलेरिया, कुष्ठ, नेत्र जांच, आयुष्मान भारत, डिजिटल हेल्थ कार्ड, मातृत्व स्वास्थ्य, किशोरी स्वास्थ, शिशु टीकाकरण, कुष्ठ, द्विव्यांगता आदि जांच के लिए कई स्टॉल लगाया गया था। जिसका अतिथियों ने बारी बारी से निरीक्षण कर स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी लेते हुए कर्मचारियों को कई दिशा निर्देश दिया। मौके पर सीएचओ तौसीफ अंसारी, आरती कुमारी, रेखा कुमारी, जगरानी, सविता, स्वेता कुजूर, जूही कुमारी, मेनका सुब्हानी तिर्की, शिफा लकड़ा, एमपीडब्ल्यू नितिन गुप्ता, शादाब अंसारी, एलटी मनीता कुमारी, सुदिन कुमार, एमएसडब्ल्यू निखिल तिर्की, पीएमडब्ल्यू उजियाली मिंज, बिटीटी विशाल महतो, एएनएम उजियाली तिर्की, रौशनी टोप्पो, नीलमणि कुशुम, हिना परवीन, नेहा तरन्नुम, रीना सुनीता बारला, अताउल्लाह रिंकु, मो इमरान, विनोद राम, उसुर्ला कुमारी, रौशन टोप्पो, राजेश भारती सहित भारी संख्या में जांच कराने पहुंचे प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न गांव से आये हुए ग्रामीण और स्कुली बच्चे उपस्थित थे।

### मतदाता दिवस के अवसर पर बीडीओ, सीओ सहित सभी कर्मियों व ग्रामीणों ने शपथ ली

**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को मतदाता दिवस के अवसर पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार सहित सभी कर्मियों व ग्रामीणों ने शपथ ली। साथ ही लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए शपथ ली कि हम भारत के लोग लोकतंत्र में अपनी आस्था रखते हुए कहा कि देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मौके पर पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार, बीटीएम,प्रधान सहायक सच्चिदानंद गुप्ता, दिनेश उरांव, प्रवीण कुमार, फेकूवा उरांव,नितेलेन्द्र कुमार,भुवन लाल, सतेंद्र यादव, बजरंग भगत, रवि कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएं : राधा तिर्की

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के प्रांगण में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.सजीत आनंद एवं अन्य चिकित्सीय अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। वही जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि आमजनों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराये स्वास्थ्य मेला हो या कोई भी सरकारी योजना का शिविर लगता है। शिविर आयोजन से पूर्व उसका प्रचार प्रसार करा कर आमजनों और ग्रामीणों को जानकारी दें। जिसे जनता को सरकारी सहायता का लाभ मिल सके। डॉ.संजीत आनंद ने कहा कि स्वास्थ्य मेला में पोषण परामर्श, आयुष्मान कार्ड, टीकाकरण, बीपी व सुगर जांच, योगा स्टॉल, युवा मैत्री केंद्र, परिवार नियोजन परामर्श केंद्र, दवा वितरण, मातृत्व स्वास्थ्य, बाल चिकित्सा सहित अन्य स्टॉल लगाया गया है। सभी ग्रामीण आम जन नामांकन कराये और स्टॉल में जाये तथा अपने बीमारी से सम्बंधित डॉक्टर से इलाज करा कर दवा लें स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम में करीब 452 मरीजों का इलाज किया गया। साथ ही दवा वितरण किया गया है। मौके पर डॉ. श्रेया प्रसाद, डॉ. रंजिता कच्छप, लखन मांझी के अलावे दवेंद्र गिरी, सतीश यादव, महेश कुजूर, मंसूर आलम समेत अन्य चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे।

### डीसी ने सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को दिलायी मतदाता प्रतिज्ञा

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी) को लेकर शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके उपरांत उपायुक्त द्वारा सभी पदाधिकारियों, कर्मियों व मतदाताओं को मतदाता के रूप में सभी निर्वाचनों में मताधिकार का प्रयोग करने की प्रतिज्ञा दिलायी गई। कार्यक्रम में 18 वर्ष की उम्र पूरी करने के बाद मतदाता सूची में नाम जुड़ने पर नये मतदाताओ, अंदिता भट्टाचार्य, आलिया नाज, लक्ष्मी कुमारी, अनामिका भुईंया, प्राची कुमारी, रामकिशोर कुजूर को मतदाता पहचान पत्र उपायुक्त द्वारा प्रदान किया गया। 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं कृष्णा खलखो और शांति देवी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 9 सहायक निवार्ची पदाधिकारी, 9 बीएलओ, 07 बीएलओ सुपरवाइजर, उप निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय के 11 कर्मियों और तीन हेल्प डेस्क मैनेजर को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त लोहरदगा को सप्रेम वाई भारत मैटर्स नामक पुस्तक भेंट की गई। कार्यक्रम में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर समेत सभी संबंधित पदाधिकारी, कर्मी व बड़ी संख्या में मतदाता उपस्थित थे।


**असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,लोहरदगा**
Email-cs.lohardaga2@gmail.com

**आभा कार्ड बनाने हेतु आमजनों के लिए महत्वपूर्ण सूचना**

स्वास्थ्य सुविधाओं को आमजनों तक सुगमतापूर्वक उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार द्वारा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) प्रारंभ की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य पूरे देश में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के डिजिटलीकरण के लिए एक आधार विकसित करना है। इस महत्वाकांक्षी योजना की परिकल्पना स्वास्थ्य सेवाओं को दक्ष, सुगम, समावेशी और पारदर्शी बनाने के लिए की गई है। आम–जनों तक इसका लाभ पहुँचाने जैसे कि स्वास्थ्य सुविधाओं और चिकित्सा उपचार तक परेशानी मुक्त पहुँच, स्वास्थ्य रिकॉर्ड के लिए आसान साईन–अप और भरोसेमंद पहचान प्रदान करना है।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अन्तर्गत सभी नागरिकों का 14 अंकों का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउण्ट बनाना अनिवार्य है। आभा नम्बर के माध्यम से सभी नागरिक व्यक्तिगत रूप से निजी हेल्थ रिकॉर्ड को संधारित एवं साझा कर सकते हैं। आभा नम्बर बनवाने में नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से आवश्यक सहयोग प्राप्त कर सकते हैं अथवा दिए गए लिंक https://abha.abdm.gov.in/abha/v3/register_ के माध्यम से स्वयं भी आभा नम्बर बना सकते हैं।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 345047 Lohardaga(24-25).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**
(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/LOHARDAGA/E-09/2024-25
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | लोहरदगा में पलाश मार्ट का निर्माण कार्य। | 4,96,21,700.00 | 9,92,500.00 | 10,000.00 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 30.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 30.01.2025 से दिनांक 26.02.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 28.02.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल ,लोहरदगा।
7. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दुरभाश संख्या :– 06526–295021
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 345044 Lohardaga(24-25)#D



**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)**
**कार्यालय:– जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा पता– संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114 Email- atmagarhwa2007@gmail.com**

**|| अति अल्पकालिन निविदा सूचना || वर्ष–2024-25**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रॉंची के राज्यादेश संख्या– 63 दिनांक 10-01-2024 एवं दिनांक 20-06-2024 को आयोजित कृषि निदेशक, झारखण्ड रॉंची की अध्यक्षता में बैठक की कार्यवाही के अनुपालन में राज्य योजनान्तर्गत Leaf Colour Chart की आपूर्ति हेतु मुहरबंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती है आवेदन दिनांक 25-01-2025 से 03-02-2025 तक 07 दिनों के लिए दिनांक 03-02-2025 के अपराह्न 12:00 बजे तक जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं एवं उसी दिन अपराह्न 2:00 बजे अति अल्पकालिन निविदा खोला जायेगा। वस्तुओं की पूर्ण विवरणी निम्न प्रकार है–

| Sl No. | Crop | Description | Qnty. |
|---|---|---|---|
| 1 | धान 5 Panel Leaf Colour Chart (LCC) | LCC with a Matte Laminated Folder with instruction on How to use and other related information for farmers and Agriculture Extension Officers | 1 Pcs. |
| 2 | गेंहूँ 6 Panel Leaf Colour Chart (LCC) | | 1 Pcs. |
| 3 | मक्का 6 Panel Leaf Colour Chart (LCC) | | 1Pcs. |

नोट:– पूर्ण जानकारी हेतु https://www.atmagarhwa.org पर विवरणी उपलब्ध है या जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा के मोबाईल नम्बर पर 9931113690 सम्पर्क किया जा सकता है।

PR 345022 (Agriculture)24-25*D जिला कृषि पदाधिकारी,गढ़वा



**कार्यालयः अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी (सामान्य) लातेहार**
संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार–829206
E-mail ID - latehardao@rediffmail.com
पुनः अल्पकालिन निविदा सूचना। 2nd Call

विभागीय राज्यादेश संख्या–63 दिनांक 10.01.2024 के आलोक में कृषि निदेशक, झारखण्ड, रॉंची के उपावंटनादेश सं०–1676 दिनांक 08.04.2024 द्वारा राज्य योजनान्तर्गत मुख्यशीर्ष–2401 फसल कृषि कर्म लघु शीर्ष–789 अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना एवं लघु शीर्ष–115 छोटे / उपांतक किसानों तथा कृषि श्रम की योजना में आवंटन प्राप्त है। **Leaf color chart** के क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की सूची निम्न प्रकार है–

| S.No | Name of Instruments and Accessories | Specification | Price |
|---|---|---|---|
| 1 | Leaf color chart | State Agriculture University / ICAR Approved For Wheat – 6 Panel Leaf Color Chart | Price in 1 no with all Taxes |

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 31.01.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त की जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय पर निविदा प्राप्त नहीं होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा खोलने की तिथि 04.02.2025 एवं समय 2:00 बजे अपराह्न अनुमंडल कृशि कार्यालय (सामान्य) लातेहार में निर्धारित है।

नियम एवं शर्ते जिला कृशि कार्यालय के सूचनापट् पर देखी जा सकती है।

अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी, (सामान्य) लातेहार

PR 344954 Agriculture(24-25)D



**पलाश (झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी)**
**जिला मिशन प्रबंधन इकाई, लोहरदगा**
**रोजगार सृजन मेला 2025**

लोहरदगा जिले के बेरोजगार युवक और युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से पलाश (JSLPS) जिला मिशन प्रबंधन इकाई, लोहरदगा के द्वारा दिनांक 28 जनवरी 2025 दिन मंगलवार को4th जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत पूर्वाहन 10.00 बजे से 3.00 बजे अपराहन तक नगर भवन, लोहरदगा (सदर प्रखंड कार्यालय के सामने) परिसर में रोजगार सृजन मेला 2025 आयोजित किया जा रहा है। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार निम्नलिखित दस्तावेजो के साथ उपस्थित होकर रोजगार मेला का लाभ उठायें:–

1. आधार कार्ड 2. उच्चतम शैक्षिणिक प्रमाण पत्र
3. आयु प्रमाण पत्र

इस रोजगार सृजन मेला में संगठित क्षेत्र के निम्नलिखित नियोजको के द्वारा उपस्थिति रहने की सहमती प्रदान किया गया है.

| क्र. सं. | भर्तीकर्ता का नाम | नियुक्ति के लिए (मूल नियोक्ता का नाम) | पात्रता | लिंग | वेतन | नौकरी का स्थान | पद हेतुनियुक्ति | अन्य सुविधायें | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SkillzDesk Pvt Ltd | Haier Appliances | ITI, Graduate, Polytechnic | Male & Female | 16621-20225 | Pune | Assembly Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 200 |
| 2 | | Tata electric Mobility Ltd | 12th Pass or ITI(2 years) | Male & Female | 14520/- | Ahmedabad | Manufacturing Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 300 |
| 3 | | Jaya Hind Industries (Force Motors) | Polytechnic pass | Male | 22000/- | Pune | Diploma engineer Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 50 |
| 4 | | Rucha Engineering | 10th,12th, ITI | Male | 14000-16000/- | Mysore | Production Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 100 |
| 5 | | Vikas Group | 12th, ITI, Polytechnic | Male & Female | 13000-18000/- | Faridabad (Delhi/NCR) | Production Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 100 |
| 6 | Edujobs Academy Private Limited | Apollo Tyres | ITI/DIPLOMA/ GRADUATE | Male | 16000 (ITI), 17000 (Diploma/ Graduate) | Chennai | Trainee | Canteen + Hostel+Bonus | 100 |
| 7 | | Exide Battery | ITI- Any Trade | Male | 15258 Stipend | Ahmednagar | Machine Operator | Canteen+ OT 131rs per hour | 50 |
| | | | 10th,12th, ITI | Male | 12325-15000 Stipend | Pune | Machine Operator | Canteen+ OT 131rs per hour | 50 |
| 8 | Atlas Export Enterprises | Atlas Export Enterprises | 10th Above | Female | 10000 | Karur-Tamil Nadu | Special Machine Operator | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary, Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 75 |
| | | | 8th Above | Male & Female | 10000 To 12000 | Karur-Tamil Nadu | Sewing Machine Operator - Tailor | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary, Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 200 |
| | | | 10th Above | Male & Female | 10000 | Karur-Tamil Nadu | Packer | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary, Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 200 |
| | | | BSc - Nursing | Female | 10000 & above | Karur-Tamil Nadu | Nurse | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary, Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 5 |
| | | | Graduate | Male | 10000 & above | Karur-Tamil Nadu | Security Guard | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary, Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 20 |
| 9 | Auburn Design Pvt Ltd | Auburn Design Pvt Ltd | 8th Above, Age 18-24 | Female | 16000 CTC | Ranchi | Flat Lock & Over Lock Operator | ESIC & EPF | 200 |
| 10 | Quess Corp Ltd | Quess Corp Ltd | 12th/Iti | Male & Female | 12012 Stipend+2500 Attendance Bonus | Sanand, Ahmedabad, Gujarat | Production Trainee | Subsidized Canteen and Transport | 1000 |
| | | | 10,12, Iti (Female Only) & Diploma | Male & Female | RS. 18950 CTC | Bangalore | Operator | Canteen And Transport | 500 |
| | | | ITI & 10th and Inter | Male & Female | Rs.16404 CTC | Hyderabad | Assembly Operator | Canteen And Transport | 100 |
| | | | 10th,12th, ITI | Male | Rs. 17500 Nth | Chennai | Trainee | Accommodation And Canteen | 200 |
| 11 | Aquila Consultants | Apollo Tyres | ITI/Diploma/Graduate | Male | 16000(ITI) / 17000(Diploma) | Chennai | Apprenticeship Trainee | Food,Accommodation,Medical Insurance,Attendance Bonus | 100 |
| 12 | | Tata Motors Electric Passenger Vehicles | 12th/ITI/Diploma | Male & Female | 14500 | Sanand (Gujrat) | Trainee | Food,Accommodation,Medical Insurance,Free diploma | 100 |
| 13 | Barbeque Nation Hospitality Ltd | Barbeque Nation Hospitality Ltd | 10th Pass | Male & Female | 10k In Hand (food and accommodation free) | Hyderabad,Bangalore,Mumbai,Pune, Kerala, Chennai, | Range Chef (KitchenHelper). Guest Service Associate (Steward) | Free Three Time Meal,Accommodation,after6-month Promotion (Based on performance), med claim, insurance. | 500 |
| 14 | CREATIVE ENGINEERS | HONDA | 10th,12th, ITI | MALE | GROSS-17400 / NET-15107/ATTENDANCE BONUS-1000/ NIGHT SHIFT ALLOWANCE - 1200/ OVERTIME-158/-(PER HOUR) | Bangalore | PRODUCTION EXECUTIVE | PF & ESI /YEARLY BONUS - 12065/LEAVE WITH ENCASHMENT - 14615/VARIABLE PAY-5500/DIWALI BONUS-2700/DUTY TIME FOOD/TRANSPORTATION/ 700000 MEDICAL INSURANCE COVERAGE | 5124 |
| 15 | | WISTRON | 10th,12th, ITI,DIPLOMA & GRADUATION | FEMALE | GROSS-18700 / NET-15293/ OVERTIME-139/-(PER HOUR) | Bangalore | PRODUCTION EXECUTIVE | PF & ESI / QTY LEAVE WITH ENCASHMENT - 2193/ FREE TRANSPORTATION/DUTY TIME FOOD/500000 MEDICAL INSURANCE COVERAGE | 3363 |
| 16 | | FOXCONN | 10th,12th, ITI,DIPLOMA & GRADUATION | FEMALE | CTC- 17750/ GROSS-15089 / NET-13173 | Bangalore | PRODUCTION EXECUTIVE | PF & ESI / A SHIFT ALLOWANCE- 50/B SHFT ALLOWANCE- 25/C SHIFT - 50/ FREE ACCOMODATION/ FREE TRANSPORTATION/400000 MEDICAL INSURANCE COVERAGE | 3056 |

जिला कार्यक्रम प्रबंधक,
जिला मिशन प्रबंधन इकाई जे.एस.एल.पी.एस.लोहरदगा।

PR 345048 Lohardaga(24-25)D

# डीसी व पुलिस अधीक्षक ने गणतंत्र दिवस परेड का किया निरीक्षण, घुड़सवार दल बना आकर्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह का फाइनल रिहर्सल आयोजित किया गया। इस दौरान उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने परेड का निरीक्षण किया। फुल ड्रेस परेड रिहर्सल में उपायुक्त ने झंडा फहराया, तिरंगे को सलामी दी और परेड के मार्च पास्ट से सलामी ली।

### इस परेड का खास आकर्षण

घुड़सवार दल रहा, जिसने अपनी भव्यता और अनुशासन से सबका ध्यान खींचा। रिहर्सल में पुलिस बल की तीन टुकड़ियां, जिसमें महिला पुलिस बल, गृह रक्षक, एसएसबी, आईआरबी के जवान, घुड़सवार दल, एसएस +2 उच्च विद्यालय गर्ल्स और बॉयज के परेड दल, तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालय गुमला की बैंड टीम भी शामिल रहीं।

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने परेड में भाग लेने वाले जवानों और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आत्मविश्वास और राष्ट्र प्रेम के साथ अपने प्रदर्शन को सर्वश्रेष्ठ बनाएं। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने परेड के सुचारू संचालन के लिए पुलिस कर्मियों को दिशा-निर्देश दिए।

गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी, रविवार को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित होगा। झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा मुख्य अतिथि के रूप में झंडोत्तोलन करेंगे। समारोह को भव्य और सफल बनाने की तैयारियां जोरों पर हैं।





### परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में मंत्री करेंगे गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन

**गुमला।** गुमला में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी, 2025 को परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। सुबह 9:00 बजे झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा झंडोत्तोलन करेंगे। इस पुनीत अवसर पर देशभक्ति के जज्बे के साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। समारोह में जनता और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति की संभावना है।

### छात्र अभिप्रेरण सप्ताह के माध्यम से बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्टता का प्रयास

**गुमला।** गुमला जिले में माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर की शिक्षा को सशक्त बनाने और कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्रों की शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'छात्र अभिप्रेरण सप्ताह-2025' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निदेशानुसार 27 जनवरी से 01 फरवरी 2025 तक जिले के सभी माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित होगा। उपायुक्त के पत्रांक 110 (दिनांक 21 जनवरी 2025) के तहत, जिला और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी विद्यालयों में जाकर शिक्षकों और छात्रों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। वे छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन और प्रोत्साहन प्रदान करेंगे। बोर्ड परीक्षाएं 11 फरवरी 2025 से शुरू होंगी, जिसके मद्देनजर सभी प्रधानाध्यापकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे 'छात्र अभिप्रेरण सप्ताह' के दौरान परीक्षा की सभी तैयारियां सुनिश्चित करें।

**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
CIN:U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Area, Medininagar
*Regd. Office: By Pass Road, Sudna, Medininagar, 822102*
*email:-gm_mdnjseb@yahoo.in • Telephone:-06562-295539*

**e-Tender cancellation notice**

Due to unavoidable reason, NIT No - 266/PR/JBVNL/2024-25 is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No. 343303

Sd/-
General Manager (Tech)
Electric Supply Area, Medininagar

PR 344972 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 24-25 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग**
झारखण्ड मंत्रालय, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, राँची – 834 004

**शुद्धि पत्र**

राँची, दिनांक–

संख्या–03/स०क०/रा०बा०आ०–48/2006 (खण्ड–II)................./महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राँची अन्तर्गत अध्यक्ष एवं सदस्य के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु JAP – IT, राँची के पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करने संबंधी नोटिस का प्रकाशन PR संख्या– 344888, दिनांक– 22.01.2025 द्वारा किया गया है। उक्त नोटिस की कंडिका–2 में त्रुटिवश वर्णित नोटिफिकेशन संख्या–184, दिनांक–20.01.2025 को नोटिफिकेशन संख्या–229, दिनांक–22.01.2025 पढ़ा जाय।

ह०/–
(विक्रमा राम)
सरकार के अवर सचिव।

PR 345026 (Women, Child Development & Social Security) 24-25 (D)

# फसल राहत योजना व सहकारिता सहित कई योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड), ऋण माफी, फसल राहत योजना, सहकारिता विभाग, पीएमईजीपी, एसएचजी, महिला लाखपति किसान योजना, रागी मिशन, बैंक लिंकेज, और खरीफ सुखाड़ टास्क फोर्स के तहत प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए केसीसी के 2323 आवेदनों में से 1270 स्वीकृत हुए, जिनमें 1249 लाभुकों को ऋण प्रदान किया गया। उपायुक्त ने पेंडिंग और रिजेक्ट आवेदनों की पुनः जांच के निर्देश दिए और संबंधित अधिकारियों को बैंक समन्वय के माध्यम से शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने को कहा। सहकारिता विभाग के तहत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए। एसएचजी योजनाओं की समीक्षा में बताया गया कि 157 आवेदनों का शत-प्रतिशत निष्पादन किया जा चुका है। पीएमईजीपी के तहत 199 आवेदनों में से 61 का निष्पादन हो चुका है, जबकि 47 आवेदन लंबित हैं। पीएमएफएमई के 34 पेंडिंग आवेदनों को भी शीघ्र निपटाने का निर्देश दिया गया। मत्स्य पालन, पशुपालन और भूमि संरक्षण विभाग की योजनाओं में तेजी लाने पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को लाभार्थियों तक योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने और बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में डीडीसी, एलडीएम, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला सहकारिता पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा**
**पाण्डेय गणपत राय भवन प्रथम तल्ला,**
**समाहरणालय, लोहरदगा पिन –835302**
**E-mail :- ssaloh@rediffmail.com / lohardagassa@gmail.com**

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**आम – सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिले के निम्न 03 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा 06 एवं 09 में नामांकन हेतु प्रवेश आवेदन फार्म संबंधित विद्यालय के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

| SL | NAME OF SoE SCHOOL | U-DISE CODE | CLASSWISE STATUS | "AVAILABLE SEATS IN SCHOOL (NEW SESSION)" | Website Address |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | KASTURBA CM SoE GIRLS LOHARDAGA | 20150105905 | CLASS 6 | 40 | https://kasturbagirlslohardaga.com |
| | | | CLASS 7 | 17 | |
| | | | CLASS 8 | 6 | |
| | | | CLASS 9 | 86 | |
| | | | CLASS 10 | 0 | |
| | | | CLASS 11-240 | 124 | |
| | | | CLASS 12 | 0 | |
| 2 | KGBV CM SoE LOHARDAGA | 20150102504 | CLASS 6 | 25 | https://www.kgbvlohardaga.com |
| 3 | DISTRICT CM SoE NADIA HINDU LOHARDAGA | 20150105007 | CLASS 6 | 40 | https://govtnadiahinduschool.com |
| | | | CLASS 7 | 5 | |
| | | | CLASS 8 | 0 | |
| | | | CLASS 9 | 81 | |
| | | | CLASS 10 | 0 | |
| | | | CLASS 11-360 | 250 | |
| | | | CLASS 12 | 0 | |

अतः इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 20.01.205 से 10.02.2025 तक नामांकन फार्म डाउनलोड कर संबंधित विद्यालय में आवेदन जमा कर सकते है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 345001 Lohardaga(24-25).D

**कार्यालय : जिला स्वास्थ्य समिति,**
**एन०सी०डी कोषांग, लातेहार**
Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: ncdlatehar@gmail.com

**अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार के अंतर्गत जिला अस्पताल एवं विभिन्न स्वास्थ्य संस्थान यथा–सदर, अस्पताल, लातेहार, सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो के लिए वित्तीय वर्ष 2024–25 अंतर्गत चिकित्सीय आपूर्ति (दवाओं) एवं उपचार सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निबंधित निर्माता/प्रतिष्ठानों/प्राधिकृत एजेंसियों से निम्न रूपेण ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है। (E-Tender Notice No. 02/2025 (NCD))

| Sr.No | Name of Work | Description |
|---|---|---|
| 01 | Drugs & Equipment and Consumables | Rate Contract for Medicine, Equipment &Consumablesetc |
| 02 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 30,000/- (Thirty Thousand) should be deposited through online mode www.jharkhandtenders.gov.in before uploading the bid in the e-Procurement portal of the tender inviting authority. |
| 03 | Date of Publication of Tender on Website | 25/01/2025 from 11:00 A.M |
| 04 | Last Date/Time for Submission of bids (Online) | 02/02/2025 from 05:00 P.M |
| 05 | Bid Opening Date (Technical) | 03/02/2025 from 01.00 P.M (C.S Office, Latehar) |
| 06 | Bid Opening Date (Financial) | To be notified later |
| 07 | Name & Address of office inviting tender (Procurement Officer) | Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer, NCD Cell, Sadar Hospital Campus, Latehar |
| 08 | Contact no. of procurement officer | 7903651269 |
| 09 | Helpline Number | 7903118271 |

उक्त निहित तिथि एवं समय पर जिला क्रय समिति (स्वास्थ्य) लातेहार द्वाराई–निविदा, के तकनीकि भाग खोलते समय निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। ई–निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

Note: Further details can be seen, downloaded, and applied through website http://jharkhandtenders.gov.in, Memo No: 35/NCD Date: 24/01/2025

PR 345032 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D

Civil Surgeon Cum
Chief Medical Officer, Latehar

### भरनो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेले का आयोजन, 1148 लोगों को मिली सुविधाएं



**गुमला।** गुमला जिले के भरनो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन प्रमुख पारसनाथ उराँव, बीडीओ अरुण कुमार सिंह, चिकित्सा प्रभारी डॉ. जाहिद अख्तर और मुखिया मंजू कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। आगंतुक मेहमानों का स्वागत बुके देकर किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी डॉ. जाहिद अख्तर ने बताया कि यह स्वास्थ्य मेला जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जागरूक करने और उन्हें लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी मेले के माध्यम से दी जा रही है। डॉ. जाहिद ने यह भी जानकारी दी कि 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 फरवरी को सभी आंगनबाड़ी बूथों पर और 11 से 25 फरवरी तक घर-घर जाकर फाइलेरिया की दवा दी जाएगी। मेले में स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जिनका प्रमुख, बीडीओ, चिकित्सा प्रभारी और मुखिया ने अवलोकन किया। मेले में कुल 1148 लोगों ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. जाहिद, रविंदर कुमार, जावेद खान, प्रवीण कुमार, फहीम खान, चंदन राणा सिंह समेत सहिया, एनएम और सभी स्वास्थ्य कर्मियों की अहम भूमिका रही।

### कांटा सारू में 8-9 मार्च को होगा सरना प्रार्थना सभा व सामूहिक डंडा कटना का आयोजन



**गुमला।** गुमला प्रखंड के कांटा सारू गांव में सरना प्रार्थना सभा जिला समिति, धार्मिक अगुवा और पंचायत समिति की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 8 और 9 मार्च को आदिवासी सामूहिक डंडा कटना और दो दिवसीय सरना प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। सरना प्रार्थना सभा जिला समिति के अध्यक्ष सुशील केरकेट्टा ने कहा कि पूरे देश में आदिवासियों की धरोहरों पर धार्मिक अतिक्रमण किया जा रहा है। सरना और मसना की जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है, जो हमारी संस्कृति के लिए खतरा है। उन्होंने पूरे सरना समाज से अपील की कि अपनी धरोहरों की रक्षा के लिए एकजुट हों। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए संचालन समिति का गठन किया गया। समिति में राजेश मिंज को अध्यक्ष, घासी उरांव को उपाध्यक्ष, वीरेंद्र उरांव को सचिव और सुखमणि उरांव को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गोविंद उरांव, रोपा उरांव, सुभाष उरांव, करमा उरांव, बोडरा उरांव, सुशील उरांव, चरिया उरांव, लाली उरांव, लक्ष्मी उरांव, महादेव उरांव, राजेश उरांव और बिरसाई उरांव को शामिल किया गया। इस मौके पर महादेव भगत, चामीन इंदवार, अमित उरांव, राजमणि उरांव, रिया नगेसिया, रमेश उरांव, बुधु उरांव, नीलिमा उरांव, मानेश्वर उरांव, बादल उरांव और अन्य लोग उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पंचायत,**
**लातेहार**

**अतिअल्पकालिन कोटेशन आंमत्रण सूचना सं0 18/2024–25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में अवस्थित खराब पड़ें संयत्रों की विशेश मरम्मति एवं रंग–रोगन कराया जाना है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संवेदक नगर पंचायत लातेहार में अवस्थित सभी संयत्रों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए खराब पड़ें संयत्रों के अनुसार मरम्मति एवं रंग–रोगन हेतु संयत्रवार अलग–अलग अपना भावपत्र (कोटेशन) नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में दिनांक 31.01.2025 को अपराहन् 2.30 बजे तक पूर्ण विवरणी एवं सभी कर सहित जमा कर सकते हैं। कोटेशनदाता से प्राप्त कोटेशन को उसी दिन अपराहन् 3.30 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। मरम्मति किये गये संयत्रों के एक वर्ष तक वारंटी की जिम्मेवारी संबंधित व्यक्ति/फर्म/संवेदक की होगी। संयत्रों का विवरण निम्नवत है:–

1. Bolero and Hydraulic Lift,
1. Septic Tank Suction Machine
2. Nala Safai Machine

सभी कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ अध्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट, पैन कार्ड एवं GST प्रमाण पत्र 3B Return एवं खराब पड़ें संयत्रों के पूर्ण विवरणी के साथ अलग–अलग भावपत्र सभी कर सहीत Verification Report के साथ देना अनिवार्य होगा। कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ निविदा शुल्क के रूप में 1000.00 (एक हजार) रू0 की राशि का बैंकर चेक/बैंक ड्राफ्ट जो **कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत लातेहार** के नाम से देय हो जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही विपत्र के भुगतान के समय भुगतान की जाने वाली राशि से नियुमानुसार कर (Tax) एवं सुरक्षीत जमा राशि की कटौती की जायेगी। कोटेशनदाता से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। कार्यादेश निर्गत की तिथि से 30 दिनों के अन्दर उपरोक्त संयत्रों की मरम्मति एवं रंग–रोगन करते हुए नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय को उपलब्ध करना आवश्यक होगा। इसके लिए कोई भी अतिरिक्त राशि का भुगतान नही किया जायेगा। इस संबंध में विशेश जानकारी कार्यालय के कार्य दिवस में जय प्रकाश रंजन, कनीय अभियंता, नगर पंचायत लातेहार से प्राप्त की जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR.NO.344959 Urban Development(24-25):D

**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल विभाग**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**

**ई–प्रोक्योरमेंट अल्प कालीन निविदा सूचना**

**PR No. 293481 का पंचम आमंत्रण**

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या DWSD/Lohardaga/26/2022-23

दिनांक : 24.01.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम – Detailed survey, designing and drawing, Construction of Weir with allied works etc. all complete job for **Arkosa and Adjoining villages Rural Water Supply Scheme** under D.W. & S. Division Lohardaga on turnkey basis." | |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 1253.79 लाख रूपये |
| 3 | अग्रधन की राशि | 12.54 लाख रूपये |
| 4 | परिमाण विपत्र का मूल्य | 0.10 लाख रूपये |
| 5 | कार्य पूरा करने की अवधि | 09 months + 3 months (Trial and run for rectification of defects etc.) |
| 6 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 29.01.2025, 03:30 बजे अपराहन से |
| 7 | प्री बीड मिटिंग की तिथि एवं स्थान | दिनांक 11.02.2024, समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय, नेपाल हाउस, रांची |
| 8 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 19.02.2025, 03:30 बजे अपराह्न तक |
| 9 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 19.02.2025, 03:30 बजे अपराह्न तक |
| 10 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 21.02.2025, 11:30 बजे पूर्वाह्न से |
| 11 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 12 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम एवं मोबाईल नं0 | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा। मो0 8084784990 |
| 13 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 8084784990 |

नोट: वैसे सम्वेदक जो पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधित नहीं है, वे भी निविदा में भाग ले सकते हैं, परन्तु कार्यावंटन के 60 दिनों के अंदर पेयजल एवं स्वच्छता में समुचित श्रेणी में निबंधन करवा लेना अनिवार्य होगा। ऐसी स्थिति में उन्हे विभागीय पत्रांक 678(CDO) दिनांक 20.10.2012 के अनुसार इस आशय का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा कि राज्यान्तर्गत किसी भी थाने में उनके विरूद्ध कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं है और वे निविदा के अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं। प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
लोहरदगा

PR 345004 Lohardaga(24-25)#D

#### पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी गांवों के विकास पर विशेष समीक्षात्मक बैठक संपन्न

# कई योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कर विकास कार्यों को तेजी लाएं : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में पीएम जनमन योजना के तहत विशेष समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीवीटीजी (अत्यंत पिछड़ी जनजातीय समूह) गांवों के नागरिकों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने और विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने नकटी झरिया सहित अन्य क्षेत्रों में पेयजल सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। आवास योजनाओं के तहत पात्र लाभुकों को लाभ दिलाने और छूटे हुए पीवीटीजी परिवारों का सर्वेक्षण कर उन्हें शामिल करने का आदेश दिया गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 9 सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है और 23 नई सड़कों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। उपायुक्त ने इन सड़कों का निर्माण कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए पीवीटीजी गांवों में मोबाइल मेडिकल वैन की मॉनिटरिंग, आयुष्मान कार्ड निर्माण, और सिकल सेल एनीमिया जांच को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। शिक्षा और छात्रावास सुविधाओं के साथ-साथ सभी घरों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और वैकल्पिक व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में मोबाइल नेटवर्क, आंगनवाड़ी केंद्र, राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, मातृ वंदना योजना, छात्रवृत्ति, और वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टा वितरण पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक (आईटीडीए), जिला आपूर्ति पदाधिकारी, और नीति आयोग के प्रतिनिधि रमेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार**

**अतिअल्पकालिन कोटेशन आंमत्रण सूचना सं0 17/2024–25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निकाय क्षेत्र अन्तर्गत कार्यालय कार्य को ध्यान में रखते हुए Welding Machine का क्रय नगर पंचायत लातेहार द्वारा की जानी है। विवरण निम्नवत है:–

| S.L. NO | DESCRIPTION | Quantity | Tender Fees | Earnest Money | Rate with all Taxes |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | WELDING MACHINE Single Phase, Protable Inverter Welding Machine of input voltage 220 V and frequency 50 Hz having these features:- Anti stick, Arc force (for stable arc), Hot start, with these accessories:- Welding cable, Electrode holder, Earth Clamp, 20 m 2.5mm wire, Welding gloves, Weldin g shield glass, Arc welding electrode rod (3.15mm) made up of tungsten- 500 pc and steel- 500pc | As Per Required | 500.00 | 5000.00 | |

उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक फर्म /आपूर्तिकर्ता से दिनांक 31.01.2025 के अपराहन् 2.30 बजे तक पूर्ण विवरणी एवं सभी कर सहित अपना कोटेशन नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। कोटेशनदाता से प्राप्त कोटेशन को उसी दिन अपराहन् 3.30 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। कोटेशनदाता को आपूर्ति की जाने वाली संयत्रों का Presentation निविदा समिति के समक्ष दिनांक 31.01.2025 को अपराहन् 3.30 बजे देना अनिवार्य होगा, आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की गुणवता अच्छी होने के उपरान्त ही संयत्रों की आपूर्ति ली जायेगी। कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ अध्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट, पैन कार्ड एवं GST प्रमाण पत्र 3B Return एवं आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों का रंगीन कैटलॉग /फोटोग्राफ देना अनिवार्य होगा। कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का बैंकर चेक/बैंक ड्राफ्ट जो **कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत लातेहार** के नाम से देय हो जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही विपत्र के भुगतान के समय भुगतान की जाने वाली राशि से नियुमानुसार कर (Tax) की कटौती की जायेगी। कोटेशनदाता से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। कार्यादेश निर्गत की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर उपरोक्त सामग्रियों की आपूर्ति करना आवश्यक होगा। इस संबंध में विशेष जानकारी कार्यालय के कार्य दिवस में जय प्रकाश रंजन, कनीय अभियंता, नगर पंचायत लातेहार से प्राप्त की जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 344958 (Urban Development)24-25*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

सदा अपने मन की पृष्ठभूमि में अपने प्रिय परमपिता को संबोधित कर, एक भक्ति गीत यह याद रखते हुए गुनगुनाते रहिए कि आपकी समस्त क्षमताएं उनके ही उपहार हैं। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# आ रहा इलेक्ट्रिक वाहन बाजार

भारत में 80 के दशक में देश में कार क्रांति का सूत्रपात हुआ था और मारुति को उसका श्रेय जाता है। चार दशकों के बाद अब फिर एक कार क्रांति होती दिख रही है। इस बार यह इलेक्ट्रिक कारों के रूप में होगी। पिछले कुछ वर्षों से भारत के वाहन बाजार में इलेक्ट्रिक कारें दिखने लगी हैं। टाटा मोटर्स ने इसकी शुरुआत की और उसके बाद तो लगभग हर ऑटोमोबाइल कंपनी ने ऐसी कारें बनानी शुरू कर दी हैं। इतना ही नहीं अमेरिकी कार कंपनी टेस्ला, जो इलेक्ट्रिक कारों के उत्पादन में अग्रणी है, भारत में आने के लिए उत्सुक है, लेकिन समस्या है कि टेस्ला के मालिक एलन मस्क भारत सरकार की शर्तों पर यहां आने के लिए तैयार नहीं हैं। अगर वह आते हैं तो फिर बाजार में जबर्दस्त स्पर्धा होगी। भारत में काम कर रहीं तमाम कार कंपनियां इलेक्ट्रिक कारें बनाने लगी हैं, मारुति को छोड़कर। टाटा मोटर्स के अलावा, भारत की दूसरी बड़ी वाहन निर्माता कंपनी महिंद्रा भी उतर चुकी है। कोरियाई कंपनी हुंडई, एमजी, चीनी कंपनी बीवाईडी, विदेशी लग्जरी कार निर्माता कंपनियां जैसे मर्सिडीज, बीएमडब्ल्यू, ऑडी आदि ने भी अपनी कारें पेश कर दी हैं। इनके अलावा हाई एंड कार कंपनी रॉल्स रॉयल भी इलेक्ट्रिक कारें लेकर हाजिर है। उसकी कीमत सात करोड़ रुपए से भी ज्यादा है। लेकिन जिस कार कंपनी को लेकर सबसे ज्यादा उत्सुकता है वह है मारुति, जो इसी साल इलेक्ट्रिक कारें लेकर आ रही है। बताया जाता है कि वह तीन तरह की इलेक्ट्रिक कारें लेकर आएगी। इस साल कार बाजार में स्पर्धा तेज होगी। जापानी कंपनी टोयोटा मारुति के साथ मिलकर अपनी इलेक्ट्रिक कारें उतारेगी। मारुति बाजार की स्पर्धा को ध्यान में रखते हुए शक्तिशाली बैटरी वाली कारें उतारने जा रही है। कहा जा रहा है कि ये कारें एक चार्ज में 550 किलोमीटर की दूरी तय कर सकती हैं। कंपनी कीमतों को वहन करने लायक रखेगी, ताकि अधिक बिक्री हो। इलेक्ट्रिक कारों के साथ यह समस्या आ रही थी कि ये एक चार्ज में लगभग 300 किलोमीटर से ज्यादा नहीं जा पा रही थीं। इसके अलावा उनके चार्जिंग की भी समस्या थी। ठीक वैसी स्थिति है, जैसी सीएनजी वाली कारों के मालिकों को एक जमाने में झेलनी पड़ी थी।

*पिछले कुछ वर्षों से भारत के वाहन बाजार में इलेक्ट्रिक कारें दिखने लगी हैं।*

इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों का सबसे बड़ा निर्माता देश चीन है, जो दुनिया की कुल खपत का 79 फीसदी उत्पादन करता है। उसके बाद अमेरिका का स्थान है। विदेशों से आयातित होने के कारण इन बैटरियों की कीमतें भी ज्यादा हैं। भारत में बैटरियां बनती हैं, लेकिन कम। कारों की बैटरियां लीथियम से बनती हैं। अभी भारत में लीथियम की खोज और प्रयोग चल रहा है। भारत जितनी जल्दी बैटरी बनाने में स्वावलंबी होगा, ग्राहकों को उतना ही फायदा होगा। इलेक्ट्रिक कारों की बैटरियां बहुत महंगी हैं और उनकी कुल कीमतें कार की कीमतों का 70 फीसदी तक हो सकती हैं। दूसरी ओर, अब कार कंपनियां शक्तिशाली बैटरियों की तलाश में हैं। बताया जा रहा है कि मारुति दो पैक वाली 60 किलोवाट की बैटरी लेकर आ रही है। इससे कारों के ज्यादा दूर बिना चार्ज के जाने की क्षमता बढ़ जाएगी। महंगी होने की वजह से अभी देश में कुल कारों की बिक्री में इलेक्ट्रिक कारों की संख्या एक फीसदी से कुछ ज्यादा है।

# लोकतंत्र को मजबूती देने के लिये मतदाता को जागना होगा

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस - 25 जनवरी पर वशेष



आज की बात



**ललित गर्ग**

भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रुझान को देखते हुए इस दिवस को मनाने की आवश्यकता महसूस हुई और पहली बार इसे वर्ष 2011 में मनाया गया। इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन दिया जाये। 'मतदाता बनने पर गर्व है, मतदान को तैयार हैं' जैसे नारों के साथ मतदान दिवस मनाने का मुख्य कारण है कि लोगों को मतदान का महत्व बताया जाए ताकि लोग इसके प्रति जागरूक हो और अपने मत का आवश्यकतरूप से उपयोग करते हुए सही उम्मीदवार को चुने। 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2025 की थीम है ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम।'' ऐसा करके ही लोकतंत्र को मजबूती दी जा सकती है। पिछले कुछ वर्षों में इसने मतदान के अधिकार के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विशेषतः युवा मतदाताओं को पंजीकृत करने, उन्हें मताधिकार का उपयोग करने के लिये अग्रसर और प्रेरित करने में इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका बनी है। चुनाव आयोग इस मंच का उपयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में योगदान देने वाले अधिकारियों, हितधारकों और संगठनों के प्रयासों को मान्यता देने के लिए भी करता है। यह लोकतांत्रिक मील का पत्थर बना है और भारत के लोकतंत्र के 78 वर्षों की यात्रा और चुनावी अखंडता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता के लिये इसे जश्न रूप में मनाया जाता है।

किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। इसलिये इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है और उन्नत राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी निभाता है। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है। लेकिन जनता तिलक किसको लगाये, इसके लिये सब तरह के साम-दाम-दंड अपनाये जा रहे हैं। हर राजनीतिक दल अपने लोकलुभावन वायदों एवं घोषणाओं को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। लेकिन ऐसा होता तो आजादी के अमृतकाल तक पहुंच जाने के बाद भी देश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझता दिखाई देता। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि "अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे।" इसलिये यह दिवस मतदाता को जागरूक करने के साथ प्रशिक्षित भी करता है।

भारतीय लोकतंत्र दुनिया का विशालतम लोकतंत्र है और समय के साथ परिपक्व भी हुआ है। बावजूद इसके लोकतंत्र अनेक विसंगतियों एवं विषमताओं का भी शिकार है। मुख्यतः चुनाव प्रक्रिया में अनेक छिद्र हैं, सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे बड़ा छिद्र चुनावों की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को लेकर है। खरीद-फरोख्त, नशा एवं मतदाताओं को लुभाने एवं आकर्षित करने का आरोप भी लोकतंत्र पर बड़े दाग हैं। चुनाव सुधारों की तरफ हम चाह कर भी बहुत तेजी से नहीं चल पा रहे हैं। चुनाव आयोग जैसी बड़ी और मजबूत संस्था की उपस्थिति के बाद भी चुनाव में धनबल, बाहूबल एवं सत्ताबल का प्रभाव कम होने के बजाए बढ़ता ही जा रहा है। ये तीनों ही हमारे प्रजातंत्र के सामने सबसे बड़ा संकट है। इन सब संकटों से मुक्ति के लिये मतदाता की जागरूकता की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण पहलू चुनाव है, लोकतंत्र में स्वस्थ मूल्यों को बनाये रखने के साथ उसमें सभी मतदाताओं की सहभागिता को सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिये चुनाव आयोग का आरईवीएम के प्रयोग का प्रस्ताव सैद्धांतिक तौर पर एक सराहनीय एवं जागरूक लोकतंत्र की निशानी है। क्योंकि आजादी के बाद से ही जितने भी चुनाव हुए है, उनमें लगभग आधे मतदाता अपने मत का उपयोग अनेक कारणों नहीं कर पा रहे हैं, ऐसा हर चुनाव में होता आया है। इसलिए लंबे समय से मांग उठती रही थी कि ऐसे लोगों के लिए मतदान का कोई व्यावहारिक एवं तकनीकी उपाय निकाला जाना चाहिए। उसी के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के द्वारा घरेलू प्रवासियों के लिए आरवीएम का प्रस्ताव एक सूझबूझभरा एवं दूरगामी सोच एवं विवेक से जुड़ा उपक्रम है। जरूरत है राजनीतिक दल ऐसे अभिनव उपक्रम का विरोध करने या अवरोध खड़ा करने की बजाय उसका अच्छाइयों को स्वीकार करते हुए स्वागत करें।

इनदिनों दिल्ली विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां उग्रता पर है और इसमें मुफ्त की रेवडियां बांटने की होड़-सी लगी है। लोकतन्त्र में यह मुफ्त बांटने की मानसिकता एक तरह का राजशाही का अन्दाज ही कहा जायेगा जो लोकतंत्र के मूल्यों के विपरीत है। लोकतंत्र में कोई भी सरकार आम जनता की सरकार ही होती है और सरकारी खजाने में जो भी धन जमा होता है वह जनता से वसूले गये शुल्क या टैक्स अथवा राजस्व का ही होता है। राजशाही के विपरीत लोकतन्त्र में जनता के पास ही उसके एक वोट की ताकत के भरोसे सरकार बनाने की चाबी रहती है। दरअसल, जनता के हाथ की इस चाबी को अपने पक्ष में घुमाने एवं जीत का ताला खोलने के लिये यह मुफ्त की संस्कृति एक राजनीतिक विकृति के रूप में विकसित हो रही है। वृद्धों को मुफ्त धार्मिक यात्रा-पेंशन, युवाओं को रोजगार देने का वायदा, महिलाओं को नगद राशि एवं मुफ्त बस सफर हो या बिजली-पानी या गैस सिलेंडर। हालात यह हो गए है कि इस मामले में लगभग सभी पार्टियों के बीच एक होड़ जैसी लग गई है कि मुफ्त के वादे पर कैसे मतदाताओं से अपने पक्ष में लुभा कर मतदान कराया जा सके। इससे राज्यों का आर्थिक संतुलन लड़खड़ाता है या वे कर्ज में डूबती है तो इसकी चिन्ता किसी भी दल की सरकार को नहीं है। इस बड़े संकट से उबारने का काम मतदाता ही कर सकता है, वह बिना प्रलोभन, लोभ एवं मुफ्त की सुविधाओं के निष्पक्ष मतदान के लिये आगे आये।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस से जुड़ा एक और महत्वपूर्ण विमर्शनीय विषय है लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का सुझाव, इसको लेकर एक सार्थक बहस छिड़ी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों चुनावों को एक साथ कराने का सुझाव दिया था।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# गणतंत्र दिवस : अतीत का सम्मान, भविष्य की दृष्टि

देश की बात



**प्रो. आर.के. जैन 'अरिजीत'**

26 जनवरी को मनाया जाने वाला गणतंत्र दिवस भारतीयों के दिलों में गर्व, सम्मान और राष्ट्रीय एकता की अमर ज्योति प्रज्वलित करता है। यह दिन केवल हमारे गणराज्य की स्थापना का उत्सव नहीं है, बल्कि लोकतंत्र के आदर्शों, हमारी बहुतांश संस्कृतियों और भारतीयता की अनन्त भावना का एक विशाल महोत्सव है। इस वर्ष की थीम, 'स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास', हमारे गौरवशाली इतिहास को अभिवादन करते हुए, हमें एक ऐसे भविष्य की ओर अग्रसर करती है जो स्वर्णिम हो। यह थीम हमारे देश की प्राचीन विरासत को नमन करती है, जो हजारों वर्षों के सांस्कृतिक धरोहर, ज्ञान, और कला का अमूल्य खजाना है। यह हमें याद दिलाती है कि भारत की ताकत उसकी विविधता में है, जहाँ हर राज्य, हर क्षेत्र, हर समुदाय अपनी अनोखी पहचान और संस्कृति लिए हुए है। हमारे पूर्वजों ने जो संस्कृति और परंपराएँ सौंपी हैं, उन्हें संरक्षित करना और आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है। लेकिन 'स्वर्णिम भारत' केवल विरासत तक सीमित नहीं है; यह विकास की बात भी करती है। हमारे सामने एक ऐसे भारत का निर्माण करने का लक्ष्य है, जहाँ हर नागरिक को शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के समान अवसर मिलें। यह विकास का मार्ग है जो हमें समावेशी, टिकाऊ और न्यायपूर्ण समाज की ओर ले जाता है। जब राजपथ पर अनुशासनबद्ध कदमताल के साथ हमारी सैन्य परेड प्रारंभ होती है, तो यह केवल भारत की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि हमारे सैनिकों के अदम्य साहस और अटूट संकल्प का जीवंत उदाहरण है। यह दृश्य भारत की राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बनकर हर हृदय को गर्व और प्रेरणा से भर देता है। विभिन्न राज्यों की झांकियाँ हमारी सांस्कृतिक विविधता और समृद्ध विरासत का अद्भुत चित्रण करती हैं, जो यह सिखाती हैं कि भारत की वास्तविक शक्ति उसकी विविधता में निहित है। लेकिन क्या यह भव्यता हमारे समाज की सच्चाई को भी प्रतिबिंबित करती है? क्या संविधान में लिखी स्वतंत्रता और समानता हमारे जीवन में साकार होती हैं, या वे केवल किताबों तक सीमित हैं? गणतंत्र दिवस का असली अर्थ सिर्फ परेड और उत्सव तक सीमित नहीं है; यह हमें आत्ममंथन के लिए प्रेरित करता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# विकसित भारत बनाने में साहित्य और साहित्यकारों की भूमिका

आपकी बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक,
सहायक आचार्य,
कार्तिक उरांव
महाविद्यालय, गुमला
रांची विवि, रांची।

आज के वैश्विक परिदृश्य में, जब तकनीक और वैज्ञानिक प्रगति समाज के हर क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत कर रही है, साहित्य और साहित्यकारों की भूमिका कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। तकनीक भले ही भौतिक विकास का मार्ग प्रशस्त करती हो, लेकिन समाज के नैतिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक विकास का आधार साहित्य ही है। साहित्य समाज का दर्पण है, जो न केवल वर्तमान समय की सच्चाईयों को दिखाता है, बल्कि भविष्य के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान करता है। साहित्यकार समाज की विचारधाराओं, समस्याओं और संभावनाओं का विश्लेषण करते हुए उन्हें शब्दों के माध्यम से व्यक्त करते हैं।

साहित्य में मानव मूल्यों, आदर्शों और नैतिकता को बनाए रखने की अद्भुत क्षमता है। यह समाज में करुणा, समानता और सहिष्णुता को प्रोत्साहित करता है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में साहित्य सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और प्रचारित करता है। यह युवा पीढ़ी को उनकी जड़ों से जोड़ने का कार्य करता है। साहित्यकार अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, असमानताओं और अन्याय को सामने लाते हैं, जिससे समाज में बदलाव के लिए चेतना पैदा होती है। आज के तकनीकी युग में साहित्यकारों की भूमिका केवल मनोरंजन प्रदान करने तक सीमित नहीं है। उनकी जिम्मेदारी अपनी रचनाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रस्तुत कर अधिक से अधिक पाठकों तक पहुंचाना चाहिए। ब्लॉग, ई-बुक्स, ऑडियोबुक्स, और सोशल मीडिया साहित्य को व्यापक जनमानस तक पहुंचाने का माध्यम बन सकते हैं।

साहित्यकारों को शिक्षा प्रणाली का हिस्सा बनते हुए युवा पीढ़ी के साथ संवाद स्थापित करना चाहिए, ताकि उनमें साहित्य और संस्कृति के प्रति रुचि विकसित हो। साहित्य को विज्ञान, तकनीक और कला के साथ जोड़कर नए विचारों और आविष्कारों के लिए प्रेरित करना चाहिए। सिर्फ साहित्य ही नहीं, बल्कि नाटककार, कलाकार, और लोक कलाकार भी समाज को विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। नाटककार सामाजिक मुद्दों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर जनसामान्य को जागरूक कर सकते हैं।

लोक कलाकारों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित किया जा सकता है। कला और नाटक सामाजिक संवाद के साधन बन सकते हैं, जो समाज में समरसता और सहयोग को प्रोत्साहित करते हैं। साहित्य, कला और संस्कृति किसी भी राष्ट्र की आत्मा होती हैं। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए साहित्यकारों और कलाकारों को राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देना होना चाहिए। साहित्य और कला के माध्यम से समाज में भाईचारे और एकता का संदेश देने के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए। कलाकार और साहित्यकारों को ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा और जागरूकता लाने के लिए साहित्य और कला का उपयोग करते हुए आधुनिकता के साथ-साथ पारंपरिक मूल्यों को बनाए रखना, जिससे समाज नैतिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध हो सके। सतत विकास की प्रेरणा से पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, और आर्थिक न्याय जैसे मुद्दों पर साहित्य, कला, नाटक और लोक कलाएं केवल मनोरंजन के साधन नहीं हैं; वे समाज के बौद्धिक, नैतिक और सांस्कृतिक विकास के मुख्य आधार हैं। एक विकसित भारत का निर्माण केवल तकनीकी और आर्थिक प्रगति से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए एक सशक्त, जागरूक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध समाज की आवश्यकता है। साहित्यकार, नाटककार और कलाकार इस दिशा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, जो भारत को एक प्रगतिशील, सशक्त और विकसित राष्ट्र बनाने में सहायक होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

कौन किधर से चल रहा, किस पर, कैसा वार।
मित्र कौन है, शत्रु भी, है अबूझ संसार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**


## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# दिल्ली में मुफ्त चुनावी उपहारों के शोर में असल मुद्दे दब कर रह गये हैं

अलग बात



**नीरज कुमार दुबे**

पआम आदमी पार्टी ने मुफ्त योजनाओं की जो आदत जनता को लगाई है उसको देखते हुए अन्य पार्टियां भी इसी नीति पर चलती नजर आ रही हैं। यह नीति राजनीतिक दलों को सत्ता तो दिला देगी लेकिन सरकारी खजाने को और राज्य की आर्थिक सेहत को खासा नुकसान पहुँचाएगी।

अक्सर आपने देखा होगा कि किसी राज्य में विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक और सामाजिक समीकरण हावी हो जाते हैं लेकिन देश की राजधानी दिल्ली में हालात एकदम अलग हैं। विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली में राजनीतिक चर्चा में ''मुफ्त उपहारों'' की चर्चा हावी है जिससे प्रदूषण, कानून व्यवस्था, महिलाओं के खिलाफ अपराध और बुनियादी ढांचा सहित अन्य प्रमुख मुद्दे पीछे रह गए हैं। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी मुफ्त बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और महिलाओं के लिए निःशुल्क सार्वजनिक परिवहन पहल पर जोर देते हुए ''रेवड़ी पर चर्चा'' जैसे अभियानों का नेतृत्व कर रही है। इसने नयी योजनाओं की भी घोषणा की है, जिनमें महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपये देने के वादे के साथ मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना और बुजुर्गों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल संबंधी संजीवनी योजना शामिल है।

कांग्रेस ने जवाब में 'प्यारी दीदी योजना' की घोषणा की है जिसके तहत महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये देने की बात कही गई है। इसने 25 लाख रुपये तक की बीमा कवरेज का वादा करते हुए 'जीवन रक्षा योजना' की घोषणा भी की है। वहीं भाजपा ने भी अपने संकल्प पत्र के दो चरण अब तक जारी किये हैं जिनमें हर वर्ग के लिए योजनाओं की भरमार है। देखा जाये तो इन मुफ्त योजनाओं को एक बार 'मुफ्त की रेवड़ी' करार देने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी दिल्ली के लोगों को आश्वस्त करना पड़ा है कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो इस तरह की योजनाएं जारी रखी जाएंगी।

इस बीच, मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त उपहारों की घोषणाओं के चलते दिल्ली में वायु प्रदूषण जैसा महत्वपूर्ण मुद्दा गौण हो गया है। हालांकि राजधानी के ज्यादातर निवासियों ने गंभीर स्वास्थ्य खतरा बने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए ठोस कार्य योजनाओं की कमी पर चिंता जताई है। हम आपको बता दें कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) पिछले साल नवंबर में 490 के अंक को पार कर गया, जो ''अत्यंत गंभीर'' श्रेणी में आता है। जहरीली हवा के कारण अनेक लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, यमुना नदी में अमोनिया के उच्च स्तर के कारण पूरे शहर में पानी की कमी भी देखी गई क्योंकि जलशोधन संयंत्र पानी का शोधन करने में असमर्थ थे। यही नहीं, खराब जल निकासी के चलते दिल्ली के राजेंद्र नगर स्थित एक कोचिंग सेंटर में तीन यूपीएससी अभ्यर्थियों की डूबने से मौत को लेकर राष्ट्रीय राजधानी में आक्रोश देखा गया था।

बहरहाल, देखा जाये तो मुफ्तखोरी की संस्कृति को बढ़ावा देने की वजह से शासन एवं नीति-निर्माण पंगु हो गये हैं। अपने अब तक के कार्यकाल में आम आदमी पार्टी की सरकार ने रोजगार सृजन और संविदा कर्मचारियों के लिए समाधान खोजने जैसे अन्य प्रमुख मुद्दों की अनदेखी की है। आम आदमी पार्टी ने मुफ्त योजनाओं की जो आदत जनता को लगाई है उसको देखते हुए अन्य पार्टियां भी इसी नीति पर चलती नजर आ रही हैं। यह नीति राजनीतिक दलों को सत्ता तो दिला देगी लेकिन सरकारी खजाने को और राज्य की आर्थिक सेहत को खासा नुकसान पहुँचाएगी। यहां सवाल यह भी उठता है कि हम 2047 तक भारत को विकसित बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन जब देश की राजधानी ही विकसित नहीं होगी तो यह लक्ष्य आखिर कैसे हासिल होगा?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ में अब साधु-संत भी करेंगे 'मन की बात'

**एजेंसी। महाकुंभ नगर**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चर्चित रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की तर्ज पर प्रयागराज महाकुंभ में साधुओं के 'मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में सनातन धर्म के प्रमुख विषयों और योगी सरकार के 'दिव्य और भव्य महाकुंभ' के आयोजन के विभिन्न विषयों को केंद्र में रखकर साधु-संत अपनी बात रखेंगे। प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर आयोजित हो रहे महाकुंभ में हर तरफ भक्ति, मुक्ति और तत्व ज्ञान की बातों की चर्चा है। इस विचार मंथन को वृहद स्वरूप प्रदान करने के लिए महाकुंभ में पहली बार साधु-संतों के 'मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रवक्ता श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी प्रकाशानंद बताते हैं कि महाकुंभ के सेक्टर-20 में हरिधाम सनातन सेवा ट्रस्ट में इस कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन 25 जनवरी को दोपहर 2 से 5 बजे तक होगा। इसमें संन्यासी, वैरागी और उदासीन सभी अखाड़ों के प्रमुख संतों के अलावा सभी हिंदू संप्रदायों के साधु-संत हिस्सा लेंगे। इसमें तपोनिधि श्री पंचायती अखाड़ा आनंद के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरी, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी, श्री पंच दशनाम अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी, महामंडलेश्वर कनकेश्वरी देवी, श्री पंच दिगंबर अनी अखाड़े के श्री महंत माधवदास, शनि धाम पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर परमहंस दाती महराज, श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़े के संपूर्णानंद ब्रह्मचारी, श्री दिगंबर अखाड़े के महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा प्रमुख हैं। प्रयागराज महाकुंभ में आए लाखों साधु-संत अपने विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संकल्पों को लेकर श्रद्धालुओं के बीच आए हैं। महाकुंभ जैसा विशाल आयोजन साधु-संतों के साथ श्रद्धालुओं को जोड़ता है, जहां सामान्य तौर पर श्रद्धालुओं की आध्यात्मिक उन्नति और मुक्ति के विषयों पर ही प्रवचन या सत्संग के कार्यक्रम होते हैं। वर्तमान समय में सामाजिक व्यवस्था में आई चुनौतियों पर संत समाज की बात के लिए मंच नहीं मिल पाता। इसे मंच प्रदान करने का माध्यम बनेगा 'साधु कहें मन की बात' कार्यक्रम। कार्यक्रम के प्रवक्ता स्वामी प्रकाशानंद बताते हैं कि साधु-संतों के धार्मिक और सामाजिक संकल्पों पर साधु-संत इस मंच से अपने 'मन की बात' करेंगे। इसमें गौ हत्या पर रोक के साथ 'दिव्य और भव्य महाकुंभ' के आयोजन के विभिन्न आयाम सम्मिलित हैं।

## मौनी अमावस्या पर विशेष इंतजाम संगम नोज पर भीड़ नियंत्रित करने को उठाए जाएंगे कदम

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या अमृत स्नान के अवसर पर श्रद्धालुओं के सुचारू यातायात और सुरक्षित मूवमेंट के लिए मेला प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए मेला प्रशासन ने सेक्टर लेवल पर श्रद्धालुओं को नियंत्रित करने के निर्देश दिए हैं। इसमें स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि जिस सेक्टर या जोन में श्रद्धालु आ रहे हैं, उसी सेक्टर या जोन से उन्हें वापस भेजा जाए। किसी भी सूरत में उन्हें संगम नोज या किसी अन्य जोन में न जाने दिया जाए। सभी एडीएम, एडिशनल एसपी, सीओ, एसडीएम और सेक्टर मजिस्ट्रेट को उनके कार्यक्षेत्र में रहकर सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मौनी अमावस्या महाकुंभ का सबसे प्रमुख पर्व है। महाकुंभ में सारी व्यवस्थाएं इसी पर्व को ध्यान में रखकर की जाती हैं। इस बार योगी सरकार ने महाकुंभ को पहले से कहीं भव्य और दिव्य बनाने का जो प्रयास किया है, उसे देखते हुए भारी संख्या में मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की प्रयागराज में मौजूदगी की संभावना है। सभी को सुविधा के साथ सुगम स्नान कराना मेला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी को देखते हुए निर्देश दिए गए हैं कि हर सेक्टर और जोन में आने वाले श्रद्धालु अपने गंतव्य स्थान पर उसी जोन से प्रस्थान करें। संगम नोज या अन्य जोन पर 27-29 जनवरी को मूवमेंट कम से कम रखा जाए।

## 11 करोड़ श्रद्धालु अब तक लगा चुके हैं संगम में डुबकी




**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रयागराज।** संगम में नहान, ध्यान के लिए श्रद्धालुओं, तीर्थयात्रियों की लगातार बढ़ती जा रही संख्या के चलते महाकुंभ मेले में जाने वाले सभी मार्गों पर लंबा जाम लगने लगा है। गाड़ियां चींटी की तरह रेंग रही हैं। बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी जाम में फंसकर परेशान हो रहे हैं। मेला क्षेत्र के बाहर बनाए गए सभी पार्किंग में वाहनों को खड़ा कराया जा रहा है। जाम खुलवाने में पुलिस व ट्रैफिक के सिपाहियों की हालत खराब हो रही है। बीते गुरुवार को रात्रि 12 बजे तक 10 करोड़ 20 लाख श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके थे। शुक्रवार को आंकड़ा 11 करोड़ के करीब पहुंच गया है। महाकुंभ में 12 दिनों में अब तक करीब 11 करोड़ श्रद्धालु पवित्र संगम में डुबकी लगा चुके हैं। श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। महाकुंभ का स्नान 13 जनवरी पौष पूर्णिमा के साथ शुरू हुआ है। दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति पर साढ़े तीन करोड़ से अधिक भक्तों ने संगम में डुबकी लगाई थी। 23 जनवरी को जारी बुलेटिन के अनुसार शुक्रवार को 10 लाख कल्पवासी और 42 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा-यमुना व अदृश्य सरस्वती के संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। मेला प्रबंधन में जुटे सरकार के लोगों के अनुसार महाकुंभ के इस 45 दिनों के आयोजन में 42 से 45 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।

# महाराष्ट्र के भंडारा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री ब्लास्ट में 8 की मौत

## रक्षा मंत्री समेत कई नेताओं ने जताया दुख

**एजेंसी। नई दिल्ली**



महाराष्ट्र के भंडारा के जवाहरनगर स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में बड़ा धमाका हुआ है। इस हादसे में 8 कर्मचारियों की मौत हुई है। वहीं, 7 लोगों के जख्मी होने की खबर है। इसकी जानकारी खुद केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। उन्होंने बताया कि भंडारा में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में बड़ा धमाका हुआ है। घटना में 8 लोगों की मौत हुई है और 7 लोग जख्मी हुए हैं। यह प्राथमिक रिपोर्ट आई है। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि भी दी। इस घटना पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का भी बयान सामने आया है। उन्होंने हादसे पर दुख जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''महाराष्ट्र के भंडारा स्थित आयुध कारखाने में हुए विस्फोट के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। बचाव दल घटनास्थल पर तैनात हैं। प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भंडारा स्थित आयुध फैक्ट्री में हुए विस्फोट पर लिखा, ''भंडारा जिले में एक आयुध कारखाने में विस्फोट के कारण छत गिरने से 13 से 14 श्रमिक फंस गए हैं। उनमें से 5 को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर हैं और हर तरह की सहायता की जा रही है। बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और नागपुर नगर निगम की टीमों को भी बुलाया गया है और वे जल्द ही पहुंच जाएंगी। जिला प्रशासन रक्षा बलों के साथ समन्वय में बचाव कार्य में लगा हुआ है। चिकित्सा सहायता के लिए भी टीमों को तैयार रखा गया है। जिला कलेक्टर संजय कोलटे ने बताया कि महाराष्ट्र के भंडारा जिले में स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में सुबह करीब 10.30 बजे विस्फोट हुआ। बचाव और चिकित्सा कर्मचारी विस्फोट स्थल पर जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं तथा दमकलकर्मी स्थिति पर काबू पाने में लगे हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में विस्फोट की दुर्घटना हुई। बचे लोगों की तलाश के लिए बचाव और चिकित्सा दल तैनात हैं और बचाव कार्य जारी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनी गई।

## पटेल नगर सीट पर आप के समक्ष जीत का चौका लगाने की चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पांच फरवरी को विधानसभा चुनाव होगा और आठ फरवरी को मतगणना होगी। दिल्ली चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां जोरों पर हैं। दिल्ली की पटेल नगर सीट 1993 में अस्तित्व में आई। यह नई दिल्ली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है और पश्चिमी दिल्ली जिले के तीन उपविभागों में से एक है। पटेल नगर की सीट पर पिछले चुनावों में काफी दिलचस्प मुकाबला देखा गया है। यह दिल्ली की 12 आरक्षित सीटों में से एक है। इस सीट पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच कई बार चुनावी जंग देखने को मिली है। यह सीट जाटव, दलित, जाट और पंजाबी मतदाताओं की निर्णायक संख्या के कारण अहम मानी जाती है। इस क्षेत्र में कांग्रेस की स्थिति कमजोर रही है, जबकि आम आदमी पार्टी ने यहां लगातार अपनी पकड़ मजबूत की है। पटेल नगर विधानसभा सीट का इतिहास काफी रोचक है। इस सीट पर 1993 में पहली बार चुनाव हुए थे, इसमें बीजेपी ने विजय प्राप्त की थी। लेकिन बाद में कांग्रेस ने अपनी स्थिति मजबूत की और 1998 से 2008 तक इस सीट पर अपनी पकड़ बनाए रखी। 2008 में कांग्रेस के राजेश लिलोठिया ने पार्टी के लिए लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की थी।

# मोकामा गोलीकांड में बाहुबली अनंत सिंह ने किया सरेंडर, भेजे गए जेल

**एजेंसी। पटना**



पूर्व विधायक और बाहुबली नेता अनंत सिंह ने शुक्रवार को बाढ़ कोर्ट में सरेंडर कर दिया। अनंत सिंह आज दोपहर अपने एक समर्थक के साथ बाढ़ कोर्ट पहुंचे और सरेंडर कर दिया। उन्हें बेऊर जेल भेजा गया है। एसडीपीओ राकेश कुमार ने कहा कि एफआईआर दर्ज करने के बाद कार्रवाई की जा रही थी। इस घटना में रौशन और सोनू सिंह की गिरफ्तारी हुई है। इसके बाद अनंत सिंह ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। एसडीपीओ ने बताया कि अनंत सिंह फरार थे लेकिन पुलिस के दबाव के कारण उन्होंने बाढ़ कोर्ट में सरेंडर कर दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में चार मामले दर्ज हुए हैं। पहली एफआईआर मुंशी मुकेश सिंह ने सोनू-मोनू पर उनके घर में ताला लगाने जाने के आरोप में करायी है। दूसरी एफआईआर सोनू मोनू ने उनके घर पर गोलीबारी कराने के मामले में पूर्व विधायक अनंत सिंह पर करायी है। तीसरी एफआईआर मुखिया उर्मिला देवी ने नौरंगा गांव में हुई गोलीबारी के मामले में करायी है और चौथी एफआईआर अनंत सिंह के घायल समर्थक ने सोनू-मोनू पर करायी है। मोकामा के नौरंगा गांव में बुधवार शाम गोलीबारी में लगभग 10 से 20 राउंड गोलियां चलीं थीं। बताया जा रहा है कि सोनू मोनू ने मुंशी मुकेश सिंह के घर पर ताला लगा दिया था, जिसके बाद मुंशी ने बाहुबली नेता और पूर्व विधायक अनंत सिंह से मदद मांगी थी। अनंत सिंह ने पहले अपने समर्थकों को मुंशी के घर पर ताला खुलवाने भेजा था, इसके बाद वो खुद भी वहां पहुंच गए। इस दौरान दोनों पक्षों में गोलीबारी हुई। इस गोलीबारी में अनंत सिंह के एक समर्थक को गोली भी लगी थी। इसके बाद से ही मोकामा में तनावपूर्ण माहौल है। इस मामले में शुक्रवार सुबह सोनू ने सरेंडर कर दिया। उसके बाद पुलिस के दवाब में अनंत सिंह ने भी आज दोपहर में कोर्ट में सरेंडर कर दिया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### मोकामा फायरिंग
### गरमाई सियासत, 'गलत करने वाले बचेंगे नहीं'

**पटना।** बिहार के पटना जिले के मोकामा इलाके में बुधवार और शुक्रवार को हुई फायरिंग के बाद विपक्ष जहां कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठा रहा है, वहीं सत्ता पक्ष बचाव में उतर आया है। इस बीच, बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार लगातार कानून का राज स्थापित करने में जुटी है। उन्होंने कहा कि गलत करने वाले बचेंगे नहीं। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार पूरी सजगता के साथ कानून का राज स्थापित कर रही है। छोटी-मोटी घटनाओं पर भी सरकार की नजर है। कानून तोड़ने वाले बचेंगे नहीं। प्रशासन ईमानदारी से लगा हुआ है। मोकामा की घटना पर विपक्ष के सवाल उठाए जाने पर मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि विपक्ष को अपने समय को याद करना चाहिए। आज तो कानून का राज है। पुलिस अपना काम कर रही है। पहले के राज में क्या होता था, बिहार की जनता सब जानती है। कोई भी हो, सब के लिए कानून सम्मत कार्रवाई होगी।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## कब्रिस्तान से नरमुंड की लगातार हो रही चोरी छानबीन में जुटी पुलिस

**भागलपुर।** जिले के सन्हौला थाना क्षेत्र के अशरफनगर कब्रिस्तान में एक बार फिर इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। बीते रात फिर नरमुंड तस्करों ने एक नवजात के शव को कब्र से निकाला और फरार हो गए। तस्करों ने नवजात के शव को काट कर जहाँ तहाँ फेंक दिया था, जिस कारण कब्रगाह में खून के धब्बे भी बिखरे पड़े हैं। अशरफनगर कब्रिस्तान में ऐसा छठी बार हुआ है। इससे पहले पांच बार नरमुंड तस्कर कब्र खोदकर शव का सर काट कर ले गए थे, जबकि बीते रात नवजात के शव को ही लेकर अपने साथ चले गए।

## दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गृह मंत्री अमित शाह को गाइड करें सीएम योगी : केजरीवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने योगी आदित्यनाथ के दिल्ली आने के बाद उन पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि जैसे योगी जी ने उत्तर प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त कर दिया है, वैसे ही वह अमित शाह को गाइड करें कि दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को कैसे दुरुस्त किया जाए। केजरीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली आए। दिल्ली में उनका स्वागत है। दिल्ली दिल वालों की है। सबका स्वागत है। पूरे देश में कोई भी आए, उनका हम तहे दिल से स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि कल योगी जी ने एक बहुत अच्छी बात कही, जिसका पूरे दिल्ली के लोग समर्थन करते हैं। उन्होंने मुद्दा उठाया कि दिल्ली में कानून व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई है। मैं उनकी बात से 100 प्रतिशत सहमत हूं। दिल्ली के लोग उससे 100 प्रतिशत सहमत हैं। दिल्ली के अंदर खुलेआम गैंगस्टर घूम रहे हैं। 11 बड़े-बड़े गैंगस्टर के ग्रुप हैं, जिन्होंने पूरी दिल्ली को 11 हिस्सों में बांट लिया है और खुलेआम रंगदारी मांगी जा रही है व्यापारियों से। व्यापारियों के फोन आ रहे हैं, "3 करोड़ दे दो, 4 करोड़ दे दो, नहीं तो पूरे परिवार को खत्म कर देंगे।" दिल्ली की सड़कों पर गैंगवॉर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। दिल्ली में रोजाना 17 बच्चों का अपहरण होता है। दिल्ली में 10 महिलाओं का अपहरण हो रहा है। दिल्ली के अंदर खुलेआम चाकूबाजी हो रही है, लोगों की हत्या हो रही हैं। चैन स्नैचिंग हो रही है। चोरियां हो रही हैं। डकैतियां हो रही हैं। पूरी दिल्ली दहशत में है और लोग बहुत ज्यादा डरे हुए हैं।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय के मसीहा थे : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी। पटना/समस्तीपुर**



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती के मौके पर आज उनके पैतृक गांव पितोझिया (कर्पूरी ग्राम) में राजकीय कार्यक्रम में अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर 'सामाजिक न्याय के मसीहा' थे। उन्होंने अपना सारा जीवन गरीबों और वंचितों की मदद के लिए किया। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर एक सच्चे राजनेता थे और उन्होंने बिहार के राजनीतिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी। कर्पूरी ठाकुर हमेशा समानता, बंधुत्व और सभी के लिए न्याय में विश्वास की वकालत करते थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने सुनिश्चित किया कि शिक्षा उन लोगों के लिए सुलभ हो जो ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर हैं। उपराष्ट्रपति ने पहले की सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जैसे राजनेताओं को उनका हक देने में विफल रही। मुझे याद है कि जब कर्पूरी ठाकुर और चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा की गई थी, तब राज्यसभा में कितना उत्साह था। मेरे मन में एक विचार आया, यह सम्मान ठाकुर की मृत्यु के 36 साल बाद मिला, ऐसा पहले क्यों नहीं हुआ ? अब निश्चित रूप से बदलाव आया है। हमारे नायकों (आदर्श) को गुमनामी से बाहर निकाला जा रहा है और उन्हें उनका हक दिया जा रहा है।

## मोदी के शासनकाल में विकास के साथ लोगों की आकांक्षा भी बढ़ी



उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि बीते एक दशक में केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के नेतृत्व में देश में 'अद्वितीय' विकास हुआ है। इसकी वजह से देश की जनता की आंकक्षा भी बढ़ी है। धनखड़ ने कहा कि बीते 10 वर्षों में देश पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया हैं। अब आगामी पांच वर्षों में हम देश की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत कोई सपना नहीं है, देश की स्वतंत्रता की 100 वीं वर्षगांठ यानी-2047 तक यह साकार होकर रहेगा। भारत विश्व गुरु बनेगा। धनखड़ ने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने ऐसी योजनाएं शुरू कीं, जिनसे आम लोगों को गैस कनेक्शन, बिजली और शौचालय उपलब्ध कराकर उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है जो आज तक इससे वंचित थे। लोगों ने अब विकास का स्वाद चख लिया है। उनकी आकांक्षाएं आसमान छू रही हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया, "सरकारी नौकरियों के बारे में सोचकर खुद को सीमित न रखें। आज की सरकार की नीतियां आपकी असीमित क्षमता का दोहन करने के लिए हैं। ऐसे अवसरों का पूरा लाभ उठाएं।"

## मिल्कीपुर विस सीट पर सीएम योगी भरेंगे हुंकार, चुनावी जनसभा को करेंगे संबोधित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा का आयोजन पलिया मैदान में किया गया है जिसमें 50 से 75 हजार लोगों के जुटने की उम्मीद जताई जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ की यह रैली अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पहली वर्षगांठ के सफल आयोजन के बाद हो रही है। भाजपा की कोशिश इस विधानसभा सीट पर कमल खिलाने की है। इस सीट पर भाजपा और सपा के बीच सीधी टक्कर है, जबकि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) उपचुनाव मैदान से दूर है। भाजपा और सपा दोनों ने इस क्षेत्र में दलितों की प्रमुख उपजाति पासी समाज के नेता को उम्मीदवार बनाया है। मिल्कीपुर आरक्षित विधानसभा सीट है, जहां 3.58 लाख मतदाताओं में से 1.40 लाख दलित हैं। दलित मतदाताओं में से करीब 50,000 पासी समुदाय से हैं, जबकि कोरी और जाटव का अच्छा-खासा वोट बैंक है। इस विधानसभा क्षेत्र में करीब 50,000 ओबीसी, 60,000 ब्राह्मण, 50,000 यादव, 30,000 मुस्लिम और 25,000 राजपूत मतदाता हैं।

## प्रशांत किशोर राजनीतिक व्यक्ति नहीं व्यापारी हैं : जीतन राम मांझी

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने शुक्रवार को जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि सही अर्थ में वे राजनीतिक व्यक्ति नहीं हैं, वे व्यापारी हैं, जो पैसा लेकर बूथ मैनेजमेंट करते हैं। पटना में पत्रकारों से चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी से प्रशांत किशोर के विधानसभा की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने के फैसले को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, "चुनाव लड़ने से कोई किसी को नहीं रोकता है। हाल ही में उपचुनाव हुआ, कितना वोट आया, कितनी सीट मिली? वह अपना भाग्य आजमा रहे हैं। लोकतंत्र है, कोई भी चुनाव लड़ सकता है। उन्होंने आगे कहा कि हम लोग उनको राजनीतिक व्यक्ति ही नहीं समझते हैं। वे नेता नहीं, व्यापारी हैं। पैसा लेकर बूथ मैनेज करते हैं। इससे पहले, जन सुराज के संयोजक प्रशांत किशोर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बीमार बताया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, उनका हेल्थ बुलेटिन जारी किया जाना चाहिए।

## कर्नाटक के मुस्लिम समूह धर्म आधारित बजट की कर रहे हैं मांग : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मुस्लिम नेताओं और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बीच हुई बैठक पर गंभीर आपत्ति जताई है। इसमें प्रतिनिधिमंडल ने अल्पसंख्यकों के लिए बजटीय आवंटन बढ़ाने की मांग की थी। भाजपा का आरोप है कि ऐसी मांगें धर्म आधारित बजट बनाने के समान हैं। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर धर्म-आधारित बजट बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "कर्नाटक में मुस्लिम समूह अब धर्म-आधारित बजट की मांग कर रहे हैं। मंत्री रहीम खान, जमीर अहमद खान और मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव नसीर अहमद सहित मुस्लिम नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के बजट में अल्पसंख्यकों के लिए धन आवंटन का अनुरोध करते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से मुलाकात की।" उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा, "पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि भारत के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है।

## लीजेंड 90 लीग में आरोन फिंच बने पंजाबी शेर के कप्तान



**चंडीगढ़ ।** रायपुर में 6 से 18 फरवरी तक होने वाली लीजेंड 90 लीग में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच और भारतीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी लीजेंड 90 में पंजाबी शेर फ्रेंचाइजी की ओर से दहाड़ते हुए नजर आएंगे। इसके अलावा अफगानिस्तान के पूर्व क्रिकेटर नूर जादरान भी टीम में नजर आएंगे। इस महीने की शुरुआत में टीम ने लीजेंड 90 लीग में सबसे नए प्रतिस्पर्धी के रूप में आगमन किया है। इसके अलावा टीम ने अपने आधिकारिक लोगो का भी अनावरण कर दिया है। कवच और मुकुट से सजा यह लोगो पूरी तरफ से खिलाड़ियों के भाव को दर्शाने के हिसाब से तैयार किया गया है, जो टीम की शक्ति, रॉयल्टी और प्रभुत्व को दर्शाता है।

## जय शाह ने एमसीसी की सलाहकार परिषद की सदस्यता ग्रहण की



**लंदन ।** आईसीसी अध्यक्ष और बीसीसीआई के पूर्व सचिव जय शाह ने मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) की नए सलाहकार परिषद की सदस्यता ग्रहण की है। यह सलाहकार परिषद, पुरानी विश्व क्रिकेट कमेटी की जगह लेगी। पिछले साल जब एमसीसी ने विश्व क्रिकेट कनेक्ट्स फ़ोरम का उद्घाटन किया था, तब शाह उसमें शामिल नहीं हुए थे। इस आयोजन में 100 से अधिक प्रमुख चेहरों ने हिस्सा लिया था और क्रिकेट के विकास की बात की थी। हालांकि अब शाह, पूर्व एमसीसी अध्यक्ष कुमार संगकारा की अगुवाई वाले 13 सदस्यीय क्रिकेट कनेक्ट्स सलाहकार परिषद के संस्थापक सदस्य हैं।

## अर्जुन पुरस्कार विजेता रुबीना ने पेरिस 2024 में वापसी पर की बात



**नई दिल्ली।** पेरिस पैरालंपिक गेम्स 2024 की कांस्य पदक विजेता रुबीना फ्रांसिस ने हाल ही में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपलब्धियों के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित होने पर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। फ्रांसिस हाल ही में गगन नारंग स्पोर्ट्स फाउंडेशन की पहल हाउस ऑफ ग्लोरी पॉडकास्ट में दिखाई दीं। स्टार ने खुद को पैरा शूटिंग में एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में स्थापित किया है, खासकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 श्रेणी में। अपने सफल ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर, रुबीना ने पेरिस में 2024 पैरालंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए अपनी जगह सुरक्षित की और फिर अपना पहला ओलंपिक पदक-कांस्य जीता। "अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करके मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूँ और मेरी उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए भारतीय सरकार की बहुत आभारी हूं। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत खास पल है क्योंकि राष्ट्रीय पुरस्कार पाना किसी भी एथलीट का सपना होता है।

# एटकिंसन की जगह कार्स इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन में




**चेन्नई (आईएएनएस)**

शनिवार को यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में भारत के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन में गस एटकिंसन की जगह तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स शामिल होंगे। बुधवार को कोलकाता में सीरीज के पहले मैच में सात विकेट से करारी हार झेलने के बाद मेहमान टीम ने अपनी टीम में केवल एक बदलाव किया। विकेटकीपर जेमी स्मिथ को भी 12 खिलाड़ियों की टीम में शामिल किया गया है, इंग्लैंड क्रिकेट ने एक्स पर यह जानकारी दी। पहले टी20 मैच में एटकिंसन का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था, क्योंकि उन्होंने अपने दो ओवरों में 38 रन दिए थे। उन्होंने चार ओवरों का अपना कोटा पूरा नहीं किया, जबकि अभिषेक शर्मा ने 34 गेंदों में 79 रन बनाकर भारत को 43 गेंदें शेष रहते जीत दिलाई। हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि वे सीरीज के आगामी मैचों के लिए परिस्थितियों का आकलन करेंगे। बटलर ने मैच के बाद बातचीत में कहा, "शुरुआत में विकेट में थोड़ी सी परेशानी थी, इसकी उम्मीद नहीं थी, लेकिन अगर आप उस चरण से गुजरे तो यह एक अच्छी पिच और तेजी से रन बनाने वाला मैदान था। वहां कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ी थे, हम रन-आउट के लिए बेहतर होंगे। जोफ अच्छा, सुपरस्टार, खतरनाक लग रहा था, मार्क वुड ने तेज और रोमांचक गेंदबाजी की। हम आक्रामक और देखने लायक होना चाहते हैं, लेकिन हर जगह परिस्थितियों का आकलन करना होगा। खेल का आनंद हमेशा रहता है, मैं माहौल का आनंद ले रहा हूं। मैं मैकुलम का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं, हमेशा से रहा हूं। उनके साथ काम करने का आनंद ले रहा हूं। दूसरी ओर, भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि टॉस जीतने के बाद टीम के साथियों द्वारा दिखाए गए उत्साह ने उनके लिए बेंचमार्क स्थापित किया। सूर्यकुमार ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त लेने के बाद कहा, "टॉस जीतने के बाद जो ऊर्जा हमने हासिल की, उसने बेंचमार्क सेट कर दिया। गेंदबाजों ने योजना बनाई, उसे क्रियान्वित किया और जिस तरह से हमने बल्लेबाजी की, वह सोने पर सुहागा था। हमने दक्षिण अफ्रीका में भी यही किया, हार्दिक पर नई गेंद फेंकने की जिम्मेदारी थी, ताकि अतिरिक्त स्पिनर को खेलने के लिए जगह मिल सके।

**दूसरा टी20 मैच**

### सिर्फ कप्तान नहीं, मैं लीडर बनना चाहता हूं : सूर्यकुमार

**नई दिल्ली।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सिर्फ कप्तान नहीं, बल्कि समूह के लीडर बनना चाहते हैं। उन्होंने चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच से पहले अपने विचारों को व्यक्त किया। सूर्यकुमार की अगुआई वाले भारत ने बुधवार को ईडन गार्डन्स में सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड को सात विकेट से हराया। घरेलू टीम ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में शुरुआती 1-0 की बढ़त हासिल की। सूर्यकुमार ने हॉटस्टार के विशेष शो 'सुपरस्टार्स' पर कहा, "मुझे लगता है कि मैं सिर्फ कप्तान नहीं बनना चाहता; मैं लीडर बनना चाहता हूं। अगर हम एक समूह के रूप में कुछ हासिल करना चाहते हैं, तो सभी को एक ही पृष्ठ पर होना चाहिए। ये छोटी-छोटी बातें हैं जो मैं उन्हें बताता रहता हूं - बुनियादी बातें, मैदान पर और मैदान के बाहर पालन करने की अच्छी आदतें। और जब आप मैदान पर कदम रखते हैं, तो बस अपने शरीर को छोड़ दें और जो हो रहा है उसका आनंद लें। सूर्यकुमार को पिछले साल भारत के टी20 कप्तान के रूप में नियुक्त किया गया था, जब उनके पूर्ववर्ती रोहित शर्मा ने इस प्रारूप से संन्यास ले लिया था।

## रोहित रणजी ट्रॉफी में वापसी के दूसरे प्रयास में भी फेल, मुश्किल से बनाए 28 रन

**एजेंसी । मुंबई**



रोहित शर्मा की रणजी ट्रॉफी में वापसी कुछ खास नहीं रही और दूसरी पारी में भी वह कमाल नहीं दिखा पाए। भारतीय कप्तान ने उमर नजीर की गेंद पर छक्का लगाया और फिर औकीब नबी तथा युद्धवीर सिंह की गेंदों पर आसानी से दो और शॉट लगाकर अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी की झलक दिखाई। लेकिन आखिरकार 28 रन पर उनकी पारी का अंत हुआ। इस दौरान उन्होंने 35 गेंदें खेली जिसमें 2 चौके और 3 छक्के शामिल थे। एक दशक में मुंबई के लिए घरेलू रेड-बॉल क्रिकेट में अपना पहला मैच खेल रहे रोहित का पहला दिन बहुत खराब रहा, जब 37 वर्षीय यह खिलाड़ी जम्मू कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मुकाबले के शुरुआती घंटे में 19 गेंदों पर 3 रन बनाकर आउट हो गए। शुक्रवार को रोहित ने खुद को बेहतर साबित करते हुए 28 रन की शानदार पारी खेली जो पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट की दूसरी पारी में 52 रन बनाने के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रोहित ने न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार मैचों में 0, 8, 18, 11, 3, 6, 3 और 9 रन बनाए हैं। अक्टूबर के मध्य में भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर था और राष्ट्रीय टीम के लिए घर पूरी तरह से व्यवस्थित था। लेकिन न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद यह सब बिखर गया जिसने भारतीय सुपरस्टार्स को घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए मजबूर कर दिया। शुक्रवार को, वह एक बड़ी पारी की तलाश में थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। रोहित की 28 रनों की पारी में शुरुआती दौर में हिट और मिस दोनों शामिल थे जो चौथे ओवर में नजीर द्वारा छोड़े गए एक मुश्किल मौके से शुरू हुआ, जब वह अपने फॉलो थ्रू पर रिटर्न कैच नहीं पकड़ सके।

## आईसीसी पुरुष वनडे टीम ऑफ द ईयर 2024 में कोई भारतीय या ऑस्ट्रेलियाई शामिल नहीं

**दुबई (आईएएनएस)**



आईसीसी पुरुष वनडे टीम ऑफ द ईयर 2024 में कोई भारतीय या ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर शामिल नहीं है, जिसका नेतृत्व श्रीलंकाई ऑलराउंडर चरिथ असालंका कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने वर्ष की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम का अनावरण किया, जिसमें स्टार पावर, निरंतरता और बहुमुखी प्रतिभा का शानदार संतुलन दिखाने वाले स्टार खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। असालंका की अगुआई वाली टीम में सैम अयूब (पाकिस्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (अफगानिस्तान), पथुम निसंका (श्रीलंका), कुसल मेंडिस (विकेट कीपर) (श्रीलंका), शेरफेन रदरफोर्ड (वेस्टइंडीज), अजमतुल्लाह उमरजई (अफगानिस्तान), वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका), शाहीन शाह अफरीदी (पाकिस्तान), हारिस रऊफ (पाकिस्तान), एएम ग़ज़नफ़र (अफगानिस्तान) शामिल हैं। पाकिस्तान के अयूब ने आईसीसी मेन्स वनडे टीम ऑफ़ द ईयर में शीर्ष क्रम में चयन करके अपने ब्रेकआउट सीज़न का समापन किया। उन्होंने नवंबर में ही डेब्यू किया, लेकिन तुरंत ही ऑस्ट्रेलिया में तीन वनडे मैचों में कुल 125 रन बनाकर जिम्बाब्वे में अपना पहला वनडे शतक बनाया। उनकी पिछली पांच पारियों में से तीन में शतक बने हैं, जिनमें दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका में दो शतक शामिल हैं, तीन मैचों की सीरीज़ में उनका औसत 78.3 रहा। अफ़गानिस्तान के गुरबाज़ ने 2021 में अपने डेब्यू पर शतक लगाने के बाद से ही खेल को तहस-नहस करने वाला प्रदर्शन करना जारी रखा है। 11 मैचों में, उन्होंने 48.2 की औसत से 531 रन बनाए, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 121 रहा। उन्होंने तीन शतक और दो अर्धशतक बनाए हैं।

## कुहनेमैन को श्रीलंका दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल होने की मिली मंजूरी

**ब्रिस्बेन (आईएएनएस)**



स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन को बुधवार से शुरू हो रहे श्रीलंका दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम में शामिल होने की मंजूरी दे दी गई है। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले गुरुवार को ब्रिस्बेन हीट की होबार्ट हरिकेंस से पांच विकेट से हार के दौरान बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज के दाहिने अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया था। अंगूठे में चोट लगने के बाद मैथ्यू कुहनेमैन को उनके हीट टीम के साथी डैनियल ड्रू द्वारा अस्पताल ले जाया गया। उस रात चोट का इलाज किया गया। इसके बाद अगली सुबह सर्जरी करके फ्रैक्चर में पिन डाली गई। चोट के झटके के बावजूद कुहनेमैन ने तेजी से रिकवरी की और गुरुवार को ब्रिस्बेन में एलन बॉर्डर फील्ड में आठ ओवर फेंके। सीए ने कहा कि फ्रैक्चर की सर्जरी के बाद कुहनेमैन इस सप्ताह गेंदबाजी करने में सक्षम हो गए हैं। चोट के कारण कुहनेमन को दुबई में आईसीसी अकादमी में चल रहे ऑस्ट्रेलिया के प्रशिक्षण शिविर में भाग नहीं लेने के लिए बाध्य होना पड़ा। इसके बजाय वह अपनी सर्जरी के घाव को ठीक करने के लिए ऑस्ट्रेलिया में ही रुक गए।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन : ऑस्ट्रेलियाई वाइल्डकार्ड गैडेकी-पीयर्स ने जीता मिश्रित युगल खिताब

**मेलबर्न (आईएएनएस)**



वाइल्ड कार्ड जोड़ी ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मिश्रित युगल खिताब जीता। उन्होंने हमवतन किम्बर्ली बिरेल और जॉन-पैट्रिक स्मिथ को हराकर खिताब जीता। ऑस्ट्रेलियाई वाइल्डकार्ड ने रॉड लेवर एरिना में रोमांचित प्रशंसकों के सामने एक घंटे और 24 मिनट में हमवतन बिरेल और स्मिथ पर 3-6, 6-4 (10-6) से वापसी की। गैडेकी और पीयर्स को ग्रैंड स्लैम चैंपियन लेस्ली बोरे और बिल बोरे ने ट्रॉफी प्रदान की, और यह जीत पीयर्स के लिए दूसरा ऑस्ट्रेलियाई खिताब है, जिन्होंने 2017 में हेनरी कोंटिनेन के साथ पुरुष युगल खिताब जीता था।

### चोट के कारण जोकोविच के रिटायर होने से ज्वेरेव फाइनल में



**मेलबर्न ।** नोवाक जोकोविच का रिकॉर्ड 11वां ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने की कोशिश को उस समय बड़ा झटका लगा जब सर्बियाई दिग्गज शुक्रवार को एलेक्ज़ेंडर ज्वेरेव के खिलाफ़ सेमीफ़ाइनल के पहले सेट के बाद चोट के कारण रिटायर हो गए।



## घटक कोल इंडिया बोर्ड में निदेशक तकनीकी नियुक्त

**नई दिल्ली (हि.स.)।** सार्वजनिक क्षेत्र की खनन कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने अच्युत घटक को बोर्ड में निदेशक (तकनीकी) नियुक्त किया है। अच्युत घटक ने अपना कार्यभार शुक्रवार को संभाल लिया। उन्होंने बी. वीरा रेड्डी का स्थान लिया, जो पिछले वर्ष अगस्त में सेवानिवृत्त हो गए थे। कोल इंडिया ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि अच्युत घटक को बोर्ड में निदेशक (तकनीकी) के पद पर उनकी नियुक्ति उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि 23 जनवरी, 2025 से उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि अर्थात 31 मार्च, 2028 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो प्रभावी रहेगी। सीआईएल ने अच्युत घटक के निदेशक (तकनीकी) का पदभार संभालने की जानकारी दी है।

- अच्युत ने संभाला कार्यभार, खनन क्षेत्र में तीन दशक से अधिक का है अनुभव

## भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में जनवरी में हुई मजबूत वृद्धि

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में जनवरी में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। इसकी वजह नए निर्यात ऑर्डर में इजाफा होना है। यह जानकारी एचएसबीसी फ्लैश पीएमआई रिपोर्ट में शुक्रवार को दी गई। 100 एक्टिविटीज इंडिकेटर्स के एनालिसिस के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट में बताया गया है कि दिसंबर के अंत में समाप्त होने वाली तिमाही में 65 प्रतिशत इंडिकेटर्स सकारात्मक थे। वहीं, इससे पहले की तिमाही में 55 प्रतिशत इंडिकेटर्स सकारात्मक थे। यह दिखाता है कि वृद्धि दर में तेजी आई है। एचएसबीसी ने बयान में आगे कहा कि जनवरी में सर्विस पीएमआई पिछले महीने के मुकाबले कमजोर रही है।

- एचएसबीसी फ्लैश पीएमआई रिपोर्ट में दी गई जानकारी

### एनपीए में मार्च तक आएगी 0.4% की गिरावट


# भारतीय बैंकों की स्थिति होगी और मजबूत : फिच

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय बैंकों का ग्रॉस नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स (एनपीए) रेशियो मार्च 2025 तक 0.4 प्रतिशत कम होकर 2.4 प्रतिशत हो सकता है। इसमें अगले साल तक 0.2 प्रतिशत की और कमी देखने को मिल सकती है। यह जानकारी रेटिंग एजेंसी 'फिच' द्वारा एक रिपोर्ट में दी गई। एनपीए का कम होना दिखाता है कि देश की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत बनी हुई है और बैंकिंग सेक्टर अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। 'फिच' की रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि, खुदरा ऋणों (विशेष रूप से असुरक्षित ऋण में) में तनाव बढ़ रहा है, लेकिन मजबूत विकास, वसूली और राइट-ऑफ किए गए ऋणों से नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स में वृद्धि की भरपाई होने की उम्मीद है।

'फिच' ने नोट में बताया कि वर्तमान में दबाव 600 डॉलर (51,000 रुपये से अधिक) से कम के छोटे असुरक्षित व्यक्तिगत ऋणों पर केंद्रित है। इसका प्रभाव नॉन बैंकिंग फाइनेंसियल कंपनियों (एनबीएफसी) और कम आय वर्ग पर केंद्रित फिनटेक कंपनियों पर अधिक देखने को मिलेगा। पिछले तीन वर्षों (वित्त वर्ष 2023-24 तक) में असुरक्षित व्यक्तिगत ऋण और क्रेडिट कार्ड उधारी क्रमशः 22 प्रतिशत और 25 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ी। असुरक्षित ऋण से जुड़े जोखिम भार में वृद्धि के बाद सितंबर 2024 को समाप्त होने वाली चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में यह गति क्रमशः 11 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रह गई है। भारत में घरेलू कर्ज जून 2024 में जीडीपी का 42.9 प्रतिशत था, जो कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र के भी कई देशों के मुकाबले कम है। असुरक्षित खुदरा ऋण पर दबाव बढ़ रहा है और यह वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में कुल बैड लोन का करीब 52 प्रतिशत है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि बैंकों के पास गैर-बैंकों और फिनटेक की फंडिंग के माध्यम से कुछ अप्रत्यक्ष जोखिम हो सकता है, जो कम आय वाले उधारकर्ताओं को अधिक लोन देते हैं। ऐसे उधारकर्ता जिनकी आय का खुलासा नहीं किया गया है, इनकी हिस्सेदारी फाइनेंशियल सिस्टम में बकाया कंज्यूमर क्रेडिट में एक तिहाई से अधिक की है।

**देश की अर्थव्यवस्था लगातार बनी हुई है बेहतर**




## शेयर बाजार लाल निशान में हुआ बंद

**मुंबई (आईएएनएस)**



- मिडकैप और स्मॉलकैप में हुई अधिक बिकवाली

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी गई। सेंसेक्स 329 अंक या 0.43 प्रतिशत गिरकर 76,190 और निफ्टी 113 अंक या 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,092 पर बंद हुआ। लार्जकैप की तुलना में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों अधिक बिकवाली हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 835 अंक या 1.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 53,262 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 408 अंक या 2.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,956 पर बंद हुआ। आईटी और एफएमसीजी को छोड़कर बाकी सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। ऑटो, पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, रियल्टी, एनर्जी और इन्फ्रा में सबसे ज्यादा गिरावट थी। सेंसेक्स पैक में एचयूएल, टेक महिंद्रा, नेस्ले, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, आईटीसी, टीसीएस और एनटीपीसी टॉप गेनर्स थे। एमएंडएम, जोमैटो, टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक और सनफार्मा टॉप लूजर्स थे।

बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,041 शेयर हरे निशान में, 2,900 शेयर लाल निशान में और 118 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) लगातार पिछले 15 दिनों से बिकवाली कर रहे हैं। गुरुवार के कारोबारी सत्र में विदेशी निवेशकों ने 5,462.52 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। इस दौरान घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 3,712 करोड़ रुपये की खरीदारी की थी। पीएल कैपिटल-प्रभुदास लीलाधर के एडवाइजरी प्रमुख, विक्रम कसात ने कहा कि बाजार में कमजोरी की वजह कॉरपोरेट्स आय में गिरावट होना है।

## टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने पेगाट्रॉन इंडिया में खरीदी है 60 प्रतिशत हिस्सेदारी

**मुंबई (आईएएनएस)**

सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल को शुक्रवार को बड़ा बूस्ट मिला। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने आईफोन का उत्पादन करने वाली कंपनी पेगाट्रॉन टेक्नोलॉजी इंडिया में 60 प्रतिशत की कंट्रोलिंग हिस्सेदारी खरीदी है। इस अधिग्रहण से भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री में कंपनी की स्थिति और मजबूत होगी। इससे पहले टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने ताइवानी इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी विस्ट्रॉन के भारतीय ऑपरेशंस का 125 मिलियन डॉलर में अधिग्रहण किया था। डील के तहत टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और पेगाट्रॉन दोनों अपनी टीमों को एकीकृत करेंगे और पेगाट्रॉन की रीब्रांडिंग की जाएगी। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ और एमडी डॉ रणधीर ठाकुर ने कहा, पेगाट्रॉन टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता बढ़ाने की रणनीति के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि हम नई सुविधाओं को लाने और भारत में अपने ऑपरेशंस का विस्तार करने के साथ ही एआई, डिजिटल और टेक्नोलॉजी आधारित मैन्युफैक्चरिंग के एक नए युग की ओर अग्रसर हैं।

पेगाट्रॉन के भारतीय प्लांट में लगभग 10,000 कर्मचारी हैं और कंपनी आईफोन 13 और 14 की मैन्युफैक्चरिंग करती है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स में करीब 50,000 से ज्यादा कर्मचारी कार्यरत हैं और कंपनी के ऑपरेशन गुजरात, असम, तमिलनाडु और कर्नाटक में फैले हुए हैं। भारत में तीन कंपनियां आईफोन की कांट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग करती हैं। इसमें फॉक्सकॉन, टाटा और पेगाट्रॉन शामिल हैं। उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और बढ़ते प्रीमियमीकरण के कारण एप्पल ने कैलेंडर वर्ष 2024 में भारत से आईफोन 1 लाख करोड़ रुपये के आईफोन का निर्यात किया था।

इंडस्ट्री के शुरुआती अनुमानों के अनुसार, एप्पल ने पिछले साल 12 अरब डॉलर से ज्यादा मूल्य के आईफोन निर्यात किए थे, जो वर्ष 2023 की तुलना में 40 प्रतिशत से अधिक है। अनुमानों के अनुसार, एप्पल का घरेलू उत्पादन एक साल पहले की तुलना में लगभग 46 प्रतिशत बढ़ा है। एप्पल इकोसिस्टम ने चार वर्षों में 1,75,000 नई प्रत्यक्ष नौकरियां दी हैं।



- भारत में मिलेगा आईफोन प्रोडक्शन को बूस्ट

# राज भवन में उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा, मणिपुर व मेघालय राज्य का स्थापना दिवस मना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज भवन में संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि यह समारोह हमारी सांस्कृतिक विविधता और एकता का प्रतीक है।राज्यपाल ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश राज्य स्थापना दिवस है और 21 जनवरी को त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय का स्थापना दिवस था। वे 21 जनवरी को राज्य के बाहर दौरे के कारण उस दिन नहीं मनाया जा सका था और संयुक्त रूप से चारों राज्य का आज स्थापना दिवस समारोह मनाने का निर्णय लिया।




राज्यपाल ने कहा कि वे स्वयं भी उत्तर प्रदेश के बरेली से आते हैं। यह प्रदेश अपनी समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर और राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रसिद्ध है। राज्यपाल ने कहा कि त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय जैसे पूर्वोत्तर राज्य हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता के प्रतीक हैं। उन्होंने त्रिपुरा के खारची और गरिया पूजा, मणिपुर के नृत्य रूपों और मेघालय की मातृसत्तात्मक परंपराओं का उल्लेख करते हुए इन्हें भारत की सांस्कृतिक विविधता की अनमोल धरोहर बताया।

राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी ने कहा कि राज भवन में एक भारत, श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत विभिन्न राज्यों का स्थापना दिवस समारोह मनाया जाता रहा है। विगत लगभग एक वर्ष से लोक सभा एवं विधान सभा चुनाव के कारण नहीं मनाया जा रहा था। इसी कड़ी में आज पुनः इस कार्यक्रम के तहत इन 4 राज्यों का स्थापना दिवस समारोह मनाया जा रहा है। उन्होंने सभी से अपने कर्मभूमि के विकास में सहयोग का आह्वान किया। उक्त अवसर पर मणिपुर, मेघालय एवं त्रिपुरा के राज्यपाल का विडियो संदेश का भी प्रसारण हुआ।

# केंद्र सरकार से मिली राशि का ससमय उपयोगिता प्रमाण पत्र दे : मुख्य सचिव

***स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट (एसएएससीआई) को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक***



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूंजी निवेश के लिए राज्यों को दी जानेवाली विशेष सहायता योजना के तहत झारखंड को मिली राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र केंद्र सरकार को ससमय देने का निर्देश मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सभी संबंधित विभागों के सचिवों को दिया है। उन्होंने कहा कि खर्च की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण ससमय देने से उस मद में बची राशि पर दावा मजबूत होगा। साथ ही वित्तीय अनुशासन के साथ ससमय योजना पूरी करने वाले राज्य के रूप में भी हमारी पहचान बनेगी। गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के तहत राज्यों को 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त कर्ज दिया जाता है। मुख्य सचिव शुक्रवार को स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट (एसएएससीआई) को लेकर संबंधित विभागों के सचिवों के साथ समीक्षा कर रही थीं।

समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव को बताया गया कि वित्तीय वर्ष, 2023-24 में झारखंड को केंद्र सरकार द्वारा 5255.14 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं, जिसमें से अभी तक 4580.62 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य द्वारा 4302 करोड़ रुपये का प्रस्ताव केंद्र सरकार को समर्पित किया गया है, जिसके विरुद्ध 2763 करोड़ रुपये के प्रस्ताव की स्वीकृति केंद्र सरकार ने दे दी है। उसी प्रस्ताव के तहत 1233 करोड़ रुपये की राशि झारखंड को मिल भी चुकी है। बताया गया कि इसके अतिरिक्त भी राज्य लगभग 1250 करोड़ रुपये का दावा एसएएससीआई के विभिन्न हिस्सों के लिए कर सकता है।

बताया गया कि अगर केंद्र सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य हुआ, तो एसएएससीआई के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 4600 करोड़ रुपये की अधिप्राप्ति केंद्र सरकार से संभावित है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि झारखंड में यूनिटी मॉल के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 162.94 करोड़ की स्वीकृति दी गयी है। उसके प्रथम किश्त के रूप में राज्य को 81.47 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं। अब उद्योग विभाग को प्राप्त राशि का 75 प्रतिशत खर्च करने का उपयोगिता प्रमाण पत्र देना है, उसके बाद ही इस मद की शेष राशि केंद्र सरकार से मिलेगी।

नेतरहाट, तिलैया एवं तेनूघाट डैम सौंदर्यीकरण के लिए 214.94 करोड़ रुपये का प्रस्ताव राज्य ने समर्पित किया है। तिलैया डैम के लिए केंद्र सरकार ने 34.87 करोड़ रुपये की स्वीकृति दे दी है।

बताया गया कि डैमों के सौंदर्यीकरण योजना के लिए केंद्र सरकार द्वारा कुछ जानकारी तलब की गई है, उसके लिए पर्यटन विभाग को तत्संबंधी कार्रवाई के लिए कहा गया है। वहीं वर्किंग वुमेन हॉस्टल निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा राज्य को 163 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके तहत झारखंड में कुल 8 हॉस्टल का निर्माण होना है। भारत सरकार ने दो हॉस्टल को लेकर कुछ जानकारी मांगी गई है, जिसे उद्योग विभाग को उपलब्ध कराना है।

समीक्षा के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि एसएनए स्पर्श के तहत राज्य सरकार केंद्र सरकार से 31 जनवरी 2025 तक 250 करोड़ रुपये का क्लेम कर सकती है। बताया गया कि अर्बन प्लानिंग रिफार्म के तहत भवन निर्माण नियम को युक्तिसंगत करने के लिए 30 करोड़ रुपये का दावा केंद्र सरकार से किया गया है। समीक्षा बैठक में वित्त सचिव प्रशांत कुमार, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल पुरवार, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन, परिवहन सचिव कृपानंद झा, खान सचिव जितेंद्र सिंह, भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**ओडिशा अव्वल, झारखंड...**

स्थिर राजकोषीय पथ का अनुसरण करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने उल्लेख किया कि एफएचआई राज्य-स्तरीय राजकोषीय प्रदर्शन को मापने के लिए एक व्यापक और व्यवस्थित दृष्टिकोण प्रदान करता है और व्यापक राजकोषीय रुझानों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, जिससे देश भर में राजकोषीय स्वास्थ्य की बेहतर समझ हो सके।

इस अवसर पर सुमन बेरी ने इस बात पर जोर दिया कि एफएचआई राजकोषीय समेकन प्राप्त करने, पारदर्शिता में सुधार करने और प्रभावी संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए एक रोडमैप प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा कि एफएचआई केवल एक रैंकिंग नहीं है, बल्कि राज्यों के राजकोषीय स्वास्थ्य का आकलन करने और उसके अनुसार सुधार करने के लिए डिजाइन किया गया एक उपकरण है।

बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एफएचआई रिपोर्ट नीति निमाताओं को सूचित निर्णय लेने में मदद करने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट राज्यों में राजकोषीय परिदृश्य की एक वस्तुनिष्ठ तस्वीर प्रदान करती है और राजकोषीय लचीलेपन को मजबूत करने और राज्यों के सतत आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि भी प्रदान करती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एफएचआई के निष्कर्ष भारत के ह्यविकसित भारत @2047ह्ल को प्राप्त करने के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप हैं, जहां राज्य स्तर पर राजकोषीय अनुशासन राष्ट्र के आर्थिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

डॉ विरमानी ने टीम को बधाई दी और इस बात पर प्रकाश डाला कि एफएचआई रिपोर्ट भारत के शासन ढांचे को मजबूत करने में सहकारी संघवाद की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र और राज्यों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने और समग्र आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने की कुंजी है।

**हर वर्ष 2 लाख से ज्यादा लोग...**

छोड़ रहे हैं। इसमें सबसे बड़ी वजहें हैं- विदेशों में काम के बेहतर अवसर, ज्यादा सैलरी, काम करने का अच्छा माहौल, पदोन्नति के अवसर, कंपनी लांच करने के बेहतर माहौल, नई कंपनी के लिए आसानी से फंड व अन्य सुविधाएं, उच्च शिक्षा का उच्च स्तर। भारत की अपेक्षा अपराध दर कम।

भारत में दोहरी नागरिकता न होकर एकल नागरिकता का होना। इन हालात में हर साल लगभग डेढ़ लाख भारतीय अपने देश की नागरिकता छोड़ रहे हैं। भारत की नागरिकता छोड़कर इन लोगों ने 135 देशों की नागरिकता हासिल की है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में रहने वाले लगभग 44 % भारतीय लोग नागरिकता छोड़ देते हैं। कनाडा व ऑस्ट्रेलिया में रह रहे 33 % भारतीय नागरिकता छोड़ देते हैं। इसका मतलब यह साफ है कि अमेरिका जाने वाले 44 % भारतीय बाद में वहां की नागरिकता हासिल कर वहीं बस जाते हैं। वहीं, कनाडा व ऑस्ट्रेलिया जाने वाले 33 % भारतीय भी ऐसा ही करते हैं। इसी तरह ब्रिटेन, सऊदी अरब, कुवैत, यूएई, कतर, सिंगापुर जैसे देशों में भी बड़ी संख्या में भारतीय लोग बस रहे हैं।

विदेशी नागरिकता पाने के बाद भारतीयों को अपना अंतिम भारतीय पासपोर्ट रद्द करने के लिए भारतीय वाणिज्य दूतावास को सौंपना होता है। वाणिज्य दूतावास इसे रद्द कर देगा और त्याग/समर्पण प्रमाण पत्र के साथ इसे वापस करता है। विदेशी नागरिकता प्राप्त करने के बाद किसी भारतीय मूल के व्यक्ति को त्याग प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए 3 वर्ष के भीतर यह प्रमाणपत्र हासिल कर लेना होगा। त्याग के लिए आवेदन करते समय आपके अमेरिकी पासपोर्ट की एक प्रति अनिवार्य दस्तावेजों में से एक होनी चाहिए। साथ ही, ऑनलाइन सरकारी आवेदन पत्र भरते समय आपको अपना अमेरिकी पासपोर्ट नंबर प्रदान करना आवश्यक है।

गृह मंत्रालय के मुताबिक साल 2021 में 1,63,370 लोगों ने भारत की नागरिकता छोड़ दी। संसद में पेश किए गए दस्तावेज में कहा गया था कि इन लोगों ने निजी वजहों से नागरिकता छोड़ी है। सबसे ज्यादा 78,284 लोगों ने अमेरिकी नागरिकता के लिए भारत की नागरिकता छोड़ी। इसके बाद 23,533 लोगों ने ऑस्ट्रेलिया और 21,597 लोगों ने कनाडा की नागरिकता ली। चीन में रह रहे 300 लोगों ने वहां की नागरिकता ले ली और 41 लोगों ने पाकिस्तान की नागरिकता हासिल कर ली। साल 2020 में नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या 85,256 थी और साल 2019 में 144,017 लोगों ने नागरिकता छोड़ी थी। साल 2015 से 2020 के बीच 8 लाख से ज्यादा लोगों ने नागरिकता छोड़ दी। वहीं, वर्ष 2020 में इन आंकड़ों में कमी देखने को मिली थी, इसकी वजह कोरोना माना जा रहा है।

गृह मंत्रालय के अनुसार, विदेश में 1.25 करोड़ भारतीय नागरिक रह रहे हैं, जिसमें 37 लाख लोग ओसीआई यानी ओवरसीज सिटीजनशिप ऑफ इंडिया कार्डधारक हैं। भारत में दोहरी नागरिकता का प्रावधान नहीं है। यदि आप किसी अन्य देश की नागरिकता चाहते हैं, तो आपको भारत की नागरिकता छोड़नी होगी। विदेश में बसे और वहां की नागरिकता ले चुके भारतीय लोगों के लिए एक खास तरह की सुविधा का नाम है ओसीआई-ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया। ओसीआई एक तरह से भारत में जीवन भर रहने, काम करने और सभी तरह के आर्थिक लेन-देन करने की सुविधा देता है, साथ ही ओसीआई धारक व्यक्ति जब चाहे बिना वीजा भारत आ सकता है। यह जीवन भर के लिए मान्य है। ओसीआई कार्ड के धारकों के पास भारतीय नागरिकों की तरह सभी अधिकार हैं, लेकिन वे यह पांच काम वे नहीं कर सकते हैं- चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। वोट नहीं डाल सकते हैं। सरकारी नौकरी नहीं पा सकते हैं। संवैधानिक पद पर नहीं हो सकते हैं। खेती वाली जमीन नहीं खरीद सकते हैं। विश्व के तमाम देशों में दोहरी नागरिकता की सुविधा है, लेकिन भारतीय नागरिकता कानून के मुताबिक यदि कोई व्यक्ति किसी अन्य देश की नागरिकता ले लेता है, तो उसे अपनी भारतीय नागरिकता छोड़नी पड़ती है। ऐसे लोगों की संख्या लाखों में है, जो अमेरिका, ब्रिटेन या कनाडा जैसे देशों की नागरिकता ले चुके हैं, लेकिन उनका भारत से जुड़ाव बना हुआ है। ऐसे ही लोगों की सुविधा का ख्याल करते हुए वर्ष 2003 में भारत सरकार पर्सन ऑफ इंडियन ओरिजिन कार्ड का प्रावधान किया। यह कार्ड पासपोर्ट की ही तरह दस साल के लिए जारी किया जाता था। 2015 में पीआईओ का प्रावधान खत्म कर दिया गया। अब बस ओसीआई कार्ड ही चलन में है। भारत का संविधान भारतीयों को दोहरी नागरिकता रखने की अनुमति नहीं देता है। इटली, आयरलैंड, पराग्वे, अर्जेंटीना जैसे देशों में दोहरी नागरिकता के प्रावधान हैं। इन देशों की नागरिकता आसानी से पाई जा सकती है। भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1955 के अनुसार नागरिकता प्राप्त की जा सकती है, लेकिन भारत के नागरिक रहते हुए आप दूसरे देश के नागरिक नहीं रह सकते हैं।

विदेश जाने वाले भारतीय छात्रों में से 60% से ज्यादा वापस भारत नहीं लौटते हैं। अमेरिका में बसे भारतीयों पर गहन अध्ययन करने वाले आर्थर डब्ल्यू हेलवेग के मुताबिक, भारत छोड़ने के पीछे धन सबसे बड़ा कारण है। हेलवेग के मुताबिक यूनिवर्सिटी की पढ़ाई, नौकरी, बच्चों के करियर और रिटायरमेंट जैसे विषयों पर विचार करने के बाद ही लोग भारत छोड़ते हैं। भारत में लेबर कॉस्ट प्रति घंटे लगभग 170 रुपए है, ब्रिटेन में 945 रुपए, अमेरिका में 596 रुपए है। इन देशों में लेबर लॉ का कड़ाई से पालन किया जाता है। इसलिए इन देशों में काम करना लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं। भारतीय छात्र विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए जाते हैं।

**वक्फ बिल की...**

जेपीसी की बैठक 27 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

बैठक के बाद टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल पर विपक्ष की बात न सुनने और कार्यवाही को मनमाने तरीके से चलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हमने बार-बार 30, 31 जनवरी को बैठक आयोजित करने का अनुरोध किया, लेकिन हमारी मांग नहीं सुनी गई। जब हम गुरुवार की रात दिल्ली पहुंचे, बैठक का विषय बदल दिया गया।

इस पूरे घटनाक्रम पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, विपक्ष और खासकर ओवैसी जी का मानना था कि जम्मू-कश्मीर का पूरा प्रतिनिधित्व नहीं सुना गया और चुने हुए प्रतिनिधियों को बुलाया जाना चाहिए था। मीरवाइज की बात सुनने के लिए जेपीसी अध्यक्ष ने क्लॉज बाई क्लॉज चर्चा करने के लिए बैठक स्थगित कर दी। आज विपक्ष की सोच उजागर हो गया है। यह संसदीय लोकतंत्र के खिलाफ है। विपक्ष बहुमत की आवाज का गला घोंटना चाहता है। अधिकतम सदस्यों ने 27 जनवरी को बैठक करने का सुझाव दिया है। 29 जनवरी को हम स्पीकर को रिपोर्ट सौंपेंगे। जब भी मैंने जेपीसी में बोलने के लिए माइक उठाया है, विपक्ष ने मेरी आवाज दबाने की कोशिश की।

वहीं, जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि हमने बैठक को दो बार स्थगित किया। कल्याण बनर्जी ने मेरे खिलाफ असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल किया और मुझे गाली दी, मैं उनसे अनुरोध करता रहा कि उन लोगों को बोलने दें, जिन्हें हमने आमंत्रित किया था। हमने बैठक को बार-बार स्थगित किया, लेकिन विपक्षी सांसद नहीं चाहते थे कि बैठक जारी रहे। जम्मू-कश्मीर से एक प्रतिनिधिमंडल आया था, लेकिन विपक्षी सांसद चिल्लाते और नारे लगाते रहे।

इससे पहले अक्टूबर में वक्फ बिल पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक के दौरान कल्याण बनर्जी और भाजपा के अभिजीत गंगोपाध्याय के बीच तीखी बहस हो गई थी। बनर्जी ने कांच की बोतल तोड़कर फेंकी थी, जिसमें वे खुद भी घायल हो गए थे।

**बहुमत की राय के आधार पर सरकार तय करे स्टैंड : गुलाम अहमद मीर**

**रांची।** कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक-2024 पर ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की बैठकों में बहुमत की जैसी राय सामने आती है, उसके आधार पर ही सरकार को कोई निर्णय लेना चाहिए। शुक्रवार को आईएएनएस से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इस मसले पर होने वाली बैठकों में सभी लोग अपनी-अपनी राय देंगे। इस मुद्दे पर व्यापक तौर पर रायशुमारी करनी चाहिए। राजनीतिक पार्टियों के अलावा व्यक्तिगत तौर पर भी लोग जेपीसी के सामने अपना पक्ष रखना चाहेंगे। अहमद ने कहा कि ऐसे में सभी की बातें सुनने के बाद सरकार को वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर कोई फैसला लेना चाहिए। यह कतई नहीं होना चाहिए कि बहुमत की राय को नजरअंदाज कर सरकार अपने हिसाब से अपनी बात पर अड़ी रहे। यह जम्हूरियत का तकाजा नहीं है।

## झारखंड में सरकारी रिक्त पद घोटाला हुआ : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड में एक अनोखा घोटाला सामने आया है। तरह-तरह के भ्रष्टाचार के लिए कुख्यात हेमंत सोरेन ने सरकारी विभागों के रिक्त पदों की संख्या में बड़ा घोटाला कर दिया है। कहा कि पिछले दो सालों में रिक्त पदों की संख्या 4.66 लाख से घटकर अब महज 1.59 लाख रह गई है। यानी बिना कोई परीक्षा कराए हेमंत सोरेन युवाओं के 2 लाख 7 हजार की नौकरी खा गई। कहा कि हेमंत सोरेन बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने के प्रति कितने गंभीर हैं, उसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बिना नियुक्ति दिए ही 2 लाख से अधिक रिक्त पद गायब हो गए। इस अनूठे घोटाला का जवाब ना तो हेमंत सोरेन के पास है, ना अधिकारियों के पास।

## कांग्रेस बताए अकेला को वापस पार्टी में लेने के लिए क्या डील हुई : प्रतुल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि कांग्रेस के प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को स्पष्ट करना चाहिए कि उमाशंकर अकेला को वापस पार्टी में शामिल करने में क्या डील हुई है? जब उमाशंकर अकेला का कांग्रेस ने बरही विधानसभा से पिछले चुनाव में टिकट काटा था, तो अकेला ने इन बड़े नेताओं पर सार्वजनिक रूप से आरोप लगाया था। अकेला ने 25 अक्टूबर, 2024 को कहा था कि कांग्रेस के प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को 2 करोड रुपए घूस नहीं देने के कारण उनका टिकट काटा गया। उस समय कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी ने कहा था कि उमाशंकर अकेला पर लीगल एक्शन होगा। बाद में उन्हें पूरे सम्मान के साथ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में पार्टी ने वापस शामिल कर लिया गया। ये वापसी कई प्रश्नों को जन्म देती है।

# कर्पूरी ठाकुर एवं अब्दुर रज्जाक अंसारी की जयंती मनाई गई



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री सह जननायक कर्पूरी ठाकुर एवं अब्दुर रज्जाक अंसारी की जयंती मनाई गई। मौके पर मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**
E-mail :- eengbcdlatehar-jhr@nic.in

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या–02/2024–25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **Dismantling and Salvage Value of Old Dilapidated Family Judge Quarters and Garage Cum Driver Residence for Proposed Construction of Family Judge Quarters at Latehar District.** के नीलामी हेतु मुहरबन्द लिफाफे द्वारा **दिनांक–31.01.2025 को 3:00 बजे अपराह्ण तक** इस कार्यालय में प्राप्त की जाएगी एवं उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में खोली जाएगी। नीलामी दाता/उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि यदि चाहे, तो उपस्थित रह सकते है।

| क्र० सं० | योजना का नाम | न्यूनतम सुरक्षित राशि | अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10 (दस) प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | Dismantling and Salvage Value of Old Dilapidated Family Judge Quarters and Garage Cum Driver Residence for Proposed Construction of Family Judge Quarters at Latehar District . | 13,458 =00 | 1400 =00 |

**नीलामी की शर्ते निम्नवत है:–**
1) नीलामी दाता को अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10(दस) प्रतिशत (न्यूनतम राशि) राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (आठवाँ निर्मम) या तीन/पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा पासबुक के रूप में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लातेहार के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त कराकर संलग्न करना होगा।
2) आदेश निर्गत होने के तीन दिनों के अन्दर उच्चतम नीलामी दाता को नीलामी की पूरी रकम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार के माध्यम से निर्गत बैंक ड्राफ्ट (जो भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा लातेहार में भुगतेय हो) के माध्यम से जमा कर देना होगा।
3) आदेश की तिथि से सात दिनों के अन्दर कचरा को स्थल से हटाकर स्थल को समतल कर देना होगा एवं इसके पश्चात् ही अग्रधन की राशि वापस की जाएगी।
4) बिना कारण बताए नीलामी रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
5) विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी/संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 345003 Building(24-25)#D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, MEDININAGAR**

e-Quotation No.- WRD/MID/MEDININAGAR/01/2024-25 ( 2nd Call )
SHORT NOTICE

Letter No:-19 Dated:- 24/01/2025

Rate through e-Quotations are invited for "Material" category annexed as (i) 10HP AC Solar pump VFD solar panel set Solar Pannel, **Steel**Structure supplying, installation & commissioning for Lift Irrigation Scheme from Manufacturer/Supplier having valid GSTIN for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under Minor Irrigation Division, Medininagar Government of Jharkhand to be used in different Pump Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in.

Details of work experience and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate including taxes for the Materials online from 03/02/2025 at 4.00 PM to 11/02/2025 at 3.00 PM. The technical envelope will be opened on 12/02/2025 at 4.00 PM.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under Minor Irrigation Division, Medininagar.

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Medininagar

PR.NO.345043 District(24-25):D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू**

भर्ती कैम्प सूचना

जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, पलामू के द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को नियोजनालय, पलामू के कार्य योजनाओं एवं गतिविधियों से संबंधित जागरूकता सेमिनार के आयोजन के साथ ही निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर सुगमता से प्रदान करने हेतु दिनांक 27/01/2025 दिन सोमवार को जिला नियोजनालय परिसर, डालटनगंज में 11:00 बजे (पूर्वा0) से 3:00 बजे (अप0) तक जागरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्न नियोजक के द्वारा उपस्थित रहने की सहमति जताई है :–

| S. No | Company Name | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification | Age | Salary: Net Pay after deduction | Salary: Other Allowance | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 | | 9 |
| 1 | Chaitanya India Fin Credit Pvt. Ltd. | CRE | 50 | 10th Pass | 18-30 | 12,770/- | PF, Rent Facility, Petrol Expenses | Palamu, Garhwa, Latehar |
| 2 | Barbeque Nation | GSA | 100 | 10th Pass | 18-28 | 10,000/- | 3 time food & Room provided by company | Pan India |

जगरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधारकार्ड, 2 पासपोर्ट साईज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा एवं <u>स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत)</u> के साथ जगरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लें। इस रिक्तियों के विरूद्ध भर्ती कैम्प के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। जगरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। कैम्प में Covid SOP का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

**नोट :–** रिक्ति से संबंधित विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
पलामू

PR.NO.345041 District(24-25):D

**झारखण्ड, सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रक्षेत्र),**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा**

पशुपालकों के लिए आम सूचना

पर्वू में विज्ञापन संख्या PR 341265 Agriculture, Animal Husbandry And Co-opretive Department (24-25)D के द्वारा 50 गाय/भैंस की कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना हेतु गढ़वा जिला के इच्छुक व्यक्ति/लघु उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वयं सहायता समूह के सदस्यों/प्रगतिशील पाशुपालकों को/सखी मंडल को वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2025–26 की अवधि अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में सरकारी अनुदान–सह–बैंक ऋण/लाभुक अंशदान (सामान्य जाति के लिए 25 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के लिए 33.33 प्रतिशत अनुदान) पर दो चरणों में कार्यान्वित किये जाने वाली कामधेनु डेयरी फॉर्मिंग योजना अन्तर्गत 50 दुधारू गाय/भैंस हेतु आवेदन पत्र प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों तक के लिये आमंत्रित किया गया था परंतु अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में अभी तक पर्याप्त आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। अतः आवेदन आमंत्रण की तिथि को दिनांकः– 03.02.2025 तक विस्तारित किया जाता है। शेष प्रावधान पूर्ववत्त है। आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा से कार्य दिवस में निःशुल्क प्राप्त किए जा सकता है। पूर्ण रूप से भरे हुए फोटोयुक्त आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, बैंक खाता एवं भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**योजना की विवरणी निम्नवत्त है :–**

| योजना का नाम | परियोजना लागत | लक्ष्य | अनुदान प्रतिशत | बैंक ऋण | लाभुक अंशदान 10% | लाभुक की अहर्तायें |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कामधेनु डेयरी फार्मिंग अन्तर्गत 50 (पचास) दुधारू गाय/भैंस की योजना | 3976250/– | 6 | 25% सामान्य जाति के लिए | 65% सामान्य जाति के लिए | 10% | इच्छुक व्यक्तिगत लघु उद्यमि/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वयं साहायता समूह के सदस्य/प्रगतिशील पशुपालक |
| | | 1 | 33.33% अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए | 56.67% अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए | 10% | |

नोटः– विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा में स्वयं आकर कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

निवेदक
जिला गव्य विकास पदाधिकारी,गढ़वा

PR 345031 Animal Husbandry(24-25).D

## झांकी में स्वदेशी हथियार प्रणालियों की दिखेगी झलक

# कर्तव्य पथ पर पहली बार दिखेगी तीनों सेनाओं की संयुक्त झांकी




### डीआरडीओ की प्रमुख उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया जाएगा

डीआरडीओ सतह से सतह पर मार करने वाली सामरिक मिसाइल प्रलय हथियार प्रणाली भी प्रदर्शित करेगा, जिसे अत्याधुनिक तकनीकों के साथ डिजाइन और विकसित किया गया है। परेड के दौरान डीआरडीओ में विकसित नाग मिसाइल सिस्टम, पिनाका, ब्रह्मोस, शॉर्ट स्पैन ब्रिजिंग सिस्टम 10 मीटर और आकाश हथियार प्रणाली प्रदर्शित की जाएंगी। डीआरडीओ की 2024 की प्रमुख उपलब्धियों को भी झांकी के पोस्टरों में प्रदर्शित किया जाएगा, इसमें लंबी दूरी की हाइपरसोनिक एंटी-शिप मिसाइल, हल्के वजन की बुलेट प्रूफ जैकेट 'अभेद', हल्का युद्धक टैंक जोरावर, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो और इलेक्ट्रो ऑप्टिक (श्येन) के साथ डोर्नियर का रडार के साथ मिड-लाइफ अपग्रेड शामिल हैं।

**नई दिल्ली (हि.स.)**

कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड के दौरान पहली बार तीनों सेनाओं की संयुक्त झांकी सशस्त्र बलों के बीच एकजुटता और एकीकरण की भावना को प्रदर्शित करेगी। 'सशक्त और सुरक्षित भारत' थीम के साथ झांकी में स्वदेशी अर्जुन मुख्य युद्धक टैंक, तेजस लड़ाकू विमान, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर, विध्वंसक आईएनएस विशाखापत्तनम और एक रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट के साथ युद्ध क्षेत्र का परिदृश्य दिखाया जाएगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस बार गणतंत्र दिवस परेड के दौरान देशवासियों के समक्ष संयुक्तता और एकीकरण की भावना को प्रदर्शित करने के लिए तीनों सेनाओं की संयुक्त झांकी दिखाई जाएगी।

- **इससे सशस्त्र बलों में संयुक्तता और एकीकरण का वैचारिक दृष्टिकोण प्रदर्शित होगा**

यह झांकी 'सशक्त और सुरक्षित भारत' की विषय-वस्तु के साथ सशस्त्र बलों में संयुक्तता व एकीकरण के वैचारिक दृष्टिकोण को प्रदर्शित करेगी। इस झांकी में तीनों सेनाओं के बीच नेटवर्किंग और संचार को सुविधाजनक बनाने वाले संयुक्त संचालन कक्ष को दर्शाया जाएगा। इसमें युद्ध क्षेत्र के परिदृश्यों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें जमीन, पानी और हवा में समकालिक ऑपरेशन को दिखाया जाएगा। झांकी में स्वदेशी अर्जुन मुख्य युद्धक टैंक, तेजस मार्क-2 लड़ाकू विमान, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर, विध्वंसक युद्धपोत आईएनएस विशाखापत्तनम की झलक देखने को मिलेगी। यह झांकी मुख्य रूप से बहु-डोमेन परिचालनों में तीनों सेनाओं की तालमेल को प्रदर्शित करेगी। ये प्लेटफॉर्म रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने के दृष्टिकोण का उदाहरण हैं। रक्षा मंत्रालय ने 2025 को 'परिवर्तन का वर्ष' घोषित किया है। समकालीन और भविष्य के संघर्षों में सशस्त्र बलों की लड़ाकू क्षमता को अधिकतम करने की दिशा में प्रमुख आधारशिला के रूप में पहचाना गया है। एकीकृत रक्षा कार्मिक मुख्यालय ने सुधारों को सही दिशा में ले जाने के लिए तीनों सेनाओं के बीच तालमेल की दिशा में केंद्रित पहल की है।

डीआरडीओ की झांकी गणतंत्र दिवस परेड के दौरान रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की झांकी का विषय 'रक्षा कवच- बहु-क्षेत्रीय खतरों के खिलाफ बहु-स्तरीय संरक्षण' होगा, जिसमें त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल, एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम, 155 मिमी/52 कैल एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम, ड्रोन का पता लगाना, रोकना और नष्ट करना, सैटेलाइट-आधारित निगरानी प्रणाली, मध्यम शक्ति रडार अरुध्रा, उन्नत हल्के वजन के टारपीडो, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली धर्मशक्ति, लेजरआधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार, बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली, स्वदेशी मानव रहित हवाई प्रणाली, सुरक्षा बलों के लिए वी/यूएचएफ मैनपैक सॉफ्टवेयर परिभाषित रेडियो, स्वदेशी सुरक्षित सैटेलाइट फोन और उग्रम असॉल्ट राइफल शामिल होंगे।

---

## अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 538 लोग गिरफ्तार

**वाशिंगटन (हि.स.)।** संयुक्त राज्य अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे दूसरे देशों के नागरिकों की धरपकड़ तेज हो गई है। कुछ दिन पहले देश की दूसरी बार बागडोर संभालने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कह चुके हैं कि देश में एक भी व्यक्ति को अवैध रूप से रहने नहीं दिया जाएगा। राष्ट्रपति की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि आज 538 अवैध आप्रवासी अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक्स पर लिखा है, 'आज ट्रंप प्रशासन ने एक संदिग्ध आतंकवादी ट्रेन डी अरागुआ गिरोह के चार सदस्यों और नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों के दोषी कई लोगों सहित 538 अवैध आप्रवासी अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

## महाराष्ट्र रेल हादसे में मृत सात नेपाली नागरिकों की हुई शिनाख्त

**काठमांडू (हि.स.)।** महाराष्ट्र के जलगांव में विगत 22 जनवरी को हुए रेल हादसे में मरने वाले नेपाली नागरिकों की संख्या सात पहुंच गई है। सभी मृतकों की पहचान हो गई है। अपने नागरिकों के शवों को स्वदेश लाने के लिए नेपाल सरकार दिल्ली स्थित नेपाली दूतावास के साथ समन्वय कर रही है। लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस के यात्रियों के ट्रेन से कूदने के बाद हुए हादसे का ये शिकार हुए हैं। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में सात नेपाली नागरिकों की मौत होने और उन सभी की पहचान होने की जानकारी दी है।

## बांग्लादेश में भूकंप, ढाका से म्यांमार तक हिली धरती

**ढाका (हि.स.)।** बांग्लादेश में गुरुवार-शुक्रवार की मध्य रात में आए भूकंप का असर पड़ोसी देश म्यांमार तक महसूस किया गया। राजधानी ढाका और बांग्लादेश के कुछ हिस्सों में लोगों ने देर रात 01:23 बजे भूकंप के झटके महसूस किए। इससे नागरिकों में दहशत फैल गई। संयुक्त राज्य भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, भारत के मणिपुर के वाजिन में हुई भूगर्भीय हलचल ने बांग्लादेश को अपनी चपेट में लिया। ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र के अनुसार, रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.1 रही। पृथ्वी पर इसकी गहराई 106 किलोमीटर रही। भूकंप के झटके पड़ोसी देश म्यांमार में भी महसूस किए गए। इससे पहले तीन और सात जनवरी को भी बांग्लादेश को भूकंप के झटकों का सामना करना पड़ा।

## जितेंद्र पाल होंगे इजरायल में भारत के नए राजदूत

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय विदेश सेवा के 2002 बैच के अधिकारी जितेंद्र पाल सिंह को इजरायल में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। वे वर्तमान में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे कार्यभार ग्रहण करेंगे। उल्लेखनीय है कि जेपी सिंह मंत्रालय में महत्वपूर्ण पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान डेस्क को संभालते थे।

## रेणुकास्वामी हत्या मामले में जमानत रद्द करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने रेणुकास्वामी हत्या मामले में अभिनेता दर्शन, पवित्र गौड़ा समेत सात आरोपितों को राहत दी है। जस्टिस जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली बेंच ने इन आरोपितों को मिली जमानत को रद्द करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपितों को मिली जमानत के खिलाफ दायर कर्नाटक सरकार की याचिका पर अभिनेता दर्शन समेत सभी आरोपितों को नोटिस जारी किया है।

---

**भविष्य की तैयारी**

### राजनाथ सिंह ने स्वचालित युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली को दिखाई हरी झंडी

# सेना की तीसरी आंख बनेगा 'संजय'

- **डाटा और नेटवर्क की दिशा में है बड़ी छलांग**
- **जमीनी व हवाई युद्ध क्षेत्र में होगी अहम भूमिका**

**नई दिल्ली (हि.स.)**

स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली 'संजय' भारतीय सेना के लिए तीसरी आंख का काम करेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को 'संजय' युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली को साउथ ब्लॉक से हरी झंडी दिखाई, जिससे इसके सेना में शामिल करने का रास्ता साफ हो गया है। अत्याधुनिक सेंसर और अत्याधुनिक एनालिटिक्स से लैस यह सिस्टम भूमि सीमाओं की निगरानी करेगा, घुसपैठ को रोकेगा, अद्वितीय सटीकता के साथ स्थितियों का आकलन करके खुफिया, निगरानी और टोही में अहम भूमिका निभाएगा।

स्वचालित युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली 'संजय' को भारतीय सेना और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। यह स्वचालित प्रणाली सभी जमीनी और हवाई युद्ध क्षेत्र की जानकारी सेंसर से एकीकृत करती है। उनकी सत्यता की पुष्टि कर दोहराव रोकने के साथ ही उन्हें सुरक्षित सेना डाटा नेटवर्क और सैटेलाइट संचार नेटवर्क पर युद्धक्षेत्र की निगरानी परिदृश्य बनाने के लिए संबद्ध करती है। इससे युद्धक्षेत्र की पारदर्शिता बढ़ेगी और केंद्रीकृत वेब एप्लिकेशन के माध्यम से भविष्य के युद्धक्षेत्र में बदलाव होगा, जो कमांड, सेना मुख्यालय और भारतीय सेना को निर्णय लेने में मदद करेगा।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह प्रणाली अत्याधुनिक सेंसर और अत्याधुनिक एनालिटिक्स से लैस है। यह सिस्टम भूमि सीमाओं की निगरानी करेगा, घुसपैठ को रोकेगा, अद्वितीय सटीकता के साथ स्थितियों का आकलन करने के साथ ही खुफिया, निगरानी और टोही में अहम भूमिका निभाएगा। यह सिस्टम कमांडरों को नेटवर्क केंद्रित वातावरण में पारंपरिक और उप-पारंपरिक दोनों तरह के ऑपरेशन में काम करने में सक्षम बनाएगा। इसका शामिल होना भारतीय सेना में डाटा और नेटवर्क केंद्रितता की दिशा में एक बड़ी छलांग होगी। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार, बीईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनोज जैन तथा रक्षा मंत्रालय और बीईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




### 2402 करोड़ की लागत से विकसित की गई है प्रणाली

मंत्रालय के अनुसार मार्च से अक्टूबर तक तीन चरणों में इन प्रणालियों को भारतीय सेना के सभी परिचालन ब्रिगेड, डिवीजनों और कोर में शामिल किया जाएगा, जिसे रक्षा मंत्रालय में 'सुधारों का वर्ष' घोषित किया गया है। 2,402 करोड़ रुपए की लागत से इस प्रणाली को विकसित किया गया है।

---

*अगर पूरे दस्तावेज नहीं हैं, तो भारतीयों को वापस लेने के लिए तैयार है देश*

## भारत अवैध प्रवासन के पूरी तरह खिलाफ : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली (हि.स.)**



- **कहा, बांग्लादेश सीमा पर फेंसिंग का उद्देश्य है अवैध गतिविधियों को रोकना**

भारत का कहना है कि देश अवैध प्रवासन के पूरी तरह से खिलाफ है। इसका एक कारण यह भी है कि इससे कई तरह के संगठित अपराध जुड़े हुए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत अवैध प्रवासन के पूरी तरह से खिलाफ है। भारतीय दुनिया में कहीं भी अगर समयावधि से अधिक रह रहे हैं या उनके पास पूरे दस्तावेज नहीं है, तो भारत उन्हें वापस लेने के लिए तैयार है। शर्त है कि उनके भारतीय नागरिक होने से जुड़े दस्तावेज हमें मुहैया कराए जाएं।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में ट्रंप प्रशासन के आने के बाद अमेरिका में अवैध प्रवासन को लेकर सख्ती की जा रही है। इसके अलावा, दिल्ली चुनाव के दौरान भी बांग्लादेश से भारत में हो रहे अवैध प्रवासन से जुड़ा मुद्दा राजनीतिक रंग लिए हुए है। बांग्लादेश की सीमा से लगते हिस्सों में बॉर्डर फेंसिंग किए जाने के प्रश्न के उत्तर में जायसवाल ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच में कई समझौते हुए हैं। सीमा क्षेत्र में फेंसिंग करने का भारत का उद्देश्य सीमा पार से चल रही अवैध गतिविधियों को रोकना है। भारत उम्मीद करता है कि बांग्लादेश सीमा को अपराध मुक्त करने में भारत के साथ वह सकारात्मक तौर पर सहयोग करेगा।

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच बढ़ती निकटता के प्रश्न पर जायसवाल ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि तीसरे देश के साथ किसी देश के संबंध से भारत का कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत पड़ोसी होने के नाते बांग्लादेश से एक मित्रतापूर्ण संबंध चाहता है।

वहीं, पाकिस्तान से जुड़े प्रश्न का उत्तर देते हुए जायसवाल ने कहा कि दुनिया जानती है कि आतंकवाद को दुनियाभर में प्रमोट कौन कर रहा है। भारत पर आरोप लगाना कि हम इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं।

---

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयरलैंड के पीएम बनने पर मार्टिन को दी बधाई

**नई दिल्ली (हि.स.)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को आयरलैंड के प्रधानमंत्री का पदभार ग्रहण करने पर माइकल मार्टिन को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, आयरलैंड के प्रधानमंत्री का पदभार ग्रहण करने पर माइकल मार्टिन को बधाई। हम साझा मूल्यों और लोगों के बीच गहरे जुड़ाव की मजबूत नींव पर आधारित हमारी द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग खारिज

**नई दिल्ली (हि.स.)**

दिल्ली हाईकोर्ट ने सीएजी रिपोर्ट पेश करने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग खारिज कर दी है। हालांकि, जस्टिस सचिन दत्ता की बेंच ने कहा कि दिल्ली सरकार की ओर से सीएजी रिपोर्ट पेश करने में काफी देर की गई। हाईकोर्ट ने 16 जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान विधानसभा के स्पीकर और दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील ने याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा पटल पर रखे जाने की कोई जल्दबाजी नहीं है, क्योंकि विधानसभा चुनाव जल्द ही होने वाले हैं। विधानसभा सचिवालय की ओर से कहा गया था कि विधानसभा का कार्यकाल फरवरी में खत्म हो रहा है और ऐसे में अभी सीएजी की रिपोर्ट पेश करने से कोई सार्थक जरूरत पूरी नहीं होगी।

## लंदन में फिल्म 'इमरजेंसी' पर हंगामा, स्क्रीनिंग रुकी

- **ब्रिटेन की संसद में गूंजा कंगना रनौत की फिल्म का मुद्दा**
- **सांसद बॉब ने कहा, बाधा डालने वाले 'आतंकवादी' हैं**

**लंदन (हि.स.)**

कंजरवेटिव सांसद बॉब ब्लैकमैन ने कहा कि ब्रिटेन में भारतीय अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' के प्रदर्शन पर बाधा डालने वाले 'आतंकवादी' हैं। उन्होंने गृह सचिव यवेटे कूपर से दखल देने का आग्रह किया है। ब्लैकमैन ने हाउस ऑफ कॉमंस (ब्रिटेन की संसद के निचले सदन) में कहा कि दर्शकों को शांति और सद्भाव के साथ फिल्म देखने के लिए कारगर उपाय किए जाएं। लंदन के समाचार पत्र 'द हेराल्ड' ने स्थानीय 'पीए न्यूज एजेंसी' की रिपोर्ट को उद्धृत करते हुए यह जानकारी दी।

'द हेराल्ड' की खबर के अनुसार, हैरो ईस्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद बॉब ब्लैकमैन ने कहा कि व्यू सिनेमा शृंखला के हैरो स्थित सिनेमा हाल में 'विवादास्पद' बॉलीवुड फिल्म 'इमरजेंसी' की स्क्रीनिंग में बाधा डालने वाले नकाबपोश प्रदर्शनकारी आतंकवादी हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने कुछ दोस्तों के साथ रविवार को टिकट खरीदकर हैरो व्यू सिनेमा में फिल्म इमरजेंसी की स्क्रीनिंग को देखने गए। करीब 30 से 40 मिनट बाद नकाबपोश खालिस्तानी आतंकवादी घुस आए। नकाबपोशों ने दर्शकों को धमकी दी और फिल्म का प्रदर्शन रोक देने को मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा ही वॉल्वरहैम्प्टन, बर्मिंघम, स्लो, स्टेंस और मैनचेस्टर में हुआ है। इसका नतीजा यह हुआ है कि व्यू सिनेमाज और सिने वर्ल्ड ने इस फिल्म का प्रदर्शन रोक दिया है। कंजरवेटिव सांसद बॉब ब्लैकमैन ने कहा कि वह फिल्म की गुणवत्ता या सामग्री पर टिप्पणी नहीं करना चाहते। फिल्म देखना दर्शकों का अधिकार है। उनके अधिकार की रक्षा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के दर्शकों को फिल्म देखने में दिक्कत न हो, इसके तत्काल उपाय किए जाएं। हाउस ऑफ कॉमंस नेता लुसी पॉवेल ने कहा, बॉब ब्लैकमैन ने महत्वपूर्ण मामला उठाया है। मैं निश्चित रूप से यह सुनिश्चित करूंगा कि उन्हें और पूरे सदन को यह जानकारी मिले कि सरकार ने इस दिशा में क्या कदम उठाए हैं। इस पर ब्लैकमैन ने सवाल किया कि क्या अगले हफ्ते गृह सचिव का बयान आ सकता है? हाउस ऑफ कॉमंस में मुद्दा उठने के बाद मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि सिनेमा हाल में घुसे लगभग 30 प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर दिया पर कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। 'द हेराल्ड' के अनुसार, 'इमरजेंसी' फिल्म 1975 से 1977 के मध्य के भारतीय कालखंड पर केंद्रित है। भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर राजनीतिक विरोधियों को जेल में डाल दिया। प्रेस की स्वतंत्रता पर रोक लगा दी गई।



### भारत ने ब्रिटेन के समक्ष उठाया व्यवधान का मुद्दा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** विदेश मंत्रालय ने फिल्म अभिनेत्री और लोकसभा सदस्य कंगना रनौत की चर्चित फिल्म 'इमरजेंसी' के प्रदर्शन पर ब्रिटेन के सिनेमाघरों में व्यवधान पैदा किए जाने के घटनाओं की निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने ब्रिटेन की सरकार से आग्रह किया है कि वे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएं। ब्रिटेन में भारतीय फिल्म 'इमरजेंसी' की स्क्रीनिंग को अवरुद्ध किए जाने के मुद्दे पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ब्रिटेन सरकार के साथ मुद्दा लगातार उठा रहा है। इसके अलावा, भारत विरोधी तत्वों की ओर से हिंसक प्रदर्शन के भी मुद्दे लगातार उठाए जा रहे हैं। हमारा मानना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर एकतरफा नजरिया नहीं होना चाहिए। गतिरोध पैदा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

---

### अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यकाल पर संविधान संशोधन प्रस्ताव पेश

# क्या तीसरी बार भी राष्ट्रपति बनना चाहते हैं डोनाल्ड ट्रंप!

- **एंडी ओगल्स ने अधिकतम तीन कार्यकाल के लिए चुने जाने का रखा प्रस्ताव**

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**



दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप क्या तीसरा कार्यकाल भी चाहते हैं। यह सवाल तब खड़ा हुआ, जब रिपब्लिकन हाउस के एक सदस्य ने अमेरिकी संविधान में संशोधन करने का एक प्रस्ताव पेश किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस सदस्य एंडी ओगल्स ने अमेरिका के संविधान में संशोधन के लिए सदन में संयुक्त प्रस्ताव पेश किया, ताकि राष्ट्रपति को अधिकतम तीन कार्यकाल के लिए चुना जा सके। ज्ञात हो कि अमेरिकी संविधान में 22वां संशोधन किसी को भी दो से अधिक कार्यकाल के लिए चुने जाने से रोकता है। ओगल्स ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि ट्रंप ने 'आधुनिक इतिहास में खुद को एकमात्र ऐसे व्यक्ति के रूप में साबित किया है, जो हमारे देश के पतन को रोकने और अमेरिका की महानता को दोबारा स्थापित करने के काबिल है, और उन्हें इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए आवश्यक समय दिया जाना चाहिए।

कांग्रेस सदस्य ने कहा, इस उद्देश्य से, मैं राष्ट्रपति पद के लिए 22वें संशोधन के जरिए लगाई गई सीमाओं को संशोधित करने के लिए संविधान में संशोधन का प्रस्ताव कर रहा हूं। यह संशोधन राष्ट्रपति ट्रंप को तीन कार्यकाल तक सेवा करने की अनुमति देगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि हमारे राष्ट्र को जिस साहसिक नेतृत्व की सख्त जरूरत है, उसे बनाए रख सकें। प्रस्ताव पेश करने वाले टेनेसी के सांसद ओगल्स ने एक बयान में कहा, यह जरूरी है कि हम राष्ट्रपति ट्रंप को बाइडेन प्रशासन के विनाशकारी प्रभावों को सुधारने के लिए आवश्यक हर संसाधन प्रदान करें। प्रस्तावित संशोधन में सुझाव दिया गया कि एक व्यक्ति को राष्ट्रपति के रूप में अधिकतम तीन कार्यकाल की अनुमति दी जानी चाहिए। हालांकि, इसमें यह भी कहा गया कि एक राष्ट्रपति जिसने लगातार दो कार्यकाल पूरे कर लिए हैं, उसे एक बार फिर से पद पर बने रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

### जल्द से जल्द पुतिन से मिलना चाहता हूं : ट्रंप

वाशिंगटन (आईएएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि वह यूक्रेन के साथ युद्ध को खत्म करने के लिए जल्द से जल्द रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलना चाहते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की युद्ध खत्म करने के लिए समझौते के लिए तैयार हैं। ट्रंप की यह टिप्पणी उनके पिछले बयान से काफी अलग है। ज्ञात हो कि इस हफ्ते की सप्ताह की शुरुआत में, उन्होंने धमकी थी कि अगर मॉस्को समझौता नहीं करता है तो वह रूस पर 'उच्च स्तर' के प्रतिबंध लगा देंगे और वहां से आयात पर शुल्क लगा देंगे।

### जन्मसिद्ध नागरिकता को सीमित करने वाले कार्यकारी आदेश पर अदालत ने लगाई रोक

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** एक फेडरल जज ने गुरुवार को संयुक्त राज्य अमेरिका में स्वत: जन्मसिद्ध नागरिकता के अधिकार को सीमित करने वाले कार्यकारी आदेश पर अस्थायी रोक लगा दी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल के पहले दिन यह एग्जीक्यूटिव ऑर्डर जारी किया था। जज ने इस आदेश को 'स्पष्ट रूप से असंवैधानिक' बताया। इस बीच, ट्रंप ने अदालत के आदेश पर कहा, 'जाहिर है कि हम अपील करेंगे।

## खालिदा को लंदन में अस्पताल से बेटे के घर शिफ्ट करने की तैयारी

**लंदन (हि.स.)**

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया को अस्पताल से उनके बेटे तारिक रहमान के लंदन स्थित किंग्स्टन निवास पर शिफ्ट किया जाएगा। उनके निजी चिकित्सक ने कहा कि वयोवृद्ध बेगम खालिदा जिया का इलाज अब तारिक रहमान के घर पर होगा। बेगम खालिदा इस समय द लंदन क्लिनिक में भर्ती हैं। बांग्लादेश के समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, बेगम खालिदा के निजी चिकित्सक और बीएनपी स्थायी समिति के सदस्य डॉ एजेडएम जाहिद हुसैन ने गुरुवार को स्थानीय समयानुसार रात करीब 10:30 बजे द लंदन क्लिनिक के सामने पत्रकारों से यह जानकारी साझा की।

## 'काशी तमिल संगमम' का तीसरा संस्करण वाराणसी में 15 फरवरी से

वाराणसी (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण की तैयारियां शुरू हो गई हैं। 15 से 24 फरवरी तक चलने वाले संगमम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को स्थानीय अफसरों के साथ केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अपर सचिव सुनील कुमार बरनवाल ने बैठक की। बैठक में वाराणसी के जिलाधिकारी ने पूर्व में हुए काशी-तमिल संगमम एक व दो के दौरान की गई तैयारियों तथा विभिन्न आयोजनों की विस्तृत जानकारी दी।